लाल०–अच्छा, तो अब जलदि करो! तीन बजे लौ रसोई बनकर तयार हो जानी चाहिये.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

माधो०-यदि दोही बजे तमाम रसोई बनजाय तो क्या इनाम देंगे ?

लाल०-शाबासी.

माधो०-यहतो मैं जानताही हूं कि "वणिकस्तुष्टो हस्ततालिं ददाति"

लाल०-नहीं नहीं ऐसा नहींहोगा. सेठसाहबसें इनामभी दिलवावेंगें घबराना नहीं काम अच्छा दिलचस्पीसें कियेजाओ.

माधो०-बहुत अच्छा.

गुलाबचंदजी (वकीलसाहबसे) सम्यक्त्व धारीयोंके यहां इतनी पोल !

वकी०-कैसे ?

गुला०-यह जलेबी बन रही है.

लाल०-(बीचहीमें)जलेबीका घोरन तो सुबह चार बजेकाहै!

गुला०-नहीं नहीं सबही बासी घोरन है और आधा तो पहलेका ही है.

वकी०-भाई अपने देशमें तो बासी और अभक्ष्यका कुछ ख्यालही नहीं ! नियमवालोंको चाहिये, कि कोईभी वस्तु विचारकर काममें लेवे. (इतनेमें सामनेसे इन्द्रमलजी आते है.)

इन्द्र०-(वकी० सा० से) आज क्या कोर्टमें तातील है वकील साहब !

वकी०-कोर्टमें तो तातील नहीं है, परंतु शेठ साहब के यहां आज कार्य होनेकी वजहसें रजा लेली है.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

इन्द्र०—आश्चर्य तो इस बातका है कि आप ३६५ दिनकी हाजरी देने वाले और आपने रजाली! (इस बीचमें सेठ साहब भी आ जाते है.)

सेठ०-(इन्द्रमलजीसे) क्यों साहब! क्या मसला है?

इन्द्र०—आजतो वकील साहबने खूब हिम्मत की है?

सेठ०—वकील साहब ऐसे भोले नहीं है कि जो खामो खॉाही रजा लेवे. इसके लिये मुझे पुरे एक कलाक तक वकील-साहबके सामने पेरवी करना पड़ीथी (वकील सा० सें) कहिये साहब! बरात के लिये अब आपका क्या कहना है?

वकी०—(सेठ०सा०से)बरातके लिये तो मैं क्षमा चाहता हूं

सेठ०—क्षमा वमा कुच्छ नहीं. बिना चले मुक्ति नहीं होगी! आप अपने बजाय पेरो कारिका जोभी इन्तजाम मुनासिब समझे कर लेवें.

लाल०-(सेठ सा०से) वकील साहबको तो कुंकुम परही भेजना चाहिये.

सेठ०-इतने दिन पहेलेसे वकील साहबको कष्ट देना उचित न होगा. इनको तो बरात ही मैं ले चलना ठीक है.

वकील-(सेठ सा० से) यदि आपका ऐसाही आग्रह है, तो मैं कुंकुम पर जा आउं?

सेठ०-ब शर्ते कि बरातके साथ आना कबूल हो. आपने अपने बचावकी युक्ति तो सुंदर ढुंढी, परंतु यहां पर चल नहीं सकती! आपको चाहियेकि आप अपनी पेरोकारीका इन्तजाम

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

कर लेवें (लालचंदजीसे) पुरूष्कारीका क्या इन्तजाम किया?

लाल०–सेवासमितिको आमंत्रण देदिया है. अब इसके लिये फिक्र करनेकी जरूरत नहीं रहती.

सेठ०–तीन बजने आये है सब थोडीही देरमें भोजन करनेवाले है. वास्ते समिति वालोंको तो जलदी आना चहिये.

लाल०–अभी आतेंही होगे (सामने देखकर) लिजीये साहब! प्रेसीडन्ट साहब तो आगये!

प्रेसी०–क्यों साहब! क्या है?

लाल०–सेठसाहब फरमाते है कि तीन बजने आये है और सेवासमितिवालें तो आये नहीं. मैं आपकी पेरवी करता था, इतनेमें तो आप पधारही गये.

प्रेसी०-दसपंदरहमिनीटमें तमाम वोलंटीयर हजिर होजावेंगे

सेठ०–(लालचंदजीसे) वोलंटीयरोंको सर्व प्रथम खानां खिला देना चाहिये.

प्रेसी०–(सेठ सा० से) वोलंटीयरोंको सर्व प्रथम खानां खिलानेकी कोई आवश्यकता नहीं है.

सेठ०–भोजनके लिये आनेवालोंकों कुछ वक्त लगेगा. सबब कि इन लोगोंकों निबटाही देना ठीक होगा इनके पत्तल 'स्थालीयां' लगवा दिये जावे (सेठ सा० के कहने मुआफिक इन्तजाम हो जाता है) आधे कलाकमें वोलंटीयर लोग अपना भोजन खतम कर देते है, और एकके बाद एक आकर प्रेसीडन्टके समक्ष आ उपस्थित होते है! प्रेसीडन्ट तमाम वोलंटी-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

यरोको दो विभागमें विभाजित कर देतें है, और उनमेंसे पुरू-ष्कारी किस प्रकार–और क्या क्या वस्तु परूसनेकी हिदायत कर एक विभागको स्त्रीयोंकी तरफ व दूसरेको पुरूषोंकी ओर परूसनेको रवाना करदेते है. महमान लोग भोजन करने आते है और वालंटीयर तहे दिलसें अपने फराजकी शर्तमें मशगुल हो पुरूष्कारी करते हैं. चारोंतरफ लड्डु–खुरमा–जलेबी–घेबरके परूसनेवालोंकी व मांगने वालोंकी आवाज गुंजायमान हो रही है. आगन्तुक लोग शाक, दाल और पकवानोंकी तारीफ करतें है.

एक०–लड्डु, साहब ! लड्डु.

एक०–जलेबी, गरमा गरम जलेबी.

एक०–खोपरापाक लिजीये.

एक०–खुरमा ! साहब खुरमा.

एक०–अजीसाहब ! घेबर ताजे घेबर.

एक०–गरमागरम भुजियें.

एक०–होठसे चोंट करे एसे सोंठ.

एक०–कचोरी गरमागरम.

एक०–सेव मसालेदार माल.

एक०–अंबोरीये, साहब ! अंबोरीये.

एक०–दार, चनेकी मसालेदार.

एक०–चवले, मजेदार चवले.

एक०–राईता, पाचक राईता.

एकगृहस्थ०–घेबर, ईधर लाओजी घेबर. (घेबरवाला आता है)

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

दूस०–अजी! जलेबीवालेको इधर भेज देना! (इतनेमें)

एक गृहस्थ०–(मन्नालालजीसें) देखिये साहब! आजके जेवनवारमें पीरसनेका तो निहायतही अच्छा इन्तजाम है!

मन्ना०–संपत्तिशालियोंके यहांभी इस प्रकार व्यवस्था न हो, तो और कहां होगी?

तीसरा०–इसमें गरीब और मालदारका तो कोई सवाल ही नहीं है! सेवासमितिवालोंका इन्तजाम है. यदि गरीब आदमीभी सेवासमितिवालोंको आमंत्रण देवे, तो ये लोग उसके वहां जाकरभी इसी प्रकार सेवा बजावेंगे. परसोंके दिन धनराजजीके यहां भी इन लोगोंने निहायतही अच्छा इन्तजाम कियाथा! (इतनेमें)

एक०–तरावट माल, जलेबी लीजिये जलेबी.

एक०–राईता द्राखका राईता पाचक राईता.

एक०–खोपरापाक चाहिये–साहब! क्या खोपरापाक?

जब सब महानुभाव भोजन कर चुकते है, तब सेठ सा० प्रेसीडेन्ट सेवासमितिको बुलाकर कार्यकर्ताओंकी तारीफ करते है. प्रेसीडेन्ट सा० कों सेवासमिति के तमाम मेम्बरोंके साथ बरातमें चलनेके लिये आग्रह करते है.

प्रेसी०–(सेठ सा० से) यहतो आपको विहित है कि––समितिमें अधिकांश लोग व्यापारी है. अलावा इसके इस वक्त घरघरमें शादियां हो रही है. समितिके जो मेम्बरगण आपके रिश्तेदार है, वेतो आवेंगे ही. दिगरके लिये मैं उन्हे एकत्रित

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

कर आपका निमंत्रण उनतक पहुचा दूंगा.

सेठ०-प्रेसीडन्ट साहब! मेरा इरादा है कि-समितिके फंडमें इस ब्याहकी खुशीमें कुछ भेट दूं!

प्रेसी०-जैसी सेठसाहबकी आज्ञा. समिति तो आपहीकी है, और इसे निबाहना भी आपहीका कार्य है.

सेठ०-तो मैं रु. ५०१ समितिको भेट करता हुं. (इस बीचमें इंद्रमलजी पासही खड़े हुवे ये तमाम बातचीत सुन रहे थे, अपनी शांतिका भंग करते हुवे)

इन्द्र०-सेठ साहब! आपके सें लोग जो ५७ हजार रूपे शादीमें खर्च करना चाहते है, तवायफें ही जिनके यहांसे पांच-हजार कीनोलीये बांध जावेगी उनके यहांसे सेवासमिति जैसी उच्च आदर्श संस्थाको रूपे ५०१ भेंट तो शोभा नहीं देती है.

सेठ०-(प्रेसीडेंट की तरफ देखकर) इस वक्त तो आप मेरी इस तुच्छ भेंटको स्वीकार कीजिये, शादी खत्म होनेपर मैं और आपकी सेवा बजाउँगा.

प्रेसीडेंट व वालंटीयर लोग रवाना हो जाते है. सेठसा-हबभी भोजनगृहसें मय तमाम महमानोंके अपने मंडपग्रहमें आजाते है.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

पंचम किरण.

(स्थान-इन्द्रपुरशहरका रेल्वे स्टेशन)

प्रातःकालके आठ बजनेको आये है स्टेशनपर तांगो गाडियों व मोटर वालोंका तांता लगा हुआ है. शहरसे दना दन मुसाफिर आरहे है. कई मुसाफिर, मुसाफिर खानेमें खडे खड़े मुसाफिर खानेको प्लेट फार्मसे जुदा करने वाले लोहेके सीखचोंमेंसे प्लेट फार्मकी ओर गाड़ीके आनेकी राह निहाल रहे है. शहरकी तरफसें आने वाली टमटमों कों दोडमें मात करती हुई बिजलीकेसे वेगवाली चाकलेट रंगकी एक बढ़िया नवीन मोटर आकर स्टेशन मास्तरकी ओफीसके सामने रूकी, मोटरसें एक हृष्ट पुष्ट बदनका (सिरपर मालवी पघड़ी बांधेहुए और गलेमें दुपट्टा डाले हुए) व्यक्ति उतरकर स्टेशनमास्टरके कमरेमें दाखिल हो गया. ओफीस के बाहरी कमरेंमें बैठे हुए कारकुनने तुरंत अंदरके कमरेमें दाखिल हो, स्टेशनमास्टरको इत्तला दी कि सेठ चंपालालजी आयेहै, आपसे मिलना चाहतेहै.

मास्टर०-उन्हे अंदर भेजदो! (सेठ० चंपा०अंदर जातेहै)

स्टेशनमा०-आईये शेठ साहब! तशरीफ रखिये. कहिये मिजाज तो अच्छा है ?

सेठ०-आपकी महरबानी सें सब ही अच्छा है. स्पेशीअलके आनेमें कितनी देर है ?

मास्टर०-दस बजके पिचप्पन मिनिटको आवेंगी.

सेठ०-इतनी देरीसे आनेका कारण? कल जो तार हमें

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

मिला उसमें तो स्पेशीअलके यहाँ पहुँचनेका वक्त आठ बजकर वीस मिनिटका दियाथा.

मास्टर०—दर असल आनेका मुकरर वक्ततो यहीथा, परंतु फ्रन्टीअर मेल, लेट होजानेकी वजहसे स्पेशीअलभी लेट है (इस बीच मनसुखरायजी आजाते है)

सेठ०—मनसुखरायजी ! कहो ! कहो ! क्यों आयेहो ?

मन०—स्पेशीअलके आने का ठीक वक्त दर्याफ्त करनेकों आया हूं.

सेठ०—स्पेशीअलतो ग्यारा बजहके करीब आवेगी.

मन०—वहतो आठ बीसको आनेवाली थी न ?

सेठ०—किसी खास बजहसे लेट है.

मन०—तो बरातियोंके भोजनका क्या इन्तजाम किया जावेगा? क्योंकि बरातियोंको शहरमें पहुँचते २ एक बज जायगी.

सेठ०—मेरा खयालतो यह है कि भोजनकी तमाम सामग्री यहीं स्टेशन पर ही मंगवाली जा, और तमाम बरातियोंकों यहीं भोजन करवा दिया जावे.

मन०—कची रसोई यहाँ कैसे मंगवाई जासकेगी ?

सेठ०—सचमुच यहभी एक कठीन समस्या है ! अच्छा, तो ऐसा करो कि शहरकी तमाम मोटरबसों कों बुलवाली जावे, और तमाम बरातियोंको उनमें बिठलाकर भोजनगृहपर ले जाया जावे, और भोजन करवाकर शीघ्र ही उन्हें वापिस स्टेशनपर ले आया जावे.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

मन०–सेठ साहब! अगर हुकम फरमावें तो मेरी भी राय जाहिर कर दूँ.

सेठ०–कहिये।

मन०–बराती लोग गांवमें जाकर वापिस स्टेशन आवेंगे, इसमें प्रथम तो जुलूस निकलनेमें देरी होगी. दूसरी बात यह है कि–इस वैसाखकी कड़ी धूपमें बराती घबरा जावेंगे, इस लिये बेहत्तर तो यह होगा कि–यहीं मीठाई वगैरा पक्की रसोई मंगवाली जावे–ताकि गाड़ीसे उतरतेही बरातियोंको भोजन करा दिया जावे. और बिना विलंबही जुलूस चालूभी करदिया जावे.

सेठ०–परंतु जो कच्ची रसोई शहरमें बनी है, उसका क्या होगा?

मन०–गरीबोंको खिलवा दी जावे. कारण शेठसाहबके घर, शादी है और इसकी याद गरीब भी कैसे रखेंगे!

सेठ०–(कुछ बिचारकर) अच्छा, जैसा ठीक समझो वैसा ही शीघ्र इन्तजाम करो! (मनसुखरायजी जाते है और कुछ देर बाद नथमलजी आते है.)

सेठ०–(नथमलजीसे) जुलूसका क्या इन्तजाम किया?

नथ०–अपना हाथी–बग्घीये–घोडे-और मोटरोंके अलावा सरकारी हाथी–घोडे व. बग्घीयें व. नकारा, निशानभी हाजीर है. अलावा २० पुलीस और २० वर्दीवाले जवानभी तैयार है. सिर्फ स्पेशीअल आनेकी इन्तजारी है. ग्यारा बजनेके करीबघंटीकी पाँच आवाज होती है. इतनेमें स्पेशीअल ट्रेन धडाधड़

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

करती हुई स्टेशनके प्लेट फॉर्मपर आ रूकती है. कुली, कुली- की आवाजके साथ, बराती गाडीके डिब्बोंसें नीचे उतरतें है. कई दनादन अपने बिस्तर, डिब्बोंकी खिड़कियों बाहर डालते है. इस प्रकार तमाम बराती प्लेट फार्मसें निकलकर मुसाफिर- खानेमें आडटतें है, इधर दुल्हनकी तरफ बरातके स्वागतको आये हुए लोग भी वहीं एकत्रित हो जातें है. एक मेलासा हो गया है! स्वागत करनेवाले बरातियोंकों स्टेशनके पासमें खडे किये गये शामयानेमें चताकर भोजनकी आरजू करते है. एकके बाद एक-कुछ आगे, कुछ पीछे-इस प्रकार करके बराती लोग शामयानेमें आ पहुँचते है. बरातियोंका भोजन शुरू होता है. भोजन खत्म होतेही बरातियोंके असबाबको तांगे व मोटरोंमें डाला जा रहा है. बरातियोंको मोटरों व तांगोमें बैठ जानेको कहा जा रहा है. सब बराती, यानारूढ़ हो जाते है. जुलूसकी जमावट बा जाप्ता हो जातेही. नक्कारेकी आवजके साथ जुलूस शहरकी तर्फ प्रस्थान करता है. जुलूममें हाथी-घोडों बग्धीयों और मोटरोंकी एक बड़ी कतार बंध गई है! इस प्रकार बाजे गाजेके पूरे ठाठके साथ जुलूम शहरमें प्रवेश करता है.

षष्ठम किरण.

(स्थान-इन्द्रपुरशहरकी एक भव्य हवेली)

शहरके मध्यके भव्य बाजारमें एक अलीशान इमारत बनीहुई है. इसमें कुंवरसाहब सौभाग्यमलजीकी बरातमें आये

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

हुए चन्द बरातियोंका उतारा है. इमारतकी रमणीयता और भव्यताके साथ खसकी लटकती हुई टट्टीयों और बीजलीके पंखोंसे यहांकी तमाम गरमी काफुर हो गई हो, ऐसा मालूम होता है. उनाहलेकी दुपहरीमेंभी यहां माहफाल्गुनके दिनोंका आभास होता है. इस इमारत के एक कमरेमें वकील साहब मोहनलालजी लैटे हुए कुछ पुस्तक पढ़ रहे है. और गुलाबचंदजी और वृद्धिचंदजी परस्पर बात कर रहे है.

गुला०—शेठ चंपालालजीने कल बरातका जुलूस तो बहुतही अच्छा निकाला ! हाथी, घोड़े, नक्कारा, निशान, चार-चार घोड़ेकी बग्धीयें दोदो घोड़ेकी बग्धीयें मोटर और तांगे वगेराभी बहुत ही थे.

वृद्धि०—आजकलके पैसेवालोंका पैसा शादी नुकता (मौसर) और मकान आदिमें ही खर्च होता है. न कि ज्ञाति उद्धार समाज उद्धार या कोइ धार्मिक कार्यमें ! (इतनेमें हँसमुखराय जी चार नोकरोंके हाथमें टोकनीयोंमें कुछ सामन लिये वहां आ पहुचते है. और वकील साहबको सामनेसे देख व्यंगपूर्वक दर्शाफित करते है.)

हँस०—क्या मुझे अन्दर आनेकी इजाजत मिलेंगी ?

वकी०—आपके लिये और इजाजत ?

गुला०—आईये तशरीफ लाईये

हँस०—आपके यहां कितने व्यक्तियोंका उतारा है ?

गुला०—ग्यारह.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

हँस०-सबहीके लिये पान शरबतका सामान आप एक साथही लेवेंगें, या अलाहिदा२ देना होगा ?

वृद्धि०-शरीक ही रख दीजियेगा. (हँसमुखरायजी-भंग, बदामें, पिस्ते, इलायची, शरबतका मसाला और सक्कर, पान सुफारी वगैरा वस्तुऐं रखतें हैं.)

हँस०-(वकीलसा० सें) आप दुल्हे दुल्हनको पहुचानेकी रश्ममें शरीक नहीं हुवे ?

वकी०-स्नात्र पढानेमें देरी हो गईथी. (हँसमुखरायजी जाते है.)

गुला०-(वकील सा० से) इन्द्रमलजीको आज बुलवाकर अपनी चर्चा चलानेकी है !

वकी० बुलानेका काम मेरा नहीं है, उनकी इच्छा होतो आवें.

वृद्धि०-उनको तो मैं ले आउंगा. (इतनेमें इन्द्रमलजी भी वहीं आजाते है.)

वकी०-आईये ! आईये ! !

इन्द्र०-जी, हां. कहिये क्या हुक्म होता है ?

वकी०-बैठीये. (इन्द्र० बैठते है.)

गुला०-(इन्द्र० से) दुल्हनके पिताने हस्तमोचन (दहेज) में अच्छा खासा जेवर दिया है.

इन्द्र०-हां दसेंकहजार करीब होगा. इसके अलावा रत्नपुर स्टेशनसें रत्नपुर पहुचने तकका तमाम खर्चाभी यही देवेंगे. सेठजीका तो एक पैसेकाभी खर्चा नहीं होनेका और शेठजीको

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

उन्होने यहभी कहलाया है कि–बरातके तमाम लोगोंको खबर दे देवें कि–जिन २ को जो जो वस्तु चाहिये वो तमाम उनके वहांसे मंगवा ली जावे ! और यहभी सुना है कि पहरामणीमें प्रत्येक बरातीको कमसे कम २०–२५ रूपेका शिरोपाव देवेंगे !

गुला०–अब तो आपको फुरसद ही होगा. आज उस-दिनकी तिथिचर्चाकी रही हुई अधुरी बात पूरी की जावे तो क्या हरकत है ?

इन्द्र०–कोई हरकत नहीं, चलाइये.

गुला०–तो कहिये तिथिकी क्षयवृद्धि होती है या नहीं ?

इन्द्र०–होती है होती है और (बहुत जोरसे) होती ...है.

वकी०–तिथिसे आप सामान्य तिथि न समझें. यहां जो तिथि शब्दका प्रयोग किया जाता है, उसमें २–५–८–११–१४ पुनम और अमावसहीका समावेश है.

इन्द्र०–तो पर्वतिथि ऐसा कहो.

वकी०–जीहां यही मतलब.

इन्द्र०–बहुत अच्छा. (वकीलसा० तत्त्वतरंगिणी हाथमें लेकर इन्द्रमलजीको देते है. इन्द्रमलजी उसे अलग रखकर, पर्वतिथि प्रकाश नामक पुस्तक वकीलजीको देते है.)

वकी०–यह क्या है ?

इन्द्र०–यह तत्त्वतरंगिणीका भाषांतर है. इसीको आप देखिये, जिससे साबीत हो जायगा कि तिथियोंकी क्षय वृद्धि की प्रवृत्ति नई है.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वकी०-मुझे इसे पढ़नेकी आवश्यकता नहीं है; क्योंकि इसके अंदर तो जंबुविजयजीने बहुतही उलटपुलट लिखदिया है.

इन्द्र०-यहतो आपका समझ फेर है, क्योंकि भाषांतर कर्त्ता ग्रंथकार व० टीकाकारसें विरुद्ध कभी नहीं जा सकता.

वकी०-अलबत्ता आप खुद संस्कृतके अभ्यासी है. और जंबुवि०ने कितना गलत भाषांतर किया है यहतो मैं आपहीके मुँहसे कबूल करवाउँगा, लेकिन पर्वतिथियोंकी क्षयवृद्धि नहीं करना यह प्रथा चालीस पचास वर्षसें जैनसमाजमें प्रविष्ट हुई है, इस बातका पुरावा आप इस पुस्तकमेंसें बतलाईयेः (इन्द्रमलजी पर्वतिथिप्रकाश नामक पुस्तकके पृष्ठ उलेटतें है. बीचमें)

मगनीरामजी०-अजी साहब! ऐसी चर्चामें क्या धरा है? ऐसी चर्चामें सागरजी माहाराज जैसें समर्थभी खड़े नहीं रहे. तो अब आप इस झगड़ेका निष्कर्ष अजही निकाल डालोगे क्या? नहीं नहीं हरगिज नहीं.

गुला०-क्या बोलते हो! सागरजी माहाराज खड़े नहीं रहे कि रामवि० मा० बुखारका बहाना करके सो गये? अर्थात् श्रीमान् सागरानंदसूरीश्वरजी मा० ने तो ज्योंही जीवाभाइका तार मिला. कि उसी रोज जामनगरसें विहार किया, और जहां श्रीसागरानंदसूरीश्वरजीके विहारका तार मिला कि रामवि० को तो १०५ डिक्री बुखार हो आया! और आचार्य महाराज, ने जामनगरसें विहार किया वेतो सामने खड़े ही नहीं रहे और पुनाके उपाश्रयसे नीचेही नहीं उतरनेवाले राम-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वि० चर्चामें खड़े रहेथे! वाहजी!! वाह!!! आपकी बुद्धि कोभी धन्य है.

सं. १९९६ के महा और फाल्गुन मासमेंभी श्रीपालीताणामें श्रीसागरजी महाराजके साधुओंने श्रीजंबुवि० को शास्त्रार्थका निमंत्रण दियाथा, तबभी एक मर्तबा तो चुपचाप विहार कर गये व, दूसरीबार आये जबभी ऊनको चर्चाके लीये चेलेंज दी. तब कुछ पत्रव्यवहार किया, उसमेंभी जहां शास्त्रार्थका मोका आया तबभी वही पलायन यह बात तो जगजाहिर ही है. तिथिचर्चामें पलायनका पहला नंबर रामवि० का और दूसरा तीसरा नंबर जं० वि० का प्रसिद्धही है. (इतनेमें)

वकी०-(इन्द्र० से) आपने वह पुरावा निकाला या नहीं?

इन्द्र०-नहीं साहब! मेरा दिमागतो इधर उलझ रहाथा. अब देखताहूं. (पुस्तकके पंने इधर उधर लोटाते है)

बुद्धि०-(वकील सा० से) येतो खामोखाँही पन्ने उलेटते है, आपतो तत्त्वतरंगिणी लेकर जं० वि० ने जोभी कुछ उलटपुलट लिखा है, वही दिखलाईये. (इतनेमें)

पन्नालालजी०-इनको इसवक्त वह प्रकरण ख्यालमें नहीं आया होगा, इसीसे पन्ने उलेटते है. ये चाहे पन्ने फिरावें या न फिरावें लेकिन श्रीमान् रामचंद्रसूरिजीने बम्बईके लालबाग में व्याख्यानके अंदर सभामध्य फरमायाथा कि-पर्वतिथिकी क्षयवृद्धि नहीं मानना, यह मान्यता चालीस पचास वर्षहीकी है.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वृद्धि०—(इन्द्र०से) पन्नेकी बात आनेसे पन्नालालजीकी जबानभी खुल पड़ी है.

पन्ना०—आप चाहे जैसा समझ लीजिये.

गुला०—(वकील सा०से) अच्छा. आपतो अपनी बात ही चलने दीजिये. (वकील साहब तत्त्वतरंगिणी लेकर शुरूआत करते है ! तत्त्वतरंगिणी पृष्ट ३ निकालकर इन्द्र०को देते हुवे.)

वकी०—मैं पहली तीन गाथाओकी बाततो हालमें बंदही रखता हूं आप यह चोथी गाथा पढ़ीये.

इन्द्र०—बहुत अच्छा. (पढते है.)

तिहीवाए पुव्वतिहि, अहिआए उत्तरा य गहिअव्वा।
हीणंपि पक्खियं पुण न पमाणं पुण्णिमा दिवसे ॥४॥

वकी०—इसका अर्थभी तो कीजिये.

इन्द्र०—तिथिका क्षय हो तब पूर्व तिथि. और वृद्धि हो तब उत्तर (दूसरी) तिथि ग्रहण करना क्षय होनेवाली चौदश, पुनमके दिन प्रमाण नहीं है. (इतनेमें)

ऋषभचंदजी०—देखिये ! देखिये !! साहब ! यह. तत्त्व-तरंगिणीसें ही साबीत हुवा कि चौदशका क्षय होता है.

वकी०—आप उतावल न कीजिये. ग्रंथ कारतो लौकिक पंचांगकी अपेक्षासे बोलतें है, नकि जैन मंतव्यसे. (इंद्र० से) अच्छा, अब आप इसकी टीका वांचते जाईये और अर्थभी कहते जाईये.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

एन्द्र०-(पढ़ते है) "तिहिवाए" तिथिपाते तिथिक्षये पूर्वैव तिथिर्ग्राह्या, अधिकायां च वृद्धौ चोत्तरैव ग्राह्या, उपादेयेत्यर्थः अर्थः-तिथिके क्षयमें पहली तिथिही ग्रहण करना और वृद्धिमें दूसरी तिथिही ग्रहण करना. यदुक्तं—

क्षये पूर्वातिथिर्ग्राह्या वृद्धौ ग्राह्या तथोत्तरा।
श्रीमद्वीरस्य निर्वाणं ज्ञेयं लोकानुसारतः ॥ १ ॥

अर्थः- कहा है कि-क्षयमें पहली तिथि ग्रहण करना वृद्धिमें दूसरी तिथि ग्रहण करना श्रीमान् वीरप्रभुका निर्वाण (दीपालिका) तो लोकानुसारसें जानना.

" एतच्च आवयोरपि सम्मतमेव "

अर्थः-यहतो तुम और हम दोनोहीको मान्य है. " अथैवमङ्गीकृत्यापि कश्चिद् भ्रांत्या स्वमतिमांद्याच्चाष्टम्यादि तिथिक्षये सप्तम्यादिरूपा प्राचीनातिथिः चतुर्दशी क्षये चोत्तरा पंचदशी ग्राह्येत्येवं रुपमर्धजरतीयन्यायमनुसरति, तमेवाधिकृत्योत्तरार्द्धमाह." अर्थः-इस प्रकार मंजुर करकेभी कोई, भ्रान्तिसें या मतिकी मंदतासें अष्टमी वगैरह तिथिक्षयमें पहली तिथि और चतुर्दशीके क्षयमें पिछली (बादकी) तिथि-पूर्णिमाको ग्रहण करने रुप अर्धजरतीय न्यायको अनुसरता है, उसीके लिये उत्तरार्ध गाथासें कहते है कि—"क्षीणमपि पाक्षिकं चतुर्दशी लक्षणं पूर्णिमायां प्रमाणं न कार्यं, तत्र तद्भोगगंधस्याप्यसंभावात्, किन्तु त्रयोदश्यामेवेत्यर्थः दृष्टान्तनिबद्धा युक्तयश्चात्र पुरो वक्ष्यन्ते इति" अर्थः क्षय ऐसी चतुर्दशी पूर्णिमांके अंदर प्रमाण नहीं

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

करना पूर्णिमाके अंदर चतुर्दशीके भोगकी गंधका भी असंभव होनेसें, परंतु त्रयोदशीहीमें चतुर्दशी करना. इस संबंधि युक्तियें आगे इसी ग्रंथमें ही दिखलाई जावेगी. " नन्वौदयिक तिथि-स्वीकारान्यतिथितिरस्कारप्रवणयोरावयोः कथं त्रयोदश्या अपि चतुर्दशीत्वेन स्वीकारो युक्त इति चेत्" अर्थ–अब यहां वादी-की शंकाका समाधान करते है कि. औदयिक तिथि स्वीकार अन्यतिथि तिरस्कारमें तत्पर ऐसे तुम हम दोनोको त्रयोदशी-कोभी चतुर्दशी पने स्वीकार करना कैसे युक्त है? ऐसा जो तूं कहता होतो " सत्यं, तत्र त्रयोदशीति व्यपदेशस्याप्यसं-भवात्, किंतु प्रायश्चित्तादि विधौ चतुर्दश्येवेति व्यपदिश्य मा-नत्वात्. यदुक्तं—" अर्थः–वादीको जबाब देते है कि. तेरा कहना ठीक है, लेकिन वहांतो त्रयोदशीके व्यवहारका (नाम लेनेका)भी असंभव है, किंतु प्रायश्चित्तादि विधिके अंदर चतु-र्दशीका ही व्यवहार है! (इतनेमें)

वकी०–(पर्वतिथिप्रकाश नामक पुस्तक इन्द्रमलजीको देते हुवे) लीजिये साहब! आपके पूज्यश्रीने अर्थ लिखा है उसको आपके कहे हुवे अर्थके साथ मुकाबला कीजिये और

---

१ पाठक! यहां वादीभी त्रयोदशीको चतुर्दशी पने कहता है हो! यहां पर त्रयोदशी चतुर्दशीको शरीक नहीं कहता है! इससेभी साबीत होता है कि यह मान्यता नई, व शास्त्र विरूद्धही है.

२ पाठक! देखना हो! शास्त्रकारतो खुलम खुला फरमाते है कि त्रयोदशीकातो व्यवहारभी नहीं है और इसी बातको सिद्ध करनेके लिये फिरभी कहतें है कि धार्मिक क्रियामें तो चतुर्दशीही है.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

सत्यासत्यका निर्णय कीजिये.

इन्द्र०-(पुस्तक खोलकर पृ. १६ गा. ४ का भाषांतर पढ़ते है) "ज्यारे आराधवानी तिथि पड़ी होय त्यारे तेनी आराधना माटे तेनाथी पूर्वनीज उदय तिथि ग्रहण करवी अने अधिक होय तो पछीनीज उदयतिथि ग्रहण करवी. जेमके आठमनो क्षय होयतो सातम जे उदयतिथि छे ते ग्रहण करी-ने आठम आराधवी, जो आठम वधेली होय तो बीजी आठमें आठम आराधवी.

वकी०-बस यहांही रूकिये, और इन दोनोंका मुकाबला कर लीजिये.

इन्द्र०-इसमें मुकाबला क्या करना है ? जो अर्थ श्रीजंबु-विजयजीने किताबमें लिखा है वह बराबरही है.

वकी०-तत्त्वतरंगिणीका अर्थ सुनाते वक्त "आराधनेकी तिथि" ऐसा आपने सुनायाथा क्या ? और दोवक्त उदयतिथि ऐसाभी आपने सुनायाथा क्या ? "आराधनाके लिये" भी आपने सुनायाथा क्या ? ग्रहण करके आराधना, ऐसाभी सुना-याथा क्या ? (अन्य लोगोंकी ओर देखते हुवे) आप लोगोंने भी उपरोक्त शब्द सुनेथे क्या ?

सबही०-नहीं ! नहीं !! नहीं !!!

इन्द्र०-यहतो अध्याहार लिये है.

वकी०-कर्त्ता-कर्म-क्रिया विशेषण और प्रयोजनादि जो हैं उनमेंसे अध्याहार क्या क्या लिया जाता है ? सो कहिये.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

इन्द्र०-सबही अध्याहार लिया जाता है. श्रीमान् उपाध्यायजीमाहाराज, कि जो व्याकरण शास्त्रके निष्णात है और उन्होने ही अध्याहार लिया है बस यह प्रमाणभी मौजुद है.

वकी०-यह कोई पुरावा (प्रमाण) नहीं है; जिसको जंबुवि०ने अपनी तरफसे बढा दिया है ऐसा हम कहते है उसीको आप पुरावेमें पेश करते हो यह युक्ति संगत है? (इस बीचमें)

सितारामजी०-देखो भाई! हमतो वैष्णव है. तुमारी बातें तो हमारी समझमें नहीं आती लेकिन जो आपलोगोंको उचित मालूम हो तो मेरी राय यह है कि-अपने साथ बरातमें पंडित नंदकिशोरजी आये है उन्हे इस चर्चाका निर्णय देनेको पंच बनाये जाय तो अच्छा होगा; क्योंकि प्रत्येक व्यक्तिका स्वाभाविक तौरपर अपनी बातकी पुष्टि करना स्वाभाविक है. दो व्यक्तिके वादविवादका सत्यासत्य निर्णय तीसराही ठीक तौर पर करसकता है. (इतना कह सबकी ओर देखते है.)

सबही०-एक साथ, 'एमाही होना चाहिये.'

वकी०-(इन्द्र० से) नंदकीशोरजीको मध्यस्थ बनानेमें आपको कोई एतराज है?

इन्द्र०-(कुछ बिचारकर) जीहाँ. मुझे उन्हे मध्यस्थ बनाना कबूल है.

गुला०-अच्छा, तो अब नंदकिशोरजीको बुलवाना चाहिये.

वृद्धि०-मैं बुलवाकर लिवालाता हु (बुलवानेको बाहर जाते है, और द्वारतक जा वापिस लौटकर चले आते है.)

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

मग०–अजी वाह ! तुम वापिस क्यों चले आये ?

बृद्धि०–पंडितजीको लेकर वापिस आया हुं, न कि–यौही.

मग०–वाह यहभी अजीब दिल्लगी !

बृद्धि०–(द्वारकी ओर हाथ करके) देखिये पंडितजी सिर्फ नहीं आये है लेकिन साथमें कुंवरसाहबकोभी लाये है !

गुला०–आ....हा....हा ! (कुंवरसा० से) आजतो आपने बड़ी कृपा की !

सोभा०–इसमें कृपा काहेकी है ? आप लोगोंकी खबर जो लेनीथी.

मग०–बस बस साहब ! साफही क्यो नहीं कह देते है कि–बहनोईजी साहबकी खबर लेने आये हो ?

सोभा०–यौंही समझ लीजियेगा.

गुला०–(पंडितजीसें)आपतो ज्ञानीकी तरह 'आपकी यहां याद हो रही हैं' यह जानकर अचानक ही आ उपस्थित हुए लगतें हो !

पंडि०–क्यों क्या बात है ?

गुला०–यहां वादविवाद जो जारी है, उसमें आपको मध्यस्थ बनाया गया है.

पंडि०–कैसा वादविवाद और क्या बात ? मैंतो कुछभी नहीं जानता.

गुला०–वकील साहब ! और इन्द्रमलजी साहब ! आपको तमाम वककियत दे देवेंगे.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

पंडि०—क्यों वकीलसाहब ! यह क्या मामला है ?

वकी०—बात ऐसी है कि—हमारे जैनसमाजमें असलसे यह मान्यता चली आती है कि २-५-८-११-१४ अमावास्या और पूर्णिमा इन तिथियोंका (धार्मिक आराधनाके कार्यमें) क्षयभी नहीं होता और वृद्धिभी नहीं होती. दूसरी बात यह है कि जैनज्योतिषकी गणनानुसारतो क्षय मात्र छ तिथियोंका, सारेवर्षमें होता है और वृद्धितो कोईभी तिथिकी नहीं ही होती है. इस जैनज्योतिषकी गणत्रीवाला पंचांग अब संपूर्ण नहीं होनेसें लौकिक पंचांग चंडांशुचंडुसेंही काम चलता है.

लौकिक पंचांगमें तो तिथियोंका क्षयभी ज्यादे आता है और क्षयके साथ वृद्धिभी आती है अब यहां बात ऐसी है कि लौकिक पंचांगमें पर्वतिथियोंका क्षय और वृद्धि आवे तब जैनसमाजने धर्मक्रिया किस तिथिको करना ? विना तिथिसें तो आराधना होती ही नहीं. अब पर्वतिथिकी वृद्धि हो तब दोनों ही की आराधना करना, और क्षय हो तब उसकी आराधनाकोभी उसके साथ साथ लोप देना या कैसे करना ? इसका निराकरणके लिये पूर्व महापूरूषोंने शास्त्रानुसार नियम बनायें है कि-क्षय हो तब पूर्वतिथिको क्षय पने मानना और वृद्धिमें उत्तरतिथिको उस तिथि पने मानना. इस मुताबिक सं. १९९३ तक समस्त जैन आलम मानतीथी. श्रीरामवि० नेभी प्रवचन पत्र वर्ष ६ अंक १२-१३-१४ पृ. १७७ में इस बातको मंजुर भी की है. अब उसी बातको उलटाकर यहां रामविजय-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

जीका ऐसा कहना है कि-क्षय हो तब पूर्वतिथिको कायम रखना और पूर्वतिथिमें क्षय तिथिकी आराधना की. ऐसा बोलना अगर दोनो तिथियोंको शामिल बोलना; न कि पूर्वतिथिका क्षय करना. और वृद्धिहो तब दोनो तिथिको तिथिही मानना, और आराधना दूसरीमें करना; न कि दोनोमेंसे एक तिथि मुकरर करना (इन्द्र० से) क्यों साहब ! यही बात है न ?

इन्द्र०-हां यही है.

वकी०-(पंडितजीसे) अब रामविजयजी अपनी इस नई बातकी सिद्धिके लिये औरभी कहते है कि-यह पूर्वतिथिका क्षय और वृद्धिकी प्रवृत्ति जैनसमाजमें; करीब चालीस वर्षसे प्रविष्ट हुई है. तब हमारा कहना है कि सेंकडो वर्षोसें यह प्रथा चलती है. इसके पुरावेमें रा०वि० 'तत्त्वतरंगिणी नामक शास्त्रका स्व-मतानुसार जंबुवि०विरचित भाषांतरको पेश करते है, तो हमारा कहना है कि तत्त्व० का अर्थ रामविजयजी गलत करते है. यहां इन्द्रमलजी साहब, कहते है कि-वे सत्यार्थ करते है. बस हमारी चर्चा भी यही और आजके वादविवादका विषय भी यही है. इस विषयको स्पष्ट करनेवाला यह तत्त्वतरंगिणी नामक ग्रंथ मेरे पास मोजुद है. और रामवि० के गुरु भाई जंबुवि० ने इसका भाषान्तर जो (गुजरातिमें) किया है, वह पुस्तकभी यहां मोजुद है (दोनोही पंडितजीको देते है और पहले होया हुआ वादविवादके साथ इन्द्रमलजीका कीयाहुआ अर्थ सुनादेते है. बाद पर्वतिथिप्रकाश पृ. १६ निकालकर पंडितजीको दिखाते

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

है. और इन्द्रमलजी की ओर इशारा कर कहते है.) कहिये पंडितजी ! इन्द्रमलजी साहब, कहते है कि "ज्यारे आराधवानी उदयतिथि" 'सातम जे उदय तिथि छे ते ग्रहण करीने आराधवी' "आराधना माटे" वगैरह वाक्य जो जंबुवि० ने भाषान्तरमें लिखे है यहतो अध्याहार लिया है, यह वास्तविक है क्या ? उपरोक्त वाक्य अध्यायार लिये जा सकते है ? (इतना सुनकर पंडितजी तत्त्वतरंगिणीको पढ़ते है बाद पर्वतिथिप्रकाशको पढ़ते है, पढ़कर)

पंडि०-ऐसा तो अध्याहार नहीं लिया जाताः क्योंकि-भाषांतरसे मतलब सिर्फ भाषाकी तब्दिलीसे है. न कि विचारोंकी तब्दिलीसे ! अच्छा. आप जब मुझे मध्यस्थ बनानेको तय्यार है, तो आपमें वादी कोन और प्रतिवादी कोन यहतो बतलाईये?

वकी०-इन्द्रमलजी तो वादी और मैं प्रतिवादी. (इन्द्रमलजीसे) अच्छा. अब आप आगेको पढ़ीये !

इन्द्र०-(पर्वतिथिप्रकाश पृ. २१ खोलकर पढ़ते है) 'उपर मुजब पर्व तिथिओनी क्षयवृद्धि होवाथी मुलगाथाना पूर्वार्धमां तिथि पड़ी होय तो पूर्वनीज तिथि ग्रहण करवी. अने वधी होयतो उत्तरनी एटले बीजीज सूर्योदयनी तिथि ग्रहण करवी. श्रीवीरप्रभुनुं निर्वाण कल्याणक लोकने अनुसारे जाणवुं अर्थात् लोक करे ते दीवाली."

वकी०-(इन्द्र० से) कहिये ! अब आपही कहिये कि आप जो अर्थ कह गये है ओर जंबुवि० ने जो अर्थ लिखा है

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वह समान है या इसमें व उसमें कुच्छ अन्तर है?

इन्द्र०–यहतो लेखक और वक्ताओंकी प्रणाली होती है कि पूर्वापरका संबंध मिलानेके लिये कुछ पीष्टपेषणभी करते है!

वकी०–ऐसेतो जंबुवि० ने जितना मनमें आया उतना हीं मोटे टाईपोंमें शास्त्र विरुद्ध बहुत पीस डाला है; लेकिन उस पुस्तकमें सूक्ष्म हरफोंका लिखान है वह तो जंबुवि० ने ग्रंथकारका ही बतलाया है ऐसा दिखलाकर उसमें न्युनाधिकताकी है!

गुला०–(वकीलसा० से) यदि जंबुवि० सच्चे होते तो टीकाको उपर लिखकर नीचे अर्थ लिखते. टीका नहीं लिखी इससेभी साबीत होता है कि नियत साफ नहीं है.

वकी०–यदि ग्रंथ गौरवके भयसें टीका नहीं लिखी ऐसा बचाव करतें है तो कुछ हर्ज नहीं लेकिन टीकाके नामसे इधर तिधरका लिख देना यहतो अनुचित ही है.

पंना०–(वकी० सा० से) बड़े अक्षरोंमें उपाध्यायजीने शास्त्र विरुद्ध क्या लिखा है? कुछ दिखलाओगे भी सही या मनमें आया वह बोलदिया?

वकी०–मनमें कभी ऐसा वैसा आता ही नहीं कि जो ऐसा वैसा बोल दिया जाय. और जैसा होवे वैसा बोलना यहतो जंबुवि० सम्यग्दृष्टिका धर्म मनाते हैं, आपको खात्री न होतो दिखिये पर्वतिथिप्रकाश पृ. १९ पंक्ति नौवींसें: उन्होंने साफ लीखा है कि "जे वस्तु जेवी होय तेने तेवी कहेवी तेतो सम्यग्दृष्टिनो खास धर्म छे" अबतो अंधेको अंधा कहना, काणेको

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

काणा कहना, लंगड़ेको लंगड़ा कहना यदि कोई व्यभिचारी हो तो उसे व्यभीचारी कहना यही सम्यग्दृष्टिका धर्म है. और अंधेको अंधा, काणेको काणा, लंगड़ेको लंगडा और व्यभिचारी को व्यभीचारी न कहे तो मिथ्यादृष्टि ! क्यों साहब ! पंना-लालजी ! श्रीजंबुवि० की धन्यबुद्धिमें ऐसाही होता हैं न ? (पंडितजीसें) आपके शास्त्रमेंभी क्या यही बात दर्ज है, कि अंधेको अंधा कहकर पुकारना ?

पंडि०—साहब ! हमारे शास्त्रमेंतो ऐसा नहीं है.

वकी०—पन्नालालजी साहब ! आपसे मुझे दर्याफ्त करना है कि—इस चंडां शुं चंडुको आप सत्य मानते हो या झूठ ?

पन्ना०—हमतो इसे सत्य मानते है.

वकी०—अच्छा तो इसमें बतलाई हुई चैत्रमासादिकोंकी वृद्धि सत्य है न ?

पन्ना०—हां सत्यही है.

वकी०—जब जैनशास्त्रकारोंका यह फरमाना है कि आषाढ़ और पौष महिनोंके सिवाय अन्य कोईभी मास बढ़ता नहीं है तबतो यह बात असत्यही रही न ?

पन्ना०—नहीं ऐसा नहीं जैनपंचांग की अविद्यमानता होनेसे अन्यपंचांगकी अपेक्षासें यह बात सत्य है.

वकी०—अच्छा तब जैन शास्त्रानुसार तो आषाढ़ और पौष मासके सिवाय अन्य महिनाओंकी वृद्धि नहीं होते हुवे अन्य महिनोंकीभी वृद्धि मानने व बोलनेवाले जंबुवि० को सम्यग्-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

दृष्टि कैसे समझना और कहना? क्योंकि वे खुद ही लिखते है कि " जे वस्तु जेवी होय तेने तेवी कहेवी ते तो सम्यग्-दृष्टिनो खास धर्म छे"

पंना०-आपका कहना ठीक है; लेकिन लौकिक व्यवहार से चैत्रादि मासोंकी वृद्धि माननेमें कोईभी हर्ज नहीं है.

वकी०-जब पूर्वाचार्यमाहाराज, लौकिक पंचांगमें जिस पर्व तिथिकी वृद्धि हो तब उससे पूर्व तिथिकि वृद्धि मानना और क्षय हो तब उससे पूर्व तिथिका क्षय मनना ऐसा फरमाते है, तो फिर उसी बातको माननेंमें हर्ज है क्या? कि जिससे श्रीजंबुवि० ने "जे वस्तु जेवी" की बातको लाकर रखदी है.

वृद्धि०-यहतो जंबुशास्त्रका पाठ है. लेकिन जैनशास्त्रोका फरमान तो ऐसा है कि काणेको काणा, नपुंसकको नपुंसक चोरको चोर आदि कहना ही नहीं! देखिये श्री दशवैकालीक अध्ययन सातवां, और उद्देसा दूसरा.

वकी०-पन्नालालजी साहब! जंबुवि० की सच्चाइ(?) का एक नमुनातो आपने देखलिया है, औरभी दूसरा दिखाउं क्या!

पन्ना०-(मुँहबिगाडकर) जाने देओजी! आपके साथ बोलनाभी पाप है; आप अपने जो करते हो वह किये जाईये.

वकी०-बहुत अच्छा. (इंद्रमलजीसे) अब आप आगे पढ़ीये.

इन्द्र०-(पर्वतिथिप्रकाश पृ. २२ निकालकर पढ़ते है.) "आ नियमने कबूल राखवा छतां पण जे कोई एम माने छे के अष्टम्यादि तिथिनो क्षय होय त्यारे तो सप्तम्यादि पूर्वतिथि

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

लेवी, पण चउदशनो क्षय होय त्यारे पुनम लेवी" तेनी (एम-माननारनी) मनोभ्रान्ति दुर करवा माटे उत्तरार्द्धद्वारा शास्त्रकार कहे छे के हीन एटले क्षीण थयेलुं पण पाक्षीक एटले चउदशी पर्व पूर्णिमामां करवुं प्रमाणभूत नथी, कारण के पूर्णिमाना दिवसे चतुर्दशीना भोगनी गंध सरखी पण नथी किंतु तेरसना दिवसेज करवुं प्रमाणभूत छे. आ विषेनी दृष्टान्तवाली युक्तियों आगल आज ग्रंथमां कहीशुं.

वकी०-बस अब आप मुकाबला कीजिये. 'अंगीकृत्य' शब्दका अर्थ आपने कहाथा 'मंजुर करके.' और आपके गुरूवर्य कहते है 'कबुल राखवा छतां' (पंडितजीकी ओर देखकर) कहिये पंडितजी ! यबंत अव्ययका अर्थ सति सप्तमी होता है क्या ?

पंडि०-नहीं होता.

वकी०-"कश्चिद् भ्रान्त्या" का अर्थ आपने क्या किया और आपके पूज्यश्रीने क्या किया ? और "स्वमति मांद्यात् अर्द्धजरतीय न्यायं" वाक्यके अर्थ कों तो ॐ स्वाहाः अच्छा. अब आगे पढीयें.

इन्द्र०-(पर्व. प्र० पृ. २२ नीचेसें) वादी, अहीं ग्रंथकार सामें शंका उठावे छे के—औदयिक तिथिनो स्वीकार अन्य तिथिनो तिरस्कार करवामां आपणे बन्ने छीए तो तेरसनो चौदश रूपे स्वीकार करवो शी रीते योग्य छे ? पृ. २३-ग्रंथकार एने समाधान आपे छे के-'तारूं कहेवुं ठीक छे परंतु प्रायश्चित्तादि विधिमां तेरसने चौदश एवुं नाम आपेलुं होवाथी

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

त्यां तेरस एवा नामनो पण असंभव छे' कह्युं छे के-(इतनेमें)

वकी०—अब आप देखिये कि, शंकाके अंदर तेरसके साथ रहे हुवे 'अपि' शब्द के अर्थ कों तो देशनिकाल दे दिया है. 'ठीक' शब्दके साथ 'परंतु' को जोड़ा है' तो "सत्यं किं तु" ऐसा मूलमें है क्या? "प्रायश्चित्तादि विधिमें तेरसको चौदश ऐसा नाम दिया हुवा होनेसे" ऐसा आपकें पूज्यजीने अर्थ लिखा है तो टीकाकारने "प्रायश्चित्तादि विधौ त्रयोदश्याः चतुर्दशीत्यभिधानमर्पितत्वात्" ऐसा उपरोक्त पाठका उपयोग किया है?

इन्द्र०-ऐसा पाठ तो नहीं है किंतु वहां तो ऐसा लिखा है कि-"चतुर्दश्येवेति व्यपदिश्यमानत्वात्" अर्थ 'चतुर्दशीही' इस प्रकार व्यवहार होनेसें.

वकी०-इसमें हेतु और साध्यकोभी आपके गुरूजीने दिखाया नहीं है! खेर आगे पढ़ीये.

इन्द्र०-(तत्त्वतरंगिणी लेकर पढ़ते है) संवच्छर चाउमासे पक्खे अट्ठाहिआसुयतिहिसु ताउ पमाणं भणीया जाओ सुरो उदयमेइ ॥१॥ अह जइ कह वि न लब्भन्ति ताओ सूरुग्गमेण जुत्ताओ ता अवरविद्ध अवरावि हुज्ज नहु पुव्व तव्विद्धा ॥२॥

अर्थः—संवत्सरी चौमासी पक्खी और तीनो अट्ठाहीयोकी तिथि, वही ग्रहण करना कि-जिसमें सूर्य उदय हुवा हो. यदि सूर्योदयवाली तिथि नहीं मिले तो दूसरीसें विंधाई हुई दूसरीभी होती है. लेकिन उससें विंधाई हुई पहली तो होती ही नहीं है.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

पंडि०-इन गाथाओंका अर्थ ठीक तौरसे कहो.

वकी०-इसका भावार्थ यह हे कि-जब सूर्योदयवाली चौमासी चतुर्दशी आदि तिथियें न मिले तब क्या करना? उसके लिये कहते है कि-यदि किसी प्रकार सूर्योदय वाली चौमासी, चतुर्दशी वगैरह तिथियें न मिले, तब दूसरी तिथिसें विद्ध अर्थात् क्षीणचतुर्दशीसे मिली हुई जो तिथि वह चतुर्दशी बनती है. ऐसी चतुर्दशी भी चतुर्दशी होती है, लेकिन पूर्वके नामवाली (१३) तो होती ही नहीं है.

इन्द्र०-पूर्वके नामवाली तो होती ही नहीं है ऐसा कह-करतो आपने यह निश्चित करदिया कि चतुर्दशीही होती है और दूसरी तरफ आप बोलतें है कि चतुर्दशीभी होती है इस 'भी' शब्दसें तो साबीत हुवा कि उसरोज त्रयोदशी है.

वकी०-'चतुर्दशी भी' यह शब्द नहीं, किंतु 'त्रयोदशी भी' ऐसा कहो; और इस 'भी' शब्दसें जो त्रयोदशी कहतें है वह प्रायश्चित्तादि विधिमेंतो नहींही समझना. क्योंकि उसमेंतो "नहु पुव्वतव्विद्धा-तद्विद्धा पूर्वानैव" इस वाक्यसें त्रयोदशीतो नहीं ही होती है, ऐसा ही कहते है. अब रहा 'अपि' शब्द उससे तो मुहूर्तादि विशेष कारणोंमें त्रयोदशीभी गिनी जाती है, ऐसा फरमाते है. इस अपि शब्दका तो वादीभी यही अर्थ मान्यकर शंका करता है आप आगे पढीये.

इन्द्र०-देखिये! उपाध्यायजी जंबुवि० माहाराजके पास जो हस्तलिखित प्रति है, उसमें इन गाथाओंकी जो टीका है

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

उससे साफ जाहिर होता है कि–चतुर्दशी भी होती है! फीर 'त्रयोदशी भी' ऐसा क्यों समझाया जाता है?

वकी०–आप, टीका–निर्युक्ति–पंजिका–कारीका वगैरहके लक्षण जानते हो? कि लकीरके फकीर बनके बैठे हो? कहिये ये दोनो गाथाएं ग्रन्थकारने अपना पक्ष, जो 'त्रयोदशीका तो नामही नहीं लेना' इसकी पुष्टीमें साक्षी तरीके ही दीहेन?

इन्द्र०–बेशक साक्षी तरीके ही दी है.

वकी०–अब यहां बिचार करीये कि—जंबुविजयजीका किया हुवा अर्थ और मान्यता कुच्छभी संगत होती है? इनकी मान्यतानुसार तो ग्रन्थकार अपनेही पुरावेसें अपनी बातको कमजोर बनाते है ऐसा सिद्ध होता है! यह कभी बनता है कि ग्रन्थकार, पहले तो कहगये कि "चतुर्दश्येव" और उस कथनकी साक्षीमें लिख देवे कि 'चौदशभी' ऐसे लेखक तो जंबुविजयजी एक ही है! जंबुविजयजीके माफक श्रीमान् धर्मसागरजी माहाराजकोभी एवकार और अपि शब्दकी तारतम्यता व अर्थका कुछ ख्याल ही नहीं था क्या? खेदकी बात है कि स्वमताग्रहमें फसे हुए जंबुवि० झुटे अर्थ करके पूर्वाचार्योंकोंभी दोषित दिखानेमें अपनी महत्ता मानते है! जंबुवि० लिखते है कि—'इन दो गाथाओंकी यह टीका है.' इससे तो मुझे कहना ही होगा कि–जंबुवि० को टीकादि किसे कहना इसकाभी ज्ञान नहीं है! दर असल बात यह है कि टीकाकार महाशय मूल ग्रन्थकी ही टीका करतें है न कि उस टीकाकी

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

साक्षीमें दिये हुवे पाठकी हां इतनी बात अवश्य है कि साक्षीमें दिये हुए पाठमें यदि कोई कठीन शब्द होतो उसका पर्यायवाची अन्य शब्द रख देते है—वहतो यहां है नहीं! इसीसे साबीत होता है कि जंबुवि० के पासकी जुनि प्रतिमें जो साक्षी गाथाकी टीका है वह टीका टीकाकारकीतो हे ही नहीं.

दूसरी बात यह है कि परमगीतार्थवर्य शासन-शिरताज श्रीमान् धर्मसागरजी माहाराजकी कृतिके साथ इस कृतिको मिलान कीजिये! क्या यह कृति उनकी कृतिके साथ मिलती है? नहीं! हरगिज नहीं!!

तीसरी बात यह है कि ये दो गाथायें कठीन होनेसे टीकाकारने इन गाथाओंकी व्याख्या की हो तो यहभी असंगत ही है क्योकि इसमें पूर्वगाथाकोंतो सुगम करके टाल दी है और दूसरी गाथाका पूर्वार्धि सुगम होते हुएभी उसकी व्याख्या की है. ऐसी रचना प्रौढ ग्रन्थकारके हाथसे होती है क्या? अपने ही वाकयकी किम्मत श्रीमान् धर्मसागरजी माहाराजको न थी ऐसाही जंबुवि० अपने पासवाली जुनी प्रतिसे मनानेका प्रयास करते है या अन्य कुछ? यह क्या सज्जनता है?

अब चोथी बात यह हैं कि " चतुर्दशीके क्षयमें त्रयोदशीको चतुर्दशी ही कहना" इसी बातके पुरावेमें ग्रंथकारने ये दो गाथाएं यहां पर दर्ज की हैं और जंबुवि० इन दो गाथाकी व्याख्यामें तो ऐसा कहते कि त्रयोदशी चतुर्दशीकी संज्ञाकोभी प्राप्त होतीहै अर्थात् उसदिन त्रयोदशीतो है! ऐसा मूल ग्रन्थ-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

कारके आशयविरुद्ध लिखकर श्रीजंबुविज० ने मूल ग्रंथकारके हेतुकातो नाश ही किया है.

पांचमी बात यह है कि मूल गाथामें रहे हुए "अवरविद्ध" शब्दकों तो टीकाकार एक वक्ततो "क्षीणतिथिभिर्विद्धा" ऐसा लिखकर बहुवचनकी तौरपर समझ सके है और दूसरी वक्त जहां "अवरविद्ध" शब्दके साथ संबंधवाला "अवरा" शब्दभी बहुवचन है और बहुवचन होते हुएभी इन्ही टीकाकारने उसे एकवचनही समझ रखा है! यह कैसी विद्वत्ता? और आगेको रहे हुए "हुज्ज" ऐसे बहुवचनात्मक क्रियापदको देखकर तो ये टीकाकार घबरा गये कि जिससे लिखना पड़ा कि "प्राकृतत्वाद् बह्वर्थे एकवचनं" महाशयजी जिनको एकवचन बहुवचनकाभी ख्याल नहीं है, ऐसे व्यक्तिकी लिखी हुई सामान्य व्याख्याकोभी श्रीमान् धर्मसागरजी माहाराज जैसे समर्थ-विद्वान् महात्माके नामपर चढ़ा देनेसे तो जंबुवि० ने अपने मत संबंधि आग्रहमें फसकर प० पू० उ० श्रीधर्मसागरजी माहाराजकोभी निर्बुद्धि मनानेका तुच्छ प्रयास किया है? घोर अन्याय किया है!

इस टीकाके संबंधमें वास्तविक बात ऐसी है कि किसी सामान्य बोधवालेने अपनी प्रतपर समझनेके लिये ऐसा लिख रखा हो, बादमें किसीने दूसरी प्रत लिखवाई हो तो लेखक (लइया) ने उस लिखानको भी अंदर जोड़ दिया हो. अलवा इसके यह कृति श्रीमान् धर्मसागरजी माहाराजकी है ऐसा

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

किसी तरहासेभी सिद्ध नहीं हो सकता है. सबब अन्य लिखी हुई प्रतिमें इन गाथाओंकी व्याख्या नहीं है उपरोक्त कारणोंसे सिद्ध हुआ कि यह टीका अन्य किसीकी लिखी हुई पीछेसेही प्रक्षिप्त है ! एसी अबोध मूल टीकाको सामने धरकरतो जंबु· त्रि० अपने मतके झुट्ठापनको ही सिद्ध करते है. आपतो इस मुद्रित प्रतिके आधरसेही चलिये.

इन्द्र०-(पढ़ते है.) "न च प्राकचतुर्दश्येवेत्युक्तं, अत्र तु अत्रराविीत्यनेन अपि शब्दादन्यसंज्ञापि ग्रह्यते, तत्कथं न विरोध इति वाच्यं" अर्थः-शास्त्रकार वादिकों कहते है कि-पहले तो चतुर्दशीही होती है ऐसा कहा, और अब यहां "अत्ररावि" शब्दके अंदरके 'अवि-अपि' शब्दसें अन्य संज्ञाभी होती है अर्थात् 'अत्ररा' शब्दसें चतुर्दशीको लेकर 'अपि' शब्दसें चतुर्दशीके साथ त्रयोदशीभी है, इससें विरोध क्यों नहीं होता ? ऐसा बोलना नहीं. क्योंकि-"प्रायश्चितादिविधावित्युक्तत्वात्" अर्थः-प्रायश्चितादि विधि (याने धर्मक्रियामें चतुर्दशीही कहना) में कहा हुआ होनेसे.

वकी०-सुना साहब ! शास्त्रकार का कहना तो प्रायश्चित्ता· दि विधिमें चतुर्दशी ही है. आपके गुरुक मुताबिक तेरसचौदश शरीक बातकी यहां गंधभी है ? अच्छा आगे पढ़िये.

इन्द्र०-(पढ़ते है) "गौण मुख्यभेदात् मुख्यतया चतुर्दश्या एव व्यपदेशो युक्त इत्यभिप्रायेणोक्तत्वाद्वा" अर्थः अथवा गौणमुख्य भेदसें मुख्य तौरपर चौदशकाही व्यपदेश योग्यहै,

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

इसी अभिप्रायसे इसगाथामें "अवि-अपि"शब्द कहाहुआ होनेसें.

वकी०-इन वाक्योंकों ख्यालमें रखीये कि-जगत् मात्रका व्यवहार मुख्य वस्तुसेंही होता है, न कि गौणसे अच्छा. अब आप जंबुवि० ने पर्वतिथिप्रकाश नामक किताबमें उसका कैसा उलटा अर्थ कीया है, वह देखीये !

इन्द्र०-(पर्व० प्र० पृ. २४ खोलकर पढ़ते है) "पहेला तेरसने तेरस एवा नामनो पण असंभव जणावी चौदशज कहेवाय' ए प्रमाणे कह्यु अने अहीं तमे 'क्षीण तिथिनी संज्ञावाली पण कहेवाय' ए प्रमाणे कहेवा मागो छो, तो आ परस्पर विरोध केम न गणाय ?

वकी०-(इन्द्र० से) देखा जनाब ! प्रश्नकारवादी 'अवरा' शब्दसे क्षीणचतुर्दशीको समझा हुआ है. परंतु 'अपि' शब्दको लेकरही वादी कहता है कि अन्य संज्ञाभी याने विद्यमान त्रयोदशीभी होती है. परंतु जंबुवि० ने इसी अर्थको उलटाकर क्षीणतिथिकी संज्ञावाली भी ऐसा झूठा अर्थ स्वमताग्रहसे ही किया है. अच्छा अब आप आगेको पढ़िये.

इन्द्र०-(पढ़ते है.) आनो जवाब ए छे के अमे प्रायश्चित्तादि विधिमां कहेलु होवाथी विरोध आवतो नथी. अथवा मुख्य अने गौणना भेदथी तेरस होवा छतां मुख्यपणे चौदशज कहेवाय' एवो अमारो अभिप्राय होवाथी कशोज विरोध नथी.

वकी०-देखिये साहब ! उसमेंभी मूलमें " तेरस होवा छतां "इस वाक्यकी गंधतक नहीं है, तोभी यह अपना मनः-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

कल्पित वाक्य जंबुवि० ने टीकाकारके नामसें ही लिखदिया ! कैसा जुल्म ! अच्छा आगेको पढ़िये.

इन्द्र०–(पढ़ते है) एतच्च त्वयाप्यङ्गीकृतमेव अन्यथा क्षीणाष्टमीकृत्यं सप्तम्यां क्रियमाणमष्टमीकृत्यव्यपदेशं न लभेत, न चेष्टापत्तिः अर्थ–यहतो तेनेभी (अर्थात् क्षीणचतुर्दशीके वख्त त्रयोदशीको चतुर्दशीही कहना यह बाततो तूनेभी कबूल की है.) 'नहीं तो क्षीणाष्टमीके वख्त' सप्तमीमें किया जाता हुआ अष्टमीका कृत्य (कार्य) अष्टमी कृत्यके व्यपदेश (नाम) को प्राप्त नहीं होवे. यहां तूं ऐसा कहे कि–" हमें तो इष्टमिला " अर्थात् हमे अष्टमीके व्यपदेशसे कुछ मतलब नहीं हमें तो कार्यसे मतलब है कार्य हो चुका चाहे तो व्यपदेश हो या न हो' ऐसा नहीं चलेगा.

वकी०–(इन्द्रमलजीको रोककर) देखा साहब ! शास्त्रकार कहते है कि सातममें किया जाता हुआ अष्टमीका कार्य (आराधना) अष्टमीके नामकोभी प्राप्त नहीं कर सकता है. और आप तो कहतें है कि 'आज सातममें आठमकी आराधना की है !' इस वाक्यसें शास्त्रकार महाराजा आपकी मानी हुई 'सप्तमी अष्टमी शरीक है, त्रयोदशी चतुर्दशी शरीक है, चतुर्दशी पूर्णिमा शरीक है.' इस माम्यताको तो जड़ामूलसें ही उखाड़ देते है. अच्छा. आगेको पढ़िये !

इन्द्र०–(पढ़ते है) "आबालगोपालप्रतीतमेव अद्याष्टम्या पौषधोऽस्माकमिति, एतद्वचनवक्तृपुरूषानुष्ठीयमानानुष्ठानापला·

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

पित्वेनौन्मत्त्यप्रसंगात् । अथोच्छिन्नायामष्टम्यां तत्कृत्यमप्युच्छिन्नमिति चेत्, अहो पांडित्यातिरेकस्तव, यतः पिता मे कुमारब्रह्मचारी'ति न्यायमनुसरसि, स्वयं कृत्वाप्यपलापित्वात्" अर्थः—'क्योंकि' यहतो आबालगोपाल पसिद्ध ही है कि—आज हमारे अष्टमीका पौषध है, ऐसा वाक्य बोलनेवाले पुरूषसे किये जाते अष्टमीके अनुष्ठानका तो अपलाप होनेसे तो उन्मत्त पनेका प्रसंग प्राप्त होनेसें. 'इष्टापत्ति बोलना तुझे युक्त नहीं.' "क्योंकि इधरतो बोलता है कि—अष्टमीके नामसें हमें काम नहीं, और उधर बोलता है कि अष्टमीका हमें पौषध है यहतो तुजे उन्मत्तता प्राप्त होनेसें अनिष्टापत्ति ही है" अगर तूं ऐसा कहे कि—'नष्ट अष्टमीके अंदर उसका कार्यभी नष्ट हो गया!' तो अहो तेरी पांडित्यपनेकी अतिरेकता!!! तूंतो 'मेरा पिता बालब्रह्मचारी' इस न्यायको अनुसरता है! खुद काम करके अपलाप करता हुवा होनेसें.

"अथ लोकव्यवहारविलयभीत्या सप्तम्यां क्रियमाणमपि न दोषायेति चेत्, वरं, क्रियतां नाम तर्हि तद्भीत्यैव चतुर्दशी कृत्यं त्रयोदश्यामपीति उच्छिन्नत्वेपि लोकभीतेरुभयत्रापि तौल्यादिति गाथार्थः ॥ ४ ॥ यदि ऐसा कहे कि—'लोकव्यवहारकी नष्टताके भयसे सातममें किया जाता हुआ कार्य दोषके लिये नहीं है." तो' बहोत अच्छा. 'ऐसा है' तो लोकव्यवहारकी भीतीसेही चतुर्दशीका कार्य त्रयोदशीमें भी कर! 'क्योंकि लोक भीती तो दोनो जगह एकसी ही होनेसें. इस मुताबिक

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

चोथी गाथाका अर्थ है.

वकी०-अब आप मुकाबला कीजिये.

इन्द्र०-(पर्व० प्र० पृ. २५ खोलकर "आ वस्तु तें पण अङ्गीकार करेली छे, जो तेम न होय तो आठमना क्षये सातमना दिवसे 'अमे आजे आठमनो पौषध आदि करेलो छे' एम ताराथी केवी रीते कही शकाशे ? तुं आठमनुं कार्य सातमने दिवसे करे छे, एटले 'आठम क्षय पामेली होवाथी तेनुं कार्य पण क्षय पामी गयुं' एवुं ताराथी हरगीज कही शकाशे नहि. मुंझाइने जो तुं एम केवा मांगे के-'लोक व्यवहारना भंगनो' प्रसंग न आवे ते माटे क्षीणाष्टमीनुं कार्य सातमे करीए तेमां कांइ दोष नथी.' तो अमारुं तमने एज कहेवुं छे के-'बहुसारुं. एज भय राखीने क्षीण चतुर्दशीनु कार्य पण तमे तेरसेज करो, लोकभीती तो तमारे माटे बन्नेय ठेकाणे. सरखी छे.'

वकी०-कहीये ! अब आपहि देखिये कि-आपके किये हुवे अर्थमें और आपके पूज्यश्रीके किये हुवे अर्थमें कितना अंतर है ? और भी न चेष्टापत्तिः,' 'आबाल गोपाल प्रतितं,' 'अहो पांडित्यातिरेक स्तव' और 'पितामें कुमार ब्रह्मचारी' वगेरा कितने ही वाक्यों के अर्थ को तो जंबुवि० ने न मालूम कहां ही गायब कर दीया हैं ! ओर 'मुंझाइने हरगीज करी शकाशे नहीं' वगेरा कीतनेहीं वाक्यतो जंबुवि०ने अपने घरकेही रखदिये है ! (पंडितजीकी तर्फ देखकर) देखा सहाब ? अपने झुठे मताग्रहके लीये जंबुवि० ने कितना उलट पुलट करदिया

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

है ? शास्त्र और परंपराको उन्होने इसी तरह उथलाये है.

इन्द्र०-(वकी सा० से) अच्छा. आप 'उपादेया' शब्दका अर्थ तो समझाईये.

वकी०-शास्त्रकार 'उपादेया' शब्द से तो साफ २ ऐसाही कहते है कि जिस सप्तमी वगैरहको अष्टमी वगैरह बनाओ, उसे (अष्टमी वगैरहको) आदरपूर्वक ग्रहण करो ! (न कि जंबुवि० की तरह सप्तमी अष्टमी शरीक ही ग्रहण करो.) एक ही गाथाकी टीकाके अर्थमें जंबुवि० ने कितना फेरफार किया है सो ही 'स्थालीपुलाक न्यायसे' आपको यहां दिखाया हैं ! अब आप पढ़कर अर्थ सुनाते जाईये जहां समझाने जैसा होगा वहां समझाउंगा अच्छा आगेको पढ़िये.

इन्द्र०-(पढ़ते है) "अथ चतुष्पर्व्यन्तर्वर्तित्वादाराध्यत्वेन पुरस्तादुपस्थितायां पौर्णमास्यां पाक्षीककृत्यं युक्तं, नवम्यां तु तत्त्वाभावात् सप्तम्यामेवाभीष्टमष्टम्यनुष्ठानमिति सुहृच्छंकाज्वरनाशाय सदौषधरुपां गाथामाह—

अर्थः-अब " पक्खीके क्षयके वख्त पक्खीका कृत्य " आराध्यत्व करके चतुष्पर्विके अंदर होनेसे और समीपमें पर्वके तौरपर रही हुई पूर्णिमामें करना युक्त है, किंतु नौमीके अंदर तो तत्त्वका अष्टमीका, (चतुष्पर्वीपनेका) अभाव होनेसे अष्टमीका कृत्य सप्तमीमें योग्य है, इस प्रकारके मित्रके शंकारूपी ज्वरको नाश करनेके लिये सत् औषधरुप गाथाको कहते है.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

"नाराहणभंतीए पक्खिअकज्जं च पुण्णिमादिवसे ।
हीणट्ठमि कल्लाणगनवमीए जेण न पमाणं ॥ ५ ॥

अर्थः-आराधनाकी भ्रांतिसे पक्खीका कार्य पुनमके दिन प्रमाण नहीं है. जैसें क्षीणाष्टमीका कृत्य कल्याणक नवमी में प्रमाण नहीं है. (वैसेही) टीका यद्यप्यागमें चतुमासीक संबंधि न्यस्तिस्रः पौर्णमास्यः अमावास्याश्च पुण्यतिथित्वेन महाकल्याणकतया प्रख्याता-आराध्यत्वेनोक्तास्तथापि क्वापि श्रावकाणां केवलं पौषधव्रतमेवाश्रित्य सामान्येन गृहिता दृश्यंते, अतः तदपेक्षयैव युक्तयो दृश्यंते.

अर्थः-जोकि आगमोंमें चौमासी संबंधी तीन पूर्णिमायें और सर्व अमावास्यायें पुण्यतिथि पने और महा कल्याणकपने प्रसिद्ध कही है-आराध्यत्व पने कही हैः तोभी कोई जगह श्रावकोंके सिर्फ पौषधव्रतको ही आश्रय करके सामान्य तौरपर 'सब पूर्णिमायें' ग्रहण की हुई देखनेमें आती है, इसी अपेक्षासें युक्तियें दिखाते है. (वकी० सा० की ओर देखकर) उपाध्यायजी माहाराजकी प्रतिमें तो उपरोक्त पाठके अंदर 'न' कार है परंतु इसमें तो नहीं है.

वकी०-यहांभी आपके पूज्यश्री की भूल ही है ! क्योंकि यहां 'न'कारका संबंध जुड़ता ही नहीं है. देखिये कि इस पाठमें तीन पूर्णिमाएं कहकर पीछे 'सामान्य' शब्द कहनेसे तो पौषधके लिये आराधनामें सबही-पूर्णिमाएं लेनेकी कही है. इसीसे कहा है कि-सामान्य तौरपर जो अन्यत्र पूर्णिमाएं ग्रहण की हुई

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

देखनेमें आती है वे श्रावकोंके पौषधको लेकरही कही गई है ! जंबुवि० की प्रतिका 'न'कार–लेनेसे तो सबही पुनमोंके पौषधकी आराधनाका लोप हो जाता है कारण कि आगमोंमें तीन पूर्णिमाएं दिखलाई वेतो विशेष है सर्व सामान्य नहीं है; सामान्य और विशेषको समझे विनाही आपके पूज्यजीने लिख मारा है यहांतो शास्त्रकारको सबही पूर्णिमाएं आराधनामें लेनी है फीर आपकी मान्यतानुसार तो शास्त्रकारके इस अभिप्रायका ध्वंस होता है ! इसके प्रमाणमें भी आप देखिये.' (प्रश्नोतर समुच्चय नामक ग्रंथ. धूलचंदसे मंगवाकर पृ. ५ पंक्ति ४ निकालकर) " तथा पूर्णिमा तिस्त्र एव संगीयंते सर्वा अपि पर्वतयाङ्गी कार्याः ? इति श्राद्धा भूयो भूयः पृच्छन्ति इति प्रश्नः. उतरं– 'छण्हं तिहीण मज्झमि का तिही अज्जवासरे' इत्याद्यागमानुसारेण अविच्छिन्नवृद्धपरंपरया च सर्वा अपि पूर्णिमाः पर्वत्वेन मान्या एवेति. अर्थः–शिष्य, गुरु महाराजसे प्रश्न करते है कि पर्वकी तौरपर तीन पूर्णिमाएं या सबही पूर्णिमाएं लेनी चाहिये? इस प्रकार हरवक्त श्रावक लोग प्रश्न करते है. इसके जवाबमें आचार्य महाराज फरमाते है कि–(श्रावक, सुबह प्रतिक्रमणके वक्त) आज छहो तिथियोंमेंसे कोनसी तिथि है ? ऐसे आगमके वचन अनुसार, और कभीभी जिसका नाश नहीं हुवा है ऐसी (अविच्छिन्न) वृद्ध परंपरासें सबही पूर्णिमाऐं पर्वपने मान्य की हुई है. 'एसा विचार करे.' (इन्द्रमलजीसें) अब आपही कहिये ! ! कि जंबुवि० की मान्यताका नकार लेनेसे आगममें

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

कही हुइ तीन पूर्णिमाओंके अलावा और सब ही पूर्णिमाओंका तो पर्वपनाही नष्ट हो जाता है. क्योंकि शास्त्रकारतो इन तीन पूर्णिमाओके साथ सब ही पूर्णिमाओंको पर्वपने ग्रहण करते है.

हां, जं० वि० को तो यह नकार ठीक ही है ! क्योकि उनकी गिनती ऐसी है कि इस पाठमें 'नकार' लेनेसे पूर्णिमाका पर्व पना नष्ट हो जाय तो सब टंटाफिसाद मिट जाय !, और अपना मत सुखरुप चले, लेकिन चल नहीं सकता सबब शास्त्रकारतो सबही पूर्णिमाओंको पर्वरूपही मानते है.

इस नकारको अंदर घुमानेके लिये जं० वि०ने एक औरभी नई तरकीब की है उसेभी सुनिये जं० वि० ने अपनी पर्वतिथिप्रकाश नामक पुस्तक पृष्ट पांचवेंमें भगवान् श्रीहेमचंद्राचार्य महाराजके वचनकोभी उथलाकर लिखा है कि दो अष्टमी और दो चतुर्दशी यहीभी जैनदर्शनकी चतुष्पर्वी है. कैसा जुल्म ? कलिकालसर्वज्ञ भगवान् श्रीहेमचंद्रसूरिजी महाराज तो अपने (मुद्रित) योगशास्त्र पृ. १७८ में "चतुष्पर्वी–अष्टमी–चतुर्दशी पूर्णिमा–अमावास्या–लक्षणा, चतुर्णां पर्वणां समाहारश्चतुष्पर्वी"

अर्थ—अष्टमी–चतुर्दशी–पूर्णिमा और अमावास्या ये ही चतुष्पर्वी होती है ऐसे साफ फरमानसे विरुद्ध चलनेवाले जं० वि० के दिलकी पहचान भी करना चाहिये ! अच्छा. आगेको पढ़िये.

इन्द्र०–(पढते है) "तथाहि–आराधनभ्रान्त्या पाक्षिककृत्यं पौर्णमासीदिने न, युक्तमिति गम्यम्, उत्तरार्धेन दृष्टान्तयति

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

'हीणट्ठम्मि०' येनकारणेन हिनाष्टमी-क्षीणाष्टमी आराध्यत्वेन संमतायामपि कल्याणकनवम्यां प्रमाणमित्यावयोरपि सिद्धं, न च कल्याणकनवम्याश्चतुष्पर्वीरूपतयाराध्यत्वाभावात् कथं तुल्यतेति वाच्यं, सप्तम्यपेक्षयाऽऽराध्यत्वेनाधिक्याविरोधात्, भवता तु स्वमत्याऽऽराध्यत्वेनाधिक्यमेवेति पूत्क्रियते-अतः शनैः शनैरेव जल्पनीयमिति" अर्थः-शास्त्रकार ऐसा कहते है कि आराधनाकी भ्रान्तिसे चतुर्दशीका कृत्य, पूर्णिमाके दिवस योग्य नहीं है. इसी बातको सिद्ध करनेके लीये उत्तरार्ध गाथासे दृष्टांत दिखलाते है. "हीणट्ठमि" जिस कारण करके, आराध्यत्व करके सम्मत ऐसी कल्याणक नौमीके अंदर क्षीणाष्टमी प्रमाण नहीं है, यहतो हम और तुम दोनो ही को कबूल है. 'इधर' कल्याणक नौमीमें चतुष्पर्वीरूप आराध्यताका अभाव होनेसे तुल्यता कैसे हो सकती है ? ऐसा बोलना नहीं.

कारण कि सप्तमी की अपेक्षासे तो कल्याणक नौमीका आराध्यपनेमें अधिकत्वताकातनिकभी विरोध नहीं है आप तो अब तक अपनी मतिसेही 'पूर्णिमाका" आराध्यत्व करके अधिकपना है. ऐसा पुकारते थे ! अर्थात् इस पूर्णिमाको चतुर्व्वीकी गिनतीमें तो अब गिनने लगे हो ! इसीसे (अब) आस्तेर ही बड़बड़ना ! ! !

किंच क्षीणाष्टमीयुक्ता सप्तमी चतुष्पर्व्यन्तर्वर्तिनी न वा ? आद्ये किं न क्षीणचतुर्दशी युक्ता त्रयोदश्यपि ? तथा द्वितीये तवैवानिष्टं, पर्वतिथि व्यतिरिक्ततिथिषु पौषधानङ्गीकारात् ।

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

अर्थः-औरभी दूसरा तुझे पुछते हैं कि क्षीण अष्टमी युक्ता सप्तमी, चतुष्पर्वीके अंदर है या नहीं ? यदि चतुष्पर्वीके अंदर (चतुष्पर्वीरूप) है ऐसा कहा जाय तो क्षीणचतुर्दशी युक्ता त्रयोदशी भी चतुष्पर्वीके अंदर (चतुष्पर्वीरुप) क्यो नहीं ? यदि क्षीणाष्टमीयुक्ता सप्तमीके अंदरभी नहीं है, एसा कहा जाय तो तुम, हीको अनिष्ट है ! सबब (तुमलोगोंने अपर्वतिथिमें पौषधका स्वीकार नहीं किया हुआ +होनेसे !) "किंच चतुष्पर्व्या अप्येकरूपत्वेनाराध्यत्वाभावात् कथं पंचदशी, पाक्षिकत्वेनाङ्गीकार्या ? पाक्षिकापेक्षया यथा त्रयोदशी तथा पंचदश्यपि, अन्यथा पाक्षिककृत्यव्यवस्थाभंगप्रसंगः, आराध्यत्वे च पंचदशीकल्याणकतिथ्योरपि अविशेष इति स्वयमेव विचारणीयम्"

अर्थः-और दुसरी बात यह भी है कि चतुष्पर्वीकी चारों ही तिथियोंका भी आराध्यत्व अलाहिदा अलाहिदा होनेसे पूर्णिमाको पाक्षिक की तौरपर कैसे ली जाय ? 'क्योंकि'-चतुर्दशीकी अपेक्षासे जैसी त्रयोदशी है, वैसीही पूर्णिमा है ! यदि ऐसा न होतो पाक्षिक कृत्यकी व्यवस्थाके भंगका प्रसंग प्राप्त

+ खेदका विषय है कि पर्वतिथियोंकों भी क्षय मानकर पर्वतिथियोंको ही उड़ा देनेकी धुनमें जं० वि० को यह बातभी ख्यालमें नहीं आई कि श्री तत्त्वतरंगिणीकारतो पर्वतिथिके क्षयमें पूर्वकी अपर्वतिथिका क्षय करनेको फरमाते है, वैसेही अष्टमी आदिके क्षयमें सप्तमी आदिकोभी चतुष्पर्वीही कहनेका फरमाते है. जब अपर्वतिथि चतुष्पर्वीरूपा ही हो गई तब तो सिद्ध हो ही चुका कि-पूर्वमें जो अपर्वतिथि है उसीका क्षय ही हुवा.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

होता है (पर्व तिथिपनेमें भिन्नता होते हुएभी) आराधनामें तो कल्याणक तिथि और पूर्णिमा, दोनोकी समानता है, ऐसा स्वयं ही विचारने योग्य है.

"किं च पर्युषणाचतुर्थ्याःक्षये पंचमीस्वीकारप्रसंगेन त्वं व्याकुलोभविष्यसीत्यपि ज्ञेयं!" अर्थः-और भी बात यह है कि-पर्युषणा संबंधी चौथके क्षयमें पंचमीको स्वीकारनेका प्रसंग होनेसे तूं व्याकुल होगा, यहभी जान लेना!

वकी०-देखा साहब! शास्त्रकारतो वादिको पंचमीके प्रसंगकी आपत्ति देकर उस पंचमीको पर्वतिथिपनेमें कायम (विद्यमान) रखते है. और आपके गुरुजी तो लिखते है कि-"वह पंचमीतो मृतक-माता जैसी ही है!" यह क्या उनकी आगमप्रज्ञता है?

इन्द्र०-बेशक. इसी ग्रंथके कर्त्ता भी कल्पकिरणावलीमें पंचमीको मृतक माता सदृश कहते है.

वकी०-आप जरा पक्षपातके चश्में उतारकर बिचारीये कि शास्त्रकारने वहां भाद्र० शुक्लापंचमीको संवत्सरीके लिये मृतक-माता जैसी गिनी है, कि-पंचमी पर्वके लिये मृतक माता जैसी गिनी है? जं० वि० के मतानुसार यदि पंचमी, पर्वपनेमेंसे ही गई हुई है, ऐसी ही शास्त्रकारकी मान्यता होती तो वे ही ग्रन्थकार अपने तत्त्वतरंगिणि ग्रन्थमें वादिको पंचमीकी आपत्ति देते क्या?

इन्द्र०-यह बात मेरी समझमें नहीं आई.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वकी०-अच्छा. फीर सुनिये ! वादी चतुर्दशीके क्षयमें चतुर्दशीको पूर्णिमामें लेजाता है क्योंकि उसकी मान्यता यहां पर ऐसी है की-पूर्णिमा, पर्व होनेसे चतुर्दशीको भी वहीं ले जाना अच्छा है, वादीकी इसी मान्यतानुसार उसको शास्त्रकार कहेते है कि जैसे चतुर्दशीके बाद पूर्णिमा पर्व हैं वैसे ही पर्युषणाकी चतुर्थीके पीछे पंचमी भी पर्व है. तो उस चतुर्थीके क्षयमें तो तूं पंचमीमें, चतुर्थीको नहीं ले जाता है ! वादीको यह आपत्ति देकर शास्त्रकारके कहनेका भावार्थ यही है कि पंचमी में से संवत्सरी पनागया है परंतु पंचमीत्वता तो कायमही है ! और आपके गुरुजीतो उसमेंसे पंचमीत्वको ही उड़ादेते है यही उनकी अज्ञान मूल अनर्थ कारिता है. अच्छा आगेको पढ़िये.

इन्द्र०-(पढ़ते है) " किंच पाक्षिक कृत्यं पञ्चदश्यां न युक्तमेव" चतुर्दशी (अह चउदसी तो पक्खियं) 'पडिक्कमिय साहुविस्सामणं कुणइ'त्ति (भवदाप्तो क्तेः)

अर्थः-और यहभी एक बात है कि पूर्णिमाके अंदर चतुर्दशीका कृत्य योग्य नहीं है (क्योंकि) उसदिन चतुर्दशी होवे तो चतुर्दशी पडिक्कमके साधुओंकी विश्रामण करे, और चतुर्दशी न होवे तो देवसीक पडिक्कमके साधुओंकी विश्रामणा करे ! ऐसा तुम्हारे आप्तोकाही कहा हुआ है.

किंच चतुर्दशी पौर्णमासी चेत्युभे अप्याराध्यत्वेन सम्मतेस्तः तद्यदि भवदुक्त रीतिराश्रीयते तर्हि पौर्णमास्येवाराधिता, चतुर्दश्याश्चाराधनं दत्तांजलीव भवेत् यदि च तत् क्षये तदा-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

राधनं व्यतीतमेव तर्हि सुहृदभावेन पृच्छामि किं किमप्यष्टम्या रहो दत्वा समर्पितं यन्नष्टाप्यष्टमी परावृत्याभिमन्यते, पाक्षिकेण च किमपराद्धम् ? यत्तस्य नामापि न सह्यते ? इति नन्वेवं पौर्णमासीक्षये भवतामपि का गतिरिति चेत् , अहो विचारचातुरी, यतस्तत्र चतुर्दश्यां द्वयोरपि विद्यमानत्वेन तस्या अप्याराधनं जातमेवेति जानतापि पुनर्नोद्यते" अर्थः—फीर, चतुर्दशी पूर्णिमा दोनों ही आराध्यत्व पने सम्मत है (दोनों ही की आराधना जरूरी है) इसीसें यदि तुमारी कही हुई 'चतुर्दशी क्षयके वख्त चतुर्दशीको पुर्णिमाके रोज करे इस रीतिका आश्रय लिया जायतो उसरोज पूर्णिमाका ही आराधन किया और चतुर्दशीके आराधनकोतो दत्तांजली जैसा ही हो गया ! यदि चतुर्दशीके क्षयमें उसके आराधनकाभी क्षय होगया (ऐसा कहा जाय) तो हम तुझे मित्रभावसे पुछतें है कि—अष्टमीने गुप्त रीतिसे कुछ दिया है ? कि जिससे नष्ट ऐसी भी अष्टमीको परिवर्तित करके-फिराके (सप्तमीको अष्टमी बनाकर) मानते हो ! और चतुर्दशीने तुमारा क्या अपराध किया है ? कि जिसका नामभी सहन नहीं होता ? (अगर) तूं ऐसी शंका करे कि पूर्णिमाके क्षयमें तुह्मारा क्या होगा ? (अर्थात् आपभी पूर्णिमाके वक्त पूर्वमें

---

१ यहांभी शास्त्रकार जाहिरा तौरसे फरमातें है कि अष्टमीके क्षयमें सप्तमीको उलटाकर उसके स्थानमें अष्टमी मानी जाती है ! तो भी लौकिक मार्गको अनुसरनेवाले चंडांशुचंडुमें होती हुई क्षयतिथिको जैनशासनमें भी क्षयरुप दिखलाते हुवे श्रीराम० जंबु० भव भ्रमणके भयंकर पापसेभी डरते नहीं है !!!

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

रही हुई चतुर्दशीका क्षय करके उसी (चतुर्दशी) को पूर्णिमा बनाते हो तो जैसे हमारे यहां पूर्णिमामे चतुर्दशीका नाम नहीं रहता है, वैसेही आपके वहांभी बनावटी. (चतुर्दशीके दिन) पूर्णिमाके दिन चतुर्दशीका नाम नहीं रहता है. उसका क्या ? और आपको भी पूर्णिमामें चतुर्दशीका नाम नही रहा हुआ होनेसे चतुर्दशीकी आराधनाका तो नाशही हुआ) तो अहोतेरी विचार चातुर्यता ! जिसकरके चतुर्दशीके अंदर दोनोकी विद्यमानता होनेसे उसकी याने क्षीणपूर्णिमाकी भी (त्रयोदशीके दिन चतुर्दशी और चतुर्दशीके दिन पूर्णिमा करनेसे) आराधना होती है (अर्थात् आपके वहां तो चतुर्दशीके क्षयमें चतुर्दशीकी आराधना नष्ट ही होती है किंतु हमारे यहांतो पूर्णिमाके मुताबिक चतुर्दशी की आराधाना भी होती है.) ऐसा जानते हुएभी (हमे) फीर प्रेरणा करता है. १

"न च तत्रा रोपिता सती पूर्णिमाऽऽराध्यते, यतस्त्रुटितत्वेन चतुर्दश्यां पौर्णिमास्या वास्तव्येव स्थितिः, युक्तिस्तु तत्रोक्ता वक्ष्यते च क्षीणतिथिवृद्धितिथिसाधारणलक्षणावसरे इति" । अर्थ–न कि चतुर्दशीके अंदर आरोपित की हुई पूर्णिमा आराधनेमें आती है ! क्योंकि पूर्णिमाका क्षय होनेसे चतुर्दशी के अंदर पूर्णिमाकी वास्तविक ही स्थिति है. इस संबंधकी युक्ति पहले (चोथी गाथाकी व्याख्यामें) हम कह गये है और आगे-

१ पाठक देखनाहो शास्त्रकारजो पहले कहगये है कि चतुर्दशी ही होती है न कि त्रयोदशी उसी ही चतुर्दशीका हवाला यहां परभी देते है.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

पर क्षीणवृद्धितिथिके सामान्य लक्षणका वर्णन करते वक्त और भी कहेंगे. (वकी० सा० सें) देखिये साहब ! शास्त्रकारतो फरमाते है कि चतुर्दशीके साथ पूर्णिमाकी आराधना भी हो जाती है.

वकी०—आपके पूज्यने लिखदिया और आपने मान लिया ! कहिये कि वादीने क्या आपत्ति, वर्णन की है ?

इन्द्र०—वादी कहता है कि चतुर्दशीके क्षयमें हम जिस प्रकार पूर्णिमाके साथ चतुर्दशी मानतें है वैसेही आपभी पूर्णिमाके क्षयमें चतुर्दशीके साथ पूर्णिमाको मानते हो यदि क्षीण चतुर्दशीको पूर्णिमाके साथ माननेमें हमारे लीये आप चतुर्दशीका नाम निशान उड़ा देते हो, तो पूर्णिमाके क्षयमें आपको भी पूर्णिमाका नाम निशान उड़ही जाता है बस यही आपत्ति वादी देता है !

वकी०—वाहजी वाह खूबही बढ़िया आपत्ति निकाली है ! वादी शास्त्रकारको यहां 'चतुर्दशीका' नाम नहीं रहेगा ऐसा हीं कहता है, सो तो आप बीना समझे ही वादीकी आपत्ति हमारे सामने धरते हो ! पूर्णिमाके क्षय वक्त चतुर्दशीके अंदर चतुर्दशी पूर्णिमा दोनोही होते हुए भी आपके मुआफिक उसदिन शास्त्रकार चतुर्दशी ही माने होते तो यहां वादी शास्त्रकारको ऐसी आपत्ति कैसे दे सकता ? खरतर जो चतुर्दशीके क्षयमें चतुर्दशी और पूर्णिमा साथ नहीं होते हुए भी चतुर्दशीकी आराधना पूर्णिमाके साथ करते है अगर साथ करना कहते है, इसीसे शास्त्रकार वादीको आपत्ति दे सकते है जैसे कि आप सिरपर पघडी बांधके बैठे

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

हो तबही टोपीको पघड़ी मानने वाले टोपीवालेको कह सकते हो कि पघडीको टोपी क्यों मानता है ? परंतु वह टोपीवाला आपको ऐसा कैसे कह सकताहै कि आप टोपीको पघडी क्यो बोलते हो ?

इन्द्र०—देखिये ! शास्त्रकार खुद फरमातें है कि "द्वयो-रपि विद्यमानत्वेन तस्या अपि आराधनं जातमेव"

वकी०—पहले तो आप वादीकी आपत्ति को ही नहीं समझे, तिसपर शास्त्रकारने जो उत्तर दीया उस उत्तरकों तो आप नहीं ही समझें, उसमें आश्चर्य ही क्या ? देखिये ! पहले तो बात यह है कि पर्वतिथि स्वतंत्र ही रहती है पर्वतिथिके अंदर किसीका दखल नहीं रहता ! एक राज्यमें जिस प्रकार दो राजा नहीं रह सकते इसी वजहसे चतुर्दशीके क्षय वख्त पूर्णिमाके दिन चतुर्दशीको ले जाने वाले खरतरको शास्त्रकारने पूर्णिमाके रोज चौदश और पुनम दोनोंकी शरीकता नहीं होनेसे उस दिन पूर्णिमाकी ही आराधना रहती है, ऐसा कहकर क्षय ऐसी चतु-र्दशीका तो उसरोज तुमारेसे नाम भी सहन नहीं होता है.' ऐसी आपत्ति दी है. तबही शास्त्रकारको वादी कहता है कि— पूर्णिमाके क्षयमें आपभी तो चतुर्दशीके दिन पूर्णिमा ही आरा-धते हो और 'पंचांगकी चतुर्दशीके दिन' आप भी चतुर्दशीका नामभी नहीं लेते हो उसका क्या ? यहांपर ख्याल रखनेकी जरुरत है कि वादी चतुर्दशीके बजाय चतुर्दशी ही की आपत्ति देता है तबही शास्त्रकार उसे कहते है कि वाहरे तेरी विचार

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

चातुर्यता? हमारे तो चतुर्दशीके अंदर चौदश पुनम दोनो विद्यमान होनेसें 'पंचांगकी त्रयोदशीके दिन चतुर्दशी, और चतुर्दशीके दिन पूर्णिमा इस प्रकार दोनो हीं पर्वकी आराधना होनेसे क्षीण पूर्णिमाकी भी आराधना होती है ऐसा कहकर शास्त्रकारने वादीको यह भी समझा दिया कि हमारेतो क्षीण पूर्णिमा की आराधना भी होती है तो चतुर्दशीकी आराधना तो उपरोक्त रीतिसे हो ही गई इसमें हमारेकोंभी चतुर्दशीका नाम नहीं रहेगा इस शंकाको स्थान ही नहीं है ऐसा जानते हुएभी हमारे मुँहसे फीर बुलवानेकी प्रेरणा करता है ?

यहांपर शास्त्रकारने "आपकों तो क्षय ऐसी चतुर्दशीका नाम तक नहीं रहता है" ऐसी जो खरतरको आपत्ति दी है उसी आपत्तिको यहांपर सिद्ध करके दिखलाई है इसमें आपके नये मतानुसार एक दिनमें दो तिथियें आराधने संबंधि बातकी गंधही कहां है ? अब देखिये दूसरी बात यह है कि खरतर भोग है गंध है ज्यादे है पूर्ण है. ऐसी मान्यतावाला होनेसे उसे शास्त्रकार कहते है कि पूर्णिमामें चतुर्दशीकी गंधभी नहीं होनेसे पूर्णिमामें क्षीणचतुर्दशीको माननेसें तो आरोपित चतुर्दशीको ही तूं मानता है और हमारे यहांतो (पंचांगकी चतुर्दशीमें पूर्णिमा होनेसे) उसरोज पूर्णिमाकी वास्तविक स्थिति है ! न कि आरोपित यदि आपके कथनानुसार ऐसें वख्त जो चतुर्दशी और पूर्णिमां शरीक होती तो ऐसी निःशंक साध्यरूपा पूर्णिमाकी हयाति दिखानेको "द्वयोरपि विद्यमानत्वेन" इस

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

हेतुको दिखानेकी शास्त्रकारको आवश्यकता ही क्या थी ? और यहांतो हेतुमें दोनो ही तिथियों की विद्यमानता दिखाई गई है ? और साध्यमें तो एक ही को दिखलाया हैं, सो वहभी कैसे दिखलाते ? इससे सिद्ध होता है कि ग्रंथकार सम्मिलित तिथिको नहीं मानतें है. और इसीसे तो "स्थिति है" ऐसा नहीं कहते हुए वास्तविक स्थिति है ऐसाही कहते है! अर्थात् वास्तविक ऐसा कहनेसे 'क्षय ऐसी पूर्णिमा, चतुर्दशीके दिन सूर्योदयसे ही पूर्णिमा हो जाती है. यहांपरभी शास्त्रकार साफ २ ऐसा ही फरमाते है.

इन्द्र०—आपकी युक्ति कुछ ठीक तो लगती है, परंतु दिमागमें जँचती नहीं है ! इसपरतो खूब ही मनन करना पड़ेगा, किंतु शास्त्रके 'विचारचातुरी' वाक्य के बाद आपने जो इसी वाक्यपर इतना विवेचन किया हैं, वह मूलमें तो नहीं है, और आप इसे कहांसे ले आये ? इसकोभी समझनेकी मुझे जिज्ञासा है.

वकी०—"विचारचातुरी" यह व्यंग वचन है, और इस व्यंगतासे उपरोक्त होई हुई सब ही बातका भावार्थ लिया जाता है, अगर ऐसा जो नहीं होता तो शास्त्रकार वहांपर "तयोरपि" अगर "द्वयोरपि" ऐसाही प्रयोग लेते. अच्छा, आगेको पढ़िये.

इन्द्र०—(पढ़ते है) भवता तु त्रुटितचतुर्दशी पूर्णिमायां बुद्धयाऽऽरोप्याऽऽराध्यते, तस्यां तद्भोगगंधाभावेऽपि तत्वेन स्वीक्रियमाणत्वात्, आरोपस्तु मिथ्याज्ञानं. यदुक्तं प्रमाणनयतत्त्वलोकालंकारे श्रीदेवाचार्यपादैः अतस्मिंस्तदध्यवसायःसमा-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

रोपो, यथा शुक्तिकायामिदं रजतमिति"

अर्थः-तुह्मारेसें तो पूर्णिमामें बुद्धिसे क्षयचतुर्दशीका आरोप करके वह क्षीणचतुर्दशी आराधन की जाती है. उसके (पूर्णिमाके) अंदर उसके (चतुर्दशीके) भोगकी गंधका अभाव होते हुएभी तत्त्वसे (चतुर्दशीपनेसे) स्वीकार की हुई होनेसें, आरोप, मिथ्याज्ञान है. कारणकि 'प्रमाणनयतत्त्वलोकालंकार' नामके ग्रंथमें पूज्य श्रीदेवाचार्य महाराजने कहा है, कि-उस वस्तुके अभावमें उस वस्तुका अध्यवसाय करना, सो आरोपित ज्ञान है. जैसें छीपके अंदर यह चांदी है, (एसा जो अध्यवसाय सो मिथ्याज्ञान है.)

किंच क्षीणपाक्षिकानुष्ठानं पौर्णमास्यामनुष्ठीयमानं किं पंचदश्यानुष्ठानं पाक्षिकानुष्ठानं वा व्यपदिश्यते? आद्ये पाक्षिकानुष्ठानविलोपापत्तिः, द्वितीये स्पष्टमेव मृषाभाषणं, पंचदश्या एव चतुर्दशीत्वेन व्यपदिश्यमानत्वात् , न च क्षीणे पाक्षिके त्रयोदश्यां चतुर्दशीज्ञानमारोपरूपं भविष्यतीति वाच्यं, तत्रारोपलक्षणस्यासंभवात् , नहि घटपटवति भूतले घटपटौस्त इति ज्ञानं, कनकरत्नमयकुंडले(वा) कनकरत्नज्ञानम् भ्रान्तं भवितुमर्हति" शास्त्रकार वादीको औरभी कहते है, कि-तुम्हारे तरफसें पूर्णिमाके अंदर होता हुआ क्षीणचतुर्दशीके अनुष्ठानको पूर्णिमाके अनुष्ठानसें या चतुर्दशीके अनुष्ठानसें व्यवहार करेंगें? प्रथम पक्ष स्वीकारकेअंदर चतुर्दशीके अनुष्ठानको लोपकी आपत्ति आवेगी. और दूसरे पक्षमें स्पष्ट मृषाभाषण होगा!

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

'पूर्णिमाको चतुर्दशीके रूपमें व्यपदेश किया हुआ होनेसें, चतुर्दशी क्षय होते हुए त्रयोदशीके अंदर चतुर्दशीका भी ज्ञान आरोपरूप होगा. ऐसा यहांपर बोलना नहीं: 'त्रयोदशीके अंदर चतुर्दशीके आरोपका अभाव होनेसें, (जैसे) घटपटवाली पृथ्वीमें घटपट दोनो ही है, इसी प्रकार कनकरत्नमय कुंडलके अंदर सुवर्ण और रत्न दोनोका ज्ञान भ्रान्ति ज्ञान होने लायक नहीं है.

वकी०—सुना साहब! आप जब चतुदर्शी और पूर्णिमाको एक ही दिन शरीक मान के आराधते हो, तो कहिये कि आप ही को उपरोक्त प्रश्न कोईकरे तब आप क्या उत्तर देवेंगे?

इन्द्र०—एक दिनमें दोनोही तिथियोंका व्यवहार है, ऐसा ही कहेगें.

वकी०—उस दिन एककी आराधना करते हुए होनेपर भी दोनोंकी आराधना करतें हैं, ऐमा बोलनेमें आपको मृषा-वाद नहीं लगेगा क्या?

इन्द्र०—नहीं. दोनोंकी विद्यमानता होनेसे मृषावाद नहीं लगता.

वकी०—आप चतुर्दशीके रोज क्या दोनो ही पर्व संबंधि क्रिया करते हो, कि जिससे कहदिया कि मृषावाद नहीं लगता? मानो कि—एक व्यक्तिको यह नियम है कि—चतुर्दशीको पौषध मय उपवासको करना, और पूर्णिमाको आंयंबिल सह देसाव-गासिक या अतिथि संविभाग करना; तो क्या. एक ही दिनमें

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

उपवास आयंबील और दो रोज की पृथक् पृथक् क्रिया स्वरूप पौषध और देसावगासिक व अतिथिसंविभाग संबंधी सबही धर्मानुष्ठान उसको प्राप्त हो गया न? कि जिससे बोलदिया कि एक दिनमें दोनोंही तिथियों की आराधना करतें है ?

करना है एककी आराधना, और बोलना है दोकी आराधना! तिसपर भी आपसे तो मृषावाद अलाहिदा ही रहे, यह भी एक अपूर्व आश्चर्य है न ? अच्छा, आगे को पढ़िये.

इन्द्र०-(पढ़ते है) एवमेकस्मिन्नेव रव्यादिवारलक्षणेवासरे द्वयोरपितिथ्योः समाप्तत्वेन विद्यमानत्वात् कौतस्कुतमारोपज्ञानं? अत एवात्रैव प्रकरणे-''संपुण्णत्ति अ काउ''मिति गाथायां या तिथिर्यस्मिन्नेवादित्यादिवारलक्षणे दिने समाप्यते स दिनस्ततिथित्वेन स्वीकार्य इत्याद्यर्थे संमोहो न कार्य इति।

अर्थः-रविवार आदि लक्षणके एक ही दिनमें दोनों भी तिथि समाप्त होनेपूर्वक विद्यमान होनेसें 'चौदशमें पुनमका' आरोप ज्ञान कैसे हो? इसी लियेही इसी प्रकरणमें ''संपुण्णत्ति अ काउं'' इस गाथामें 'जो तिथि रवि आदि लक्षणरूप जिस दिनमें समाप्त हो वह दिन, उस (क्षय) तिथि पने स्वीकार करना, वगैरह कीये हुए अर्थमें मोह करना नहीं-मुंझाना नहीं.

वकी०-देखा न साहब! शास्त्रकारने इधर 'द्वितिथित्वेन' नहीं कहते हुए ''तत्तिथित्वेन'' कहकर 'तत्' शब्दका एकवचनसें एक दीनमें एक ही तिथि लेनेका साफ फरमान कीया है. इसी से यह भी साफ समझा दीया कि-उस पूर्व तिथिको ही

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

क्षयतिथि पने स्वीकारना! अच्छा, आगे पढिये.

इन्द्र०–(पढ़ते है) "अथानन्तर्यस्थितासु द्वित्र्यादिकल्याणतिथिषु किमेवमेवाङ्गीक्रियते? इति चेत्,

अर्थः–अब अंतर रहीत ऐसी दो तीन आदि कल्याणकवाली तिथियोंके अंदर क्या ऐसा ही मंजूर करेंगे? ऐसा जो तूं कहता हो तो "अहो वैदग्ध्यं भवतः, यतः स्वविनाशाय स्वशस्त्रमुत्तेजीकृत्यस्सत् करकुशेशये न्यस्यते, यतो ह्यस्माकमग्रेतनकल्याणक तिथिपाते प्राचीनकल्याणकतिथौ द्वयोरपि विद्यमानत्वादिष्टापत्तिरेवोत्तरं" अर्थः–अहो तुम्हारा पांडित्यपना! जिस करके अपने नाशके लिये अपना शस्त्र उत्तेजीत (तीक्षण) करके हमारे कर कमलमें रखते हो. कारण कि अगली तिथि क्षय होते हुए पहलीतिथिमें दोनोंकी विद्यमानता होनेसें तेने दी हुइ आपत्ति हमकों तो लाभदायक ही है. यही हमारा उत्तर है! "भवता तु प्राचीनाया उत्तरस्याश्च तिथिपाते उभयत्राप्याकाशमेवावलोकनीयमुभयपाशादिति," अर्थः–तुम्हारे तो पूर्व या उत्तर दोनो तिथियोंके क्षयमें आकाशकी तरफ ही देखनेका रहेगा; उभय तरफसें गलपाश होनेसें. "ननु कथं तर्ह्यनंतरदिने भविष्यद्वर्षकल्याणतिथिदिने च प्रथकतपः समाचर्यते? इति चेत्,

अर्थः–'शास्त्रकार वादीको कहते है कि' 'आप कल्याणक तिथिका तप' अनंतर दिनमें और आते हुवे वर्षमें होनेवाली कल्याणकतिथि दिनमें जुदा कैसे करते हो? ऐसी जो तूं शंका करता हो तो (सुन) "उच्यते, कल्याणकाराधको हि प्रायस्तपो-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

विशेषकरणाभिग्रही भवति, स च द्विधा—निरंतरतपश्चिकीर्षुः सान्तरतपश्चिकीर्षुश्च, तत्राद्य एकस्मिन् दिने द्वयोरपि कल्याणकतिथ्योर्विद्यमानत्वेन तदाराधकोपि सन् अनंतरोत्तरदिनमादायैव तपःपुरको भवति, नान्यथा, यथा पूर्णिमा पाते पाक्षिकचातुर्मासिकषष्ठतपोभिग्रहीति, द्वितीयस्तु भविष्यद्वर्षतत्कल्याणकतिथियुक्तदिनमादायैवेति नात्र शंकावकाश इति, युक्तिरिक्तत्वात्, न च खसूचित्वमेव शंकाज्वरनाशौषधीति गाथार्थः"

अर्थः—कहते है कि—कल्याणककी आराधना करनेवाला प्रायःतपविशेष (एकाशन आचाम्लादि) करने के अभिग्रहवाला होता है. वहभी दो तरहका है, एक निरंतर तप करनेकी इच्छावाला, दूसरा सान्तर तप करनेकी इच्छावाला. उसमें पहिला तो साथमें आइ हुई दो कल्याणक तिथिके वक्त उत्तरकल्याणकतिथि क्षय होवे जब दोनो तिथिकी पूर्वकल्याणकतिथिमें विद्यमानता होनेसे उन दोनो तिथियोंकी आराधना करनेवाला होने परभी अंतररहित उत्तर दिनको ग्रहण करके तपकी पूर्तिवाला होता है.

वकी०—(इन्द्र० को रोककर) देखिये साहब! यहां परभी तपसे प्रतिबद्ध एसी कल्याणकतिथिमेंभी उत्तरकल्याणकतिथिका क्षय हो तब पूर्वकल्याणक तिथिमें दोनो तिथियोंका होना दिखला करकेभी एक दिनके तपसे दोनोंकी पूर्ति तो नहीं ही दिखाते है. अर्थात् जहां कल्याणक तिथिके तपकोभी अंतररहित उत्तर दिनको लेकर पूरा करनेके लिये शास्त्रकार साफ २

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

फरमाते है, वहां आपके पूज्यश्री तो पौषधादि अनुष्ठानसे प्रतिबद्ध और नियमित ऐसी दो पर्वतिथियोंकी आराधना एक ही दिनमें होजानेका शास्त्र व परंपरासे विरुद्ध बोलते हुए, व आचरण करते हुए तनिकभी नहीं हीचकीचाते है.

यदि दो तीन कल्याणक तिथियें साथमें हो और उसमें एक तिथिका क्षय हो तब कैसे करना? इस प्रश्नका निकालभी शास्त्रकार करदेतें है कि जैसे १–२–३ इन तीनों दिनों में कल्याणक हो और तृतीयाका क्षय हो तब प्रतिपदामें द्वितीयाका भोग, और द्वितीयामें द्वितीया और तृतीया दोनोंकि समाप्ति होनेसे क्षये पूर्वा० नीयम के अनुसार अमावास्याको एकम एकमको बीज और बीजको तीज बनाके तीनो कल्याणकका तिथि प्रतिबद्ध तप उनतिनों तिथियों में करे. अमावास्याको भी पर्वतिथि तरीके आराधता होवे तो अमावास्याको आये हुवे एकमके कल्याणकका तप अनन्तर ऐसा उत्तरदिन चतुर्थीको कर लेवे. क्षये पूर्वाका नियम भी कल्याणक तिथियोंमें तीन चार कल्याणक तक लगता है. कारण कल्याणक तो दो तीन चार आदि उपरा उपरी अनेक आते है. ऐसे एक तिथिमें भी कितने ही साथ आते है. और शास्त्रकारके कथनानुसार कल्याणककी आराधना बहोत करके तप विशेषसे ही होती है, पर्वतिथियें तो महिनेमें बारा ही आती है, और उनकी आराधना पौषधादि सर्वानुष्ठानसे ही होती है, सबब प्रसिद्ध कल्याणक तिथियोंके लिये भींतीये पंचांगमें ऐसा क्रम है कि

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

एक कल्याणकतिथिका क्षय हो तब "क्षये पूर्वा" का नियम लगाकर पूर्वतिथिको क्षय करना ऐसा करतें यदि पूर्वमें पर्वतिथि हो तो पूर्वतर तिथिका क्षय करना "जैसे अक्षय तृतीयाके क्षय वक्त एकमका ही क्षय किया जाता है यदि वह पूर्वतरतिथिभी कल्याणक पर्वतिथि हो तो उससे भी पूर्वकी अपर्वतिथिका क्षय करना ऐसा आचार्य माहाराजका लेखभी इसी बातको पुष्ट बनाता है और अप्रसिद्धकल्याणकतिथियोंके लीये यह व्यवहार भींतीये पंचांगमें रखा ही नहीं है, देखिये शास्त्रीय पूरावा पृ. ८ पंक्ति २६-२७ "यदि च कल्याणकत्रासरा पर्वतिथयश्च एकत्रायाति तदा किं कुर्वन्तिते ? तत् मेकथयतां, सत्यं, परमं चतुर्थदिनं यावदपि तपःपूर्ति कार्यते, पश्चाद्यथाशक्ति" ऐसा साफ कहा हुआ है और वहां ही भाद्रपद शुक्लपंचमी व समस्त पूर्णिमा अमावास्याओं की क्षय वृद्धिमें भाद्रपद शुक्ल ३ और त्रयोदशीकी क्षयवृद्धि करनेके लिये फरमाया हुआ है. अब आगेको चलाईये.

---

१ पाठक! ख्यालमें रखना कि यहां वादी व शास्त्रकार दोनोही, कल्याणक तिथिको व पर्व तिथिको पृथक पृथक ही रखते है. क्योंकि दो तीन चार तिथियोंमें कोईभी एक पर्वतिथि तो अवश्य आतीही है. और उसको कल्याणक तिथिके साथमें लेतेतो 'दो तीन आदि कल्याणकतिथि" ऐसा नहीं कहते, किंतु दो तीन चारादि कल्याणक तिथि और पर्वतिथि ऐसा ही कहते. दूसरी बात यह है कि-शास्त्रकारको एकही पर्वतिथिमें दो पर्वतिथियोकी आराधना किसी तरहसे इष्ट नहीं हो सकती है. और तपमें दो एकसनोंका एक आयंबील और दो आयंबीलका एक

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

इन्द्र०–जैसे तुम्हारे यहां पूर्णिमाके क्षयमें पाक्षिक और चौमासीके छट्ठ (बेला) का तप करनेके अभिग्रहवाला उत्तर दिन की एकमको लेकर तप पूर्तिवाला होता है, अर्थात् सिद्ध हुआ कि–उपरोक्त रीत्यानुसार ही निरंतर तप (वर्षभरमें आते हुए सबही कल्याणकका तप) करनेवाला तपपूर्ति करता है. अब दूसरा, याने सान्तर (इस वर्षमें अमुक भगवानका ही कल्याणक) तप करनेवाला तो वर्षमें होनेवाली दूसरे भगवानकी उस कल्याणक तिथिको आते दूसरे वर्षमें ग्रहण करके ही तपपूर्ति

उपवास आदि होता है! वैसेही बहुतसे उपवासोंके प्रत्याख्यान एकही दिनमें हो सकते है. और पर्वतिथिकी आराधना तो बहोत करके पौषधादि अनुष्ठानसे होती है, कि–जो अनुष्ठान एक दिनमें एकही नियमित रहता है, परंतु एक दिनमें दो तीन दिनका एक साथ तो होता ही नहीं है. इसी लिये जब पर्वतिथि साथमें आवे, उसवक्त उत्तरतिथिका क्षय होवे, तब दोनो तिथियें एक दिनमें कर लेवे, तो दो दिन सचित्तका त्याग हो, अगर हरिका त्याग हो, या अब्रह्मका त्याग हो तो एकदिन सचित्तका त्याग रखनेसे, एक दिन हरि नहीं खानेसे, एकदिन ब्रह्मचर्य पालनेसे उसका दो तिथि दो दिन पालनेका नियम अखंडित नहीं रहता है!

पर्वतिथिकी दिवस प्रतिबद्ध क्रिया जैसे कि–पौषध, सचित्त त्याग, ब्रह्मचर्य पालनादिकी विवक्षा नहीं करते हुए वर्त्तमान नूतन मति कल्याणक तिथिके मुताबिक सिर्फ पर्वतिथिके भी तपहीको पूर्ण करनेकी विवक्षाको सामने धरते है, यह भारी अन्याय है! सिर्फ तपके लिये तो पर्वतिथि और कल्याणकतिथि तीन चार आदि साथमें आवे तब कैसे करना? इसका खुलासा तो उपर खुद आचार्य महाराजने शास्त्रीय पुरावेके वाक्यमें कितनेही वर्षोंके पहलेसेही फरमा दिया है.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

करता है) यहां तुझे शंकाको स्थान नहीं है, तेरी दलील युक्ति-रहित होनेसे.

वकी०-अच्छा, अब अनुवाद पढ़िये.

इन्द्र०-(पर्व० प्र० पृ. २६ खोलकर) "जो के आगमोंमां त्रण चौमासी संबंधि पुनमो अने अमावास्याओ पुण्यतिथिरूपे महाकल्याणकपणे आराध्य कहेली प्रसिद्ध छे, तोपण श्रावकना पौषध व्रतने आश्रयीनेज सामान्यपणे ग्रहण करेली क्यांए जोवामां आवती नथी.[1] एज कारणथी तेज अपेक्षा राखीने युक्ति-यो बतावाय छे, ते आ प्रमाणे-पूर्णिमा आराध्य छे, ए भ्रान्ति-थी पण चउदशनुं कृत्य पूर्णिमाना दिने करवुं व्याजबी नथी. आ वातने गाथाना उत्तरार्धमां दृष्टांत आपी 'शास्त्रकार' मजबूत करे छे, जेम क्षीण अष्टमीनुं कार्य 'नवमी' कल्याणक तरीके आराध्य होवा छतां नोमना दिवसे करवुं प्रमाणभूत नथी तेम. परगच्छिने पण आ वस्तु मान्य छे. 'अहिं' एम नहिं कहेवुं जोइये के नवमी कल्याणक तिथि होवा छतां चतुष्पर्वीरूपे आरा-ध्य नथी, माटे नोमनी साथे पूर्णिमाने सरखी कां बतावो छो?

---

१ कलिकालसर्वज्ञ भगवान श्रीहेमचंद्राचार्यजी महाराज योग-शास्त्रमें साफ २ फरमाते है कि-अष्टमी, चतुर्दशी, पूर्णिमा और अमा-वास्या, ये चारोंही पर्वतिथि मिलके चतुष्पर्वी है. और इन चारोहीमें पौषध करनाही चाहिये. तब जं. वि. पूर्णिमा और अमावास्याको चतु-ष्पर्वीमेंसेही निकालकर पौषध जैसी उत्तमोत्तम धर्मक्रियाको देशनिकाल देते है! यहतो कलियुगका ही प्रभाव है.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

कारणके अमें तमनेज पुछीये छीये के पूर्णिमा चउदश करतां अधिक छे के तेरस करतां अधिक छे ? चउदश तो सनातन कालथी पक्खिनी तिथि छे, अने भगवान कालिकसूरिथी ते चौमासीनी तिथि पण छे. तेनाथी पुनम अधिक आराध्य छे एमतो तमाराथी बोली शकाशे नहिं ! त्यारे तेरसथी अधिक छे एम तमारे कहेवुं पड़शे. तो एज प्रमाणे नोम पण सातम करतां कल्याणक तरीके अधिक आराध्य छे. आथी पुनम अने नोम मां सरखो प्रसंग आवी पडे, ए देखीतुंज छे. आराध्यरूपे तो पुनम अने बीजी कल्याणक तिथिओमां पण समानपणुं छे ते स्वयं विचारी जवुं जोइये. वलि अमे पुछीये छीये के तुटेली आठमवाली सातम चतुष्पर्वीमां गणाय के नहिं ? जो गणी शकाय, तो तुटेली चउदशवाली तेरस पण चतुष्पर्वी अंतर्गत केम न गणाय ? जो एम कहो के, न गणाय तो तमनेज अनिष्ट प्रसंग छे; केमके–'पर्व' तिथि सिवायनी तिथिमां तमे पौषध स्वीकारता नथी, छतां तमारे माटे तो ते दिवसे स्वीकारेलो गणाशे ! वली चतुष्पर्वी पण आराध्य छतांये बधी एकसरखी छे तेवुं नथी, तो पछी चउदशना क्षये पुनमज पाक्षिकपर्व तरीके शा माटे अंगीकार करवी जोईये ? पाक्षिक पर्वनी अपेक्षाए जेवी त्रयोदशी छे तेवी पूर्णिमा छे. आ प्रमाणे जो न मानिए तो पाक्षिककृत्यनी व्यवस्था नहीं रहे. जो तमे चौदशना क्षये तेरसना बदले पुनमज स्वीकार करवाना मतवाला छो, तो पर्युषणानी चोथना क्षये पांचमनो स्वीकार करीने तमारे व्याकुल थवुं पडशे;

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

ते पण तमारे जाणवुं जोइये. (पृ. २८) खरेखर चौदश विना चौदशनुं कृत्य पूर्णिमामां तदन अयुक्तज छे. श्रीपरमानंदे 'रुद्र-पल्लीय समाचारी' नामना ग्रन्थमां अने जिनवल्लभसूरिए 'पौष-धविधि'मां लख्युं छे के-जो ते दिवसे चौदश होय तो पक्खि अथवा चौमासी पडिक्कमवी, जो न होयतो देवसी अथवा संवत्सरी (जे दिवसे जे होय ते प्रमाणे) पडिक्कमवुं. प्रतिक्रमण करीने साधुनी विश्रामणा करे. भो मित्र ! चतुर्दशी अने पूर्णिमा बन्ने आराध्य तरीके तमने सम्मत छे. 'तेथी' जो तमारा मत प्रमाणे चौदशना क्षये पुनम करवामां आवे तो पुनमनीज आराधना थइ, चौदशनी आराधना उपरतो पाणीज मुकाइ जशे ! जो तमे एम कहेवा मांगो के चौदशनो क्षय थयेलो होवाथी तेनी आराधना पण नष्ट थइ गएली छे, तो अमे तमने मित्रभावे पुछीये छीये के भाई आठमें तमने शुं खानगीमां कांइ आपेलुं छे, के जेथी नष्ट थइ गयेली आठमने तमे फेरवीने मानो छो ? अने चौदशे तमारो शो अपराध कर्यो छे के तेनुं नाम पण सहन थतुं नथी ? जो तमे अमने एम पुछो के पूर्णिमाना क्षये तमे शुं करशो ? तो अमे कहिये छीये के-तमारी विचारचतुराइ तो सरस छे ! केमके-तमो जाणो छो के पुनमनो क्षय थयेलो छे 'ते वखते' चउदशने दिवसे चौदश अने पूर्णिमा बन्ने तिथि पूरी थाय छे, तेथी चौदश भेगी पुनमनी पण आराधना थई जाय छे. आ जाणवा छतां तमे नाहक पुछो छो ? 'चउदशमां पुनमनुं आरो-पण करीने तमे आराधो छो' एम पण तमारे अमोने नहिं

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

कहेवुं. कारणके पुनमनो क्षय थयेलो होवाथी चौदशमां तेनी वास्तवीक स्थिति छेज. ते होवानी युक्ति अमे कही गया छीए अनें हजी आगल क्षीण अने वृद्धि तिथिनुं साधारण लक्षण जणावीशुं त्यां कहीशुं. पण तमे तो तुटेली चौदशने पुनममां तमारी बुद्धिकल्पनाथी आरोपीने आराधो छो ! केमके–पुनममां चौदशना भोगनी गंध सरखी नथी, छतां तमे तो ते होय तेम स्वीकार करीने चालो छो ! तो तमारूं शुं थशे ? तमारुं आ आरोपज्ञान तो सर्वथा मिथ्याज्ञान रुप छे. वादी श्रीदेवसूरिजी 'श्रीप्रमाणनयतत्त्वालोकालंकार'मां फरमावे छे के–जे वस्तु जेमां न होय तेमां ते वस्तुनुं ज्ञान करवुं ए आरोप छे. जेम छीपमां रूपुं न होवा छतां कोई रूपुं मानी ले तेम. जुद्दी वस्तुनुं नाम आरोप छे. वली पुनमना दिवसे कराता अनुष्ठानने तमे पुनमनुं अनुष्ठान कहेशो के चतुर्दशीनुं अनुष्ठान कहेशो ? जो पुनमनुं अनुष्ठान कहेशो तो पाक्षिक अनुष्ठाननो लोप थशे अने जो चौदशनुं कहेशो तो चोक्खो मृषावाद थशे ! केमके–पुनमने चौदश कहेवी ए स्पष्ट मृषाभाषणज छे. अमे ज्यां पुनमना क्षये चौदशमां पुनम स्वीकारीए छीए, त्यां अमने आपत्ति नथी. कारणके 'त्यां' चौदश पुनम बन्ने समाप्त थाय छे. आ विषे वधु 'आगल' कहेवाशे. तमे जो एम पुछता होव के–शुं चौदशना क्षये तेरसमां चौदशनुं ज्ञान मिथ्या नहिं कहेवाय ? तो अमे कहीए छीए के ना नहिं कहेवाय. जमीन उपर घडो अने वस्त्र बन्ने पड्यां होय ते जोईने जेने एवुं ज्ञान

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

थाय के अहीं घडो अने वस्त्र छे ते शुं खोटुं कहेवाशे ? सोना अने रत्नमयकुंडलमां कोईने सोनारत्ननुं ज्ञान थाय ते शुं खोटुं छे ? तो पछी रविवारादि दिवसे ज्यां बन्ने तिथिओ समाप्त थती होवाथी विद्यमान छे त्यां तेनुं ज्ञान मिथ्या आरोप शी रीते कहेवाय ? आ ज कारणथी आ प्रकरणमां "संपुण्णत्ति अ काउं" गाथा १७ मीमां रविवारादि जे दिवसे जे तिथि समाप्त थती होय, ते दिवस ते तिथिरूपे स्वीकारवो इत्यादि विषय कहेवामां आवशे तो तेमां पण तमारी मति मुंझाइ जवी जोइए नहिं. बे त्रण कल्याणक तिथिओ साथे आवेली होय, अने मानो के तेमां उत्तरतिथिनो क्षय आवेलो होय त्यारे पण शुं तमे पुनमना क्षयनी माफक तेना क्षयने पाछलनी कल्याणक तिथिमां समावी देशो ? आ प्रश्ननो उत्तर आपतां शास्त्रकार जणावे छे के बेशक हा. एमां पुछवानुंज शुं छे ? पुनमना क्षये पुनम चौदशमां हती के नहिं ? तेज प्रमाणे धारो के बे कल्याणक तिथिओ साथे छे तेमां बीजी तिथिनो क्षय थयेलो छे एटले शुं ते तिथिज नथी ? ना, ते तिथितो छे पण ते पाछली तिथिमां आवी गइ छे. तो पछी बस एकज दिवसे बन्ने तिथिओनुं आराधन थई जाय छे, एमां तमे अमने आपत्ति शी आपो छो ? आवा प्रसंगेय अमने तो आपत्ति नथी, पण तमारे महा पंचात छे. केमके साथे आवेली बे त्रण कल्याणक तिथिओमां बीजीनो क्षय होय के पहेलीनो क्षय होय तोये तमारे तो आकाश सामुं जोवुं पड़शे ! पण साथे आवेली कल्या-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

णक तिथिओमां आगली क्षीण तिथिने ज्यारे तमे पाछली तिथिमां समावो छो त्यारे तेनो तप केम बीजा दिवसे अथवा आगल उपर आवती तेज कल्याणक तिथिए जुदो करी अपाय छे?

आ प्रश्नो उत्तर ए छे के–कल्याणक तिथिनो आराधक प्रायः करीने तपश्चर्या विशेष करवाना नियम वालो होय छे. ते बे प्रकारनो होय छे (१) एकतो आंतरा रहीत तेनो तप करी आपनारो, अने (२) बीजो आंतरे तप पुरो करी आपनारो. पहेलो माणस एकज दिवसमां बे कल्याणक तिथि होवाथी बन्नेनो आराधक थया छतां बीजो दिवस लईने तेनो तप पुरो करी आपनारो थाय छे. जेवी रीते पूर्णिमानो क्षय होय त्यारे चौमासीना छट्ठ तपना नियम वालो चौदशनी साथे तेरसज अथवा तो एकमेज उपवास करीने छट्ठनो नियम पुरो करे छे. बीजो आदमी के जे कल्याणक तिथिनो सांतर तप करवाना नियम वालो छे, ते आगल उपर आवती तेज कल्याणक तिथिए ते तप करी आपीने पोतानो नियम सफल करे छे. आमां कांई पण विरोध आवे तेवुं नथी. तमारेतो अहीं पण युक्ति नहि होवाथी माथुंज खंजालवानुं छे; माटे फोकट शंकाओ न राखो.

वकी०–(इन्द्रमलजीसे) अच्छा, अब आप आपके किये हुए अर्थ के साथ जं०वि० के अर्थको मिलान किजिये, पहली बात तो यह है कि-जं०वि०की–प्रतिक पाठका "तथापि" और "न क्वापि" इन दोनो वाक्योंका संबंध ही कैसे लगेगा? देखिये!

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

यहां कहना क्या है? यहां तो 'सामान्य' शब्दसें अन्य पूर्णिमाएं लेनी है, इसी बातको पुख्ता करनेके लिये कहते है कि–"जो कि आगमोंमें तीन पूर्णिमाएं और अमावास्याएं कही है, तो भी किसी जगहों पर सिर्फ श्रावकों के पौषध के लिये अन्य पूर्णिमाओंकों ग्रहण की हुई देखनेमें आती है" अब इसका मतलब आप समझीए. जैसे कि मैंने कहाकि–इन्द्रमलजी, मगनी रामजी आगये हैं, तो भी लालचंदजी, गुलाबचंदजी वगैराको जानेदो या लालचंदजी, गुलाबचंदजी वगैराको आनेदो. कहिये, 'तो भी' करके आप क्या संबंध बिठावेंगें, आनेका या जानेका?

इन्द्र०–'तो भी' शब्दसें तो आने देनेका ही साबीत होता है, न कि जानेका.

वकी०–इसी तरहासे "तथापि" इस वाक्यसें अन्य पुनमोंकाही ग्रहण होता है, और लेना भी है. यदि जो अन्य पूर्णिमाओंको लेनीही नहींथी, तो "तथापि" इस वाक्यसे लगाकर "यावत् दृश्यन्ते" तक जितना लिखा है, उतना सब व्यर्थ ही है. क्यों कि–"तीनो पूर्णिमाएं और सब अमावास्याएं पुण्यतिथि और कल्याणक पने से कही हुई है" बस इसीसे ग्रन्थकारका काम चल सकता था, सबब कि–तीन पुनमका कहनेसे अन्य पूर्णिमाओंका निषेध हो ही चुकाथा; तो फिर आगे कों इतना बढ़ानेसें क्या फायदा था? कि–जिससे 'न'कार बढ़ाया और उस 'न'कारको पुष्ट करनेकें लिये इतना प्रयत्न किया? वास्तवमें 'न'कार हे ही नहीं। यहां फक्त "क्वापि" ऐसाही पाठ शुद्ध है.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

ऐसा न हो तो पहले पांवको किचड़में डालना और पीछे पानी से साफ करने जैसा ही होता है, इसके अलावा "मात्रालाघवमप्युत्सवाय मन्यते वैयाकरणाः" इस युक्तिको भी ग्रंथकार नहीं जानतेथे, एसाही मानना पड़ेगा ! दर असल शास्त्रकारने सबही पूर्णिमाओंमें पौषधव्रत ग्रहण किया है. और इस बातके पूरावेमें मैं पहले आपको योगशास्त्रका दाखलाभी बता चुका हूं. अच्छा, अब आप आगेको देखिये ! 'आवयोः' शब्दको तो आपके पूज्यजीने न मालूम कहां छुपा दिया, सो नजरभी नहीं आता ! अच्छा, अब आगेको देखिये ! आपके गुरुजी 'परगच्छ' शब्द कहांसे ले आये ? औरभी देखिये ! 'चौदशने दिवसे, चौदश अने पूर्णिमा बन्ने तिथि पूरी थाय छे–तेथी चौदश भेगी पुनमनी पण आराधना थइ गइ" इन वाक्योंको आप टीकामें बता सकते है क्या ? औरभी देखिये ! 'तमारूं शुं थशे' यह वाक्यभी आपके गुरूजी कहांसे ले आये ? "अहो वैदग्ध्यं" वगेरा सारी पंक्तिहीको तो वे स्वाहाः ही कर गये हैं. अच्छा, औरभी आगेको देखिये" बे त्रण कल्याणक तिथिओ साथे आवेली होय अने मानो के तेमां उत्तरतिथिनो क्षय आवेलो होय त्यारे पण शुं तमे पुनमना क्षयनी माफक तेना क्षयने पाछलनी कल्याणक तिथिमां समावी देशो ? आ प्रश्नो उत्तर आपतां शास्त्रकार जणावे छे के बेशक ! हा, एमां पुछवानुंज शुं ?" वगैरह पंक्तियें टीकामें शायद आपके पूज्यकोही मिली होगी कि जिससे उनोंने लिखी है ? औरभी देखिये ! चौदशनी

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

साथे तेरसेज अथवा तो एकमेज उपवास करीने " वगैरह जो आपके पूज्यश्रीने लिखा हैं, उसे आप टीकामेंसे बतलाईये! कहीं पर भी है? एसा तो आपके पूज्यने कितनाही उलटपुलट, टीकाकारके नामसे अपना मन माना लिख दिया है!!!

इन्द्र०—इससे यहतो साबीत हुआ कि चतुर्दशीके दिनही चतुर्दशी और पूर्णिमाके दिनही पूर्णिमा मानना चाहिये.

वकी०—(इन्द्रमलजीसे) मैं आपसे दर्याफ्त करना चाहता हूं कि यह ग्रंथ (तत्त्वतरंगिणी) किसके लिये रचा गया है?

इन्द्र०—यह ग्रन्थ खरतरके लीये रचा गया है.

वकी०—खरतरको कही हुई युक्ति, तपगच्छमें विधिवाद है ऐसा आप कैसे मान सकते हो?

इन्द्र०—तो क्या उसको समझानेके लिये जैसीतैसी युक्तियें भी लगाई जाती है?

वकी०—नहीं. बीलकुल नहीं. जैसी तैसी युक्तियें नहीं लगाई जाती, किंतु जिसको समझाना है उसको तो उसकी मान्यतावाली युक्तियोंसेही समझाया जाय, तबही वह ठीक तौरसे समझ सकता है! यहां खरतरको इसलिये समझाना है कि-खरतर जो तिथि है, ज्यादे है, भोग है. ऐसी पृथक् पृथक् मान्यतावाला है! और क्षयके वक्त चतुर्दशीको चतुर्दशीके बिना ही पूर्णिमामें डालता है, याने ले जाता है! इसीसे उसको समझानेके लिये उसकी मान्यतावाली युक्तियें शास्त्रकार उसे दिखलाते है.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

इन्द्र०–कितनेक कहतें है कि तिथियोंकी क्षयवृद्धि नहीं होती यह बात तो गलत ही है न? क्योंकि–यदि क्षयवृद्धि नहीं होती तो भगवान् उमास्वातीजी माहाराजको प्रघोष बनानेकी जरुरतभी नहीं रहती.

वकी०–जैनपंचांगकी रीतिसेतो अमुक अमुक महीनोंमें ही तिथियोंका क्षय होता है, लेकिन वृद्धि तो होती ही नहीं है.

इन्द्र०–वृद्धिभी होती है. देखिये पर्वतिथिप्रकाश पृष्ट १८ में श्रीमान् उपाध्यायजी माहाराज लिखतें है कि–जैनज्योतिषके अनुसार क्षय और वृद्धि दोनोही होते है, और इसकी सिद्धिके लिये सूर्यप्रज्ञप्तिका पाठभी दिया है कि–जैनपंचांगका विच्छेद होनेसे अन्य पंचांगका आश्रय लेना पड़ता है! और जैनपंचांगमें यदि क्षयवृद्धि नहीं होती तो प्रघोषकी जरूरतभी नहीं रहती, यह तो मैं पहलेही कह चुका हूं.

वकी०–आप जैनपंचांगका विच्छेद होना बताते है सो प्रवृत्तिरूपसे या गिनतीरूपसें? क्योंकि प्रवृत्तिरूप जैनपंचांग जो श्रीमान् सुधर्मास्वामीजी माहाराजके वक्तमें होता तो शास्त्रोंमें जहां तहां कत्तिस्स बहुलस्स 'चित्तस्स बहुलस्स' आदि नहीं कहते, लेकिन 'अभिनंदस्स बहुलस्स' आदि कहते! और तिथियोंमेंभी अट्ठमी तेरसी वगैरह नहीं कहते हुए जो नाम तिथियोंके जैनशास्त्रोंमें कहे है वे ही नाम कहते. सो तो नहीं कहे! इससे साबूत हो सकता है कि–श्रीमान् सुधर्मास्वामीजी माहाराजके वक्तमेंभी जैनशासनमें अन्य पंचांगका व्यवहार

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

चालु हो तब उसमें होती हुई क्षयवृद्धिके लिये नियमभी होना चाहिये ! इसीसे श्रीमान् उमास्वातीजी माहाराजने प्रघोष बनाया हो अगरतो आजकल (वर्त्तमानमें) भी कार्त्तिक वगैरह महीनोका व्यवहार होते हुएभी बहुतसी जगह 'जनवरी' आदि का व्यवहार देखनेमें आता है, वैसेही शास्त्रकारोंनेभी लिया हो. जाने दीजिये इस बातको मूल बात पर आईये कि–जंबुविजयजीने जो सूर्यपन्नतिका पाठ दिया है वहतो भोली जनताको भ्रममें डालनेके लियेही है. जो पाठ सूर्यपन्नतिका दिया है उसमें तो साफ साफ लिखा है कि छ अवम रात्रियें और छ अतिरात्रियें आती है. (बीचहीमें शिघ्रतासे)

इन्द्र०–कहिये, साहब ! आपही मंजुर करते है न कि–छ अतिरात्री याने वृद्धितिथि ?

वकी०–वाह, जी वाह ! 'अतिरात्री' शब्दका अर्थ वृद्धि तिथि आपके गुरुजीने लिखदिया और आपने मान भी लिया ! और उसी मान्यतापर आप एकदम उछलभी गये ! अच्छा, अब आपही कहिए कि जब छ तिथि बढ़ती है और छ तिथि कम होती है, तब तो वर्षके दिन ३६० ही होवे'गे' न ?

इन्द्र०–जैन ज्योतिषकी गिनतीमें ऐसा ही होता होगा.

वकी०–इससे क्या आप ऐसा कहना चाहते है कि–जैन ज्योतिषमें अधिक मास नहीं होता है ?

इन्द्र०–इस घटती बढ़ती के हिसाबसें तो ऐसाही है, लेकिन मैंने ऐसा भी सुनाथा कि–जैनपंचागमें तो पौष और

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

आषाढ़ मासकी ही वृद्धि होती है.

वकी०—अच्छा, तो अब आप ही कहिये कि जब ३६० दिवसका वर्ष होता हो, तो अधिक मासको कहां बिठावेंगें? दर असल बात यह है कि—अहोरात्री सूर्य के साथ संबंधवाली है, और तिथि चंद्रके साथ संबधवाली है. इसका खुलासा भी लोकप्रकाश नामक ग्रन्थमें दिया हुआ है, देखिये. (धूलचंदसें) अपने साथ लोकप्रकाश लाये हो क्या?

धूल०—साथमें तो नहीं लाया साहब!

वकी०—अच्छा, तो सामने जो जैन लायब्रेरी है वहांसे ले आओ.

धूल०—इसवक्त तो लायब्रेरी बंद है.

वकी०—लायब्रेरीके सेक्रेटरीकी दूकान नीचे ही है. मेरा नाम लेकर सेक्रेटरीको कहना ता कि वे निकाल देवेंगें.

धूल०—बहुत अच्छा. (धूलचंद जाकर वहांसे लोकप्रकाशके चारों हीं भाग ले आता है, और वकील साहबको देता है. वकीलसाहब लोकप्रकाश भा. ३ पत्रांक. ३९७ का पूर्व पृष्ट श्लोक ७६१ नीकालकर पढ़ते है.)

वकी०—अहोरात्र तिथीनां च, विशेषो यमुदीरितः। भानूत्पन्नाहोरात्रास्तिथयः पुनरिंदुजा ॥ ७६१ ॥ अहोरात्रो भवेदर्को-दयादर्कोदयावधि। द्विषष्ठितमभागोनाऽहोरात्रप्रमिता तिथिः ॥ ७६२ ॥ इत्यादिभिर्विशेषैःस्यादहोरात्रात्पृथक्तिथिः । द्विधात्वं च भवेत्तस्या दिनरात्र्यंश कल्पनात् ॥ ७६३ ॥

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

अर्थः-अहोरात्र और तिथियोंमें इतना फर्क है कि-अहोरात्र सूर्योत्पन्न है, और तिथियें चंद्रसें उत्पन्न होई हुई है ॥१॥ एक सूर्योदयसे दूसरे सूर्योदय तकका जो काल (टाईम) उसे अहोरात्र कहते है उससे बासठ वे भाग न्युन जो काल (टाईम) है वही तिथि ॥ २ ॥ इत्यादि विशेषों करके अहोरात्र से तिथि पृथक ही है, और दिन व रात्री, ऐसी कल्पना करने से उस (तिथि) के दो विभाग होते है. ॥ ३ ॥ सुना साहब ! श्रीमान् उपाध्यायजी श्रीविनयविजयजी महाराज जो कहते है, इससे साफ जाहिर होता है कि-तिथि और अहोरात्र जुदे ही है. औरभी देखिये ! तिथि तो २९ $\frac{३२}{६२}$ मुहूर्त्त की होती है और अहोरात्रीतो संपूर्ण ३० मुहूर्त्तकी होती है. तो कहिये कि २९ $\frac{३२}{६२}$ (५९घड़ीके करीब) मुहूर्त्त वाली जो तिथि है, ऐसी तिथियोंमेंसे कोनसी एक तिथि बढ़कर दूसरे सूर्योदयको स्पर्श करेगी ? क्योंकि जैनशास्त्रमें ५९ घडीसे अधिक तिथि मान तो है ही नहीं. आषाढ शुक्ल पूर्णिमाको युगान्त होता है, "श्रावण कृष्ण प्रतिपदासे युगका प्रारंभ होता है. श्रावण कृष्ण प्रतिपदा के रोज सूर्योदयके साथ प्रतिपदाका भी प्रारंभ होता है." अब आप इसका गणित निकालकर बतलाओ कि-किस महीनेमें कोनसी तिथि दूसरे सूर्योदयको स्पर्श करनेवाली हुई ? कहिये कि कोइ भी नहीं. इस से सिद्ध हुआ कि-हरएक तिथि अहोरात्र से न्युन होते होते बांसठमी तिथि सूर्योदयको स्पर्श किये विनाहि पूर्ण होजाती और वही तिथि क्षय तिथि कहलाती हैं,

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

लेकिन जैन शास्त्रानुसार वृद्धितिथि तो आकाशकुसुम जैसी ही है. जैनशास्त्रोंका ऐसा फरमान होते हुएभी 'अतिरात्र' शब्दका वृद्धि तिथि अर्थ बतलाकर जनताको भ्रममें डालना क्या न्याय संगत है ?

इन्द्र०-तो श्रीमान् उपाध्यायजीने पर्वतिथि प्रकाशमें जो सूर्यप्रज्ञप्तिका पाठ दिया है वह गलत है क्या ?

वकी०-पाठ तो गलत नहीं है, किंतु उसका अर्थ जो उनोंने लिखा है वह अर्थ तो अवश्यमेव गलत है ! क्यों कि-अतिरात्रका अर्थ 'दिवस' करना छोडकर वृद्धि-तिथि ही लिख दिया है, जो मैं आपको पहले भी बताचुका हूं !

इन्द्र०-"चतुर्दश्यां द्वयोरपि विद्यमानत्वेन तस्या अप्याराधनं जातमेव" इस वाक्यसें यहतो सिद्ध हुआ कि-चतुर्दशी के अंदर पूर्णिमा शरीक होनेसे उसरोज दोनो तिथियोंकी आराधना हो गई !

वकी०-पहले मैं आपको बता चुका हूं और आपने भी उस वाक्यका यथार्थ अर्थ सुनाया है, तो भी आप अपनी पकड़ी हुई बातको क्यों छोड नहीं सकतें ? अच्छा, आप ही कहिये, शरीक (साथ) को आप कैसे मानतें है ?

इन्द्र०-जैसे कुछ वक्त पहले यहांपर पंडितजी और कुंवर-साहब दोनो आये, इनको कह सकते है कि-दोनो साथही आये है.

वकी०-यदि पंडितजी अपने स्थानसे आते, और कुंवर-साहब अपने स्थानसे आते और पंडीतजी आकर बैठे कि इनके

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

पीछे ही कुंवर साहब आते तो आप दोनोही को 'साथ आये' एसा कहसकतें ?

इन्द्र०-'साथ आये' ऐसा तो नहीं कह सकतें लेकिन पंडितजीके पीछे, के पीछे ही कुंवरसाहब आये ऐसा जरुर कहसकते.

वकी०-इसीतरहासे मानो के दूजका क्षय है तो आपकी मान्यतानुसारतो एकम दूज साथ ही है न ?

इन्द्र०-जीहां साथ ही है.

वकी०-सूर्योदयके वक्त एकम कितनी घड़ीयें रही और दूज कितनी घड़ीयें रही सो कहिये ?

इन्द्र०-दूजकी घड़ीयें तो एकमकी घड़ीयें खत्म होनेबाद आवेगी. और उदयवक्त तो एकम ही रहेगा. दूज कैसे रह सकती है ?

वकी०-बस, तो कहीये कि-एकमकी समाप्ति होनेबाद दूज है, नकि एकम दूज साथ है.

इन्द्र०-अच्छा, साथ नहीं कहेंगे, लेकिन सामिल कहेगें उसमें तो हरजा नही है न ?

वकी०-क्यों नहीं ? सामिल भी नहीं. सबब एकमकी समाप्ति होने बादही दूज आती है. एक मकानको लालचंदजीने खाली करदिया कि पंनालालजी उसमें रहने लगे, तो क्या लालचंदजी पन्नालालजी शामिल है ऐसा आप कहेंगे ?

इन्द्र०-आपतो ऐसी बेसी बाते करके मुझे चक्करमें डालतेहो ! अखीर हो तो वकीलन. ?

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वकी०—वकील हो, एसा कहनेसे क्या होता ? आप जो साथ—शरीक—सामिल वगैरह शब्द कहते हैं, उसे सिद्ध करना आपका फर्ज ही है न ?

इन्द्र०—फर्ज बर्ज कुछभी नहीं ! हमें तो शास्त्रका वचन प्रमाण है. और शास्त्रमें कहा है कि "तस्या अप्याराधनं जातम्"

वकी०—"तस्या अपि" इस वाक्यसे उसकाभी आराधन हो गया ऐसा जो आप मानते हो तो कहिये कि—किसका आराधन हो गया ?

इन्द्र०—क्षयतिथिका.

वकी०—दूजके क्षयमें आपने एकमकी आराधना की या दूजकी ? उसरोज मुख्यता किसकी मानोंगें ?

इन्द्र०—आराधनामें तो मुख्यता दूजहीकी मानेंगें, क्यों-कि—आराधना तो दूजकीही करनी है न ?

वकी०—अच्छा, पूर्णिमाके क्षयमें मुख्यता किसकी मानोंगे?

इन्द्र०—पूर्णिमाके क्षयमें मुख्यता चतुर्दशीकीही रहेगी, और आराधना दोनोंहीकी हो जायगी.

वकी०—इस अर्धजरतीय न्यायको अनुसरनेका शास्त्रका-रतो खरतरको कहते है, परंतु इस भेलसेलीये मतसे तो आप-हीनेभी यह न्याय मंजूर करलिया है.

इन्द्र०—यह कैसे ?

वकी०—आप नहीं समझे क्या ?

इन्द्र०—(कुछ बिचारकर)हां हां समझ गया ! जैसे खरतर

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

को कहते है कि-अष्टमीके क्षयवक्त अष्टमीको सप्तमीमें लाता है और चतुर्दशीके क्षयमें चतुर्दशीको पूर्णिमामें ले जाता है. यह जैसा अर्धजरतीय न्याय है, इसी तरहसे यहांपरभी दूजके क्षयवक्त हमारेको एकममें तो दूजकी मुख्यता और पूर्णिमाके क्षयमें चतुर्दशीमें पूर्णिमाकी मुख्यता छोड़कर चतुर्दशीकी मुख्यता होती है, यही अर्धजरतीय है न ?

वकी०-मैंनेतो गुप्तही रखाथा, लेकिन आपने तो खुलासा ही करदिया, यहतो बहुत अच्छा किया है, परंतु इसमें तो आपको बहुतसी कठीनाइयें आवेंगी !

इन्द्र०-कैसे ?

वकी०-भाद्रपद शुक्ल ५ का क्षय है और चतुर्थी उदयवक्त सिर्फ एक घड़ी है उसवक्त आप मुख्यता चोथकी मानोंगें तो पंचमी लोपकी आपत्ति आवेंगी ! यदि पंचमीकी मुख्यता मानोंगें तो चतुर्थीको छोडकर पंचमीके रोजही संवत्सरी और संवत्सरी प्रतिक्रमण करनेकी आपत्ति आवेगी.

इन्द्र०-आपत्ति हे ही नहीं; क्योंकि-"तस्या अप्याराधनं जातम्" इस वाक्यको मैं सुनाता हूं, और आप इस वाक्यकों दबाकर दूसरी तीसरी बातकोही लाकर यहां धर देतें है.

वकी०-इस वाक्यको मैं दबाता नहीं हूं, लेकिन इसके अर्थको ठीक तौरसे समझाना चाहता हूं. अच्छा, आप "दोनो की आराधना" एसा अर्थ किस वाक्यसें करते हो ?

इन्द्र०-"तस्याः" इस वाक्यसे.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वकी०—यह कोनसे शब्दका रूप है? कोनसा लिंग है? किस विभक्तिका, कोनसा वचन है?

इन्द्र०—यह 'तत्' शब्दका स्त्रीलिंगमें षष्ठीका एकवचन है.

वकी०—एकवचनसें एक तिथिका अर्थ होता है, या दो का?

इन्द्र०—एकवचनसें अर्थतों एक ही का होता है.

वकी०—तो इस एकवचनसें दो तिथिका अर्थ करना आप कहांसे सिखे हो?

इन्द्र०—परंतु साथमें अपि शब्द पड़ा है न.

वकी०—वाहजी वाह! शास्त्रकारको ढुंढ़ते ढुंढ़ते कहींपर-भी तयोः अगर द्वयोः (द्विवचनात्मक) प्रयोग नहीं मिला तब 'तस्याः' लेकर बादमेंही यहां 'अपि' शब्द लिया होगा क्यों?

इन्द्र०—'तयोः' अगर 'द्वयोः' ऐसा प्रयोग ग्रन्थकारको नहीं मिला ऐसा तो मैं नहीं कह सकता.

वकी०—तब आप क्या कह सकते है?

इन्द्र०—"द्वयोरपि विद्यमानत्वेन" इसीसे दोनोका शामिलपना साबीत होता है.

वकी०—'दोनोंकी आराधना हो गई 'और' दोनोका शामिलपना है, इन दोनो वाक्यको आप एकही मानते हो क्या?

इन्द्र०—खैर जाने दीजिये! शामिलपना तो आपको मान्य है न?

वकी०—आराधनामें बिलकुल ही नहीं.

इन्द्र०—यह कैसे?

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वकी०—शास्त्रकारने कहा है वैसे. शास्त्रकारने तो चतुर्दशीके क्षयके वख्त "तत्र त्रयोदशीति व्यपदेशस्याप्यसंभवात् किंतु प्रायश्चित्तादिविधौ चतुर्दश्येवेति" एसा साफ २ कहकर सामिलपनेका निषेधही किया है, यहतो आपभी जानते हो तो भी क्यों शंका लाते हो ? वहां चतुर्दशी क्षयके वख्त 'त्रयोदशीके दिन 'त्रयोदशी' ऐसे व्यवहारका अभाव ही होनेसे (तेरस ऐसा बोलना तक नहीं.) किंतु प्रायश्चित्तादि विधि (धर्मक्रिया) में तो चतुर्दशी ही है (ऐसाही बोलना.) एसा अर्थ खुद आपनेही नहीं कीया क्या ?

इन्द्र०—यदि उसदिन आप पूर्णिमा मानोंगें तो आपको चतुर्दशीके लोपकी आपत्ति आवेगी ! क्योंकि आप पर्वतिथि होनेसे चतुर्दशीका क्षयतो कर ही नहीं सकते हो ?

वकी०—हमें किसी प्रकार आपत्ति है ही नहीं. देखियेः हमारेको तो त्रयोदशीके दिन चतुर्दशी हो जायगी, और चतुर्दशीके दिन पूर्णिमा हो जायगी. सबब आपत्ति तो आपहीको है. औरभी दृष्टान्तसें आपको समझाता हूं. जैसे कि–एक कमरेमें दो खुरसीये रखी हुई हैं, और उस कमरेमें एक खुरसी पर एक राजकुमार बैठे हुए हैं, और दूसरी खुरसी पर एक कर्मचारी या कोई अन्य व्यक्ति बैठा हुआ है, इतनेमें कार्यवशात् दूसरे राजकुमार वहां आगये. उनकें आते ही दोनो व्यक्ति खड़े हो गये. अब आपही कहिये कि–आगन्तुक राजकुमार, और पूर्वस्थित राजकुमार, एक खुरसीपर बैठेगें और दूसरी जो

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

व्यक्ति हैं, वह एक खुरसी पर बैठेंगा.

इन्द्र०-नहीं, आगन्तुक राजकुमार और पूर्वस्थित राजकुमार ऐसे दोनोही कुमार दोनों खुरसीयोंपर बैठेंगे, और तीसरा व्यक्ति नीचेही बैठेगा.

वकी०-इसी मुताबिक ही उस वक्त तेरसका क्षय होकर चतुर्दशी और पूर्णिमा स्वतंत्र ही रहेगी. इससे आपका यह प्रश्न तो उड़ही जाता है कि-पूर्णिमाके क्षयमें त्रयोदशीका क्षय कैसे? और दूसरी एक मोटी आपत्ति आपको आवेगी. वहतो मुनाफेमें!

इन्द्र०-कैसे ?

वकी०-जब भाद्रपद शुक्ल ४ का क्षय होगा, तब आप संवत्सरी किसदिन करेंगे ?

इन्द्र०-भाद्रपद शुक्ल तृतीयाको.

वकी०-उसदिन आप बोलेंगे क्या ?

इन्द्र०-'आज तिथि तृतीया है और आराधना चतुर्थीकी हैं' ऐसा बोलेंगे !

वकी०-आपको आराधना चाहे चतुर्थी की, हो लेकिन संवत्सरी तो तृतीया ही को हैं न ?

इन्द्र०-इसमें इनकार कोन कर सकता हैं.

वकी०-दूसरे वर्ष आप संवत्सरी किस तिथिको करेंगें ?

इन्द्र०-भाद्रपद शुक्ल ४ को ही करेंगे.

वकी०-जब आपकी मान्यतानुसार पहले वर्ष तृतीयाको संवत्सरी, और दुसरे वर्ष चतुर्थीको संवत्सरी करना शास्त्रसिद्ध

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

हैं, तो भगवान कालिकसूरिजीने पहले वर्ष चतुर्थीको संवत्सरी करके दुसरे वर्ष जो पंचमी, 'कदीसे चली आती थी' उसको नहीं करते हुए चतुर्थीही रखी गइ इसका क्या सबब ?

इन्द्र०-यहतो श्रीमन् महावीरप्रभुने फरमाया था कि— संवत्सरी कालिकसूरिसे पंचमीके बदले चतुर्थीकी हो जायगी.

वकी०-इसका सबब ?

इन्द्र०-सबब क्या ! भगवानने ज्ञानमें ऐसाही देखा था.

वकी०-और कोइ खास कारणतो नहीं न ?

इन्द्र०-(कुच्छ शोचकर) हां हां बेशक, आपका कहना ठीक है. अनन्तानुबंधिका प्रसंग आ जाता है, परंतु यह प्रसंग इसमें नहीं लग सकता हैं, सबब आराधना तो चतुर्थीकी है, और तृतीयाके साथ चतुर्थीभी हैं.

वकी०-तो क्या भगवान कालिकसूरिजीने चतुर्थीकें दिन चतुर्थीकी आराधना की थी, या पंचमीकी ? पंचमीके साथ संबंध रखनेवाली जो संवत्सरी संबंधी आराधना थी, वही आराधना चतुर्थीकें दिन की थी तोभी दूसरे वर्ष पंचमीको नही ले जाते हुए चतुर्थी ही को कायम रखी थी ! लेकिन आपतो एक वर्ष तृतीयाको करके दूसरे वर्ष चतुर्थीको करते है. सत्य बात समझाने परभी पक्षपातके चश्मे कहांतक घसीट जाते है ? दृष्टि-रागभी कोइ अजीब चीज हैं. अनन्तानुबंधिकी आपत्ति आपको जबरजस्त आवेगी, खैर–इस विषयके शास्त्रीय प्रमाणभी मैं आपको दिखलाउंगा. हालमें आप अपनी युक्तियें बताते जाइयें.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

इन्द्र०–उदयंमी जा तिहि सा पमाणंमिअरीइ कीरमाणीए आणाभंगऽणवत्था मिच्छत्तविराहणं पावे ॥ १ ॥

इस गाथासें यह निश्चित होता है कि–उदयवाली ही तिथि ग्रहण करना. अन्यथा करनेसे आज्ञाभंग आदि दोष होते हैं. इसीसे उदयवाली सप्तमीके दिन सप्तमी है ऐसा मानना, और आराधना अष्टमीकी करना; यही सिद्ध होता हैं ! यदि ऐसा जो न करें तो उपरोक्त (आज्ञाभंगादि) दोष जरुर होते है.

वकी०–आपके इस कथनको श्रीउमास्वातीजी माहाराजने जो "क्षये पूर्वातिथिः कार्या०" कहा है उसके साथ तो विरोधही आता है, उसका क्या ?

इन्द्र०–विरोध नहीं आ सकता, लेकिन इस कथनसें पूर्वोक्त नियम पुष्ट होता है ! देखिये त्रयोदशी उदयवाली होनेसे त्रयोदशी को त्रयोदशी मानना और चतुर्दशीका क्षय होनेसे तेरसके रोज चतुर्दशीकी आराधना करनाः ऐसी रीतिसें तेरस मानने व कहनेसें "उदयंमि" वाला नियम मंजूर हुआ और आराधना चतुर्दशीकी करनेसें "क्षये पूर्वा" का नियमभी पालन हो गया ! इस रीत्यानुसार विरोध आ ही नहीं सकता है. देखिये श्रीमान् जं० वि० मा० लिखते है (पर्वतिथिप्रकाश पृ. ३६ पंक्ति २० खोलकर) कि–" क्षये पूर्वा० " नो नियम क्षीणपर्वतिथिने पूर्वतिथिमां आराधवानुं जणावे छे परंतु तेने बदले पूर्वतिथिनो क्षय करी नांखवानुं जणावतो नथी " इससें साबीत होता है कि–क्षयके वख्त पहली तिथिमें आराधना करना.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वकी०–यहतो मैं पहलेही कह चुका हूं कि आपके पूज्य-श्रीने ऐसेही खोटे खोटे अर्थ लिखकर व कहकर भोली जनताको भ्रममें डाली है. मैं आपसे पूछता हूं कि " क्षये यह कोनसी विभक्ति है और इसका अर्थ क्या होता है?

इन्द्र०–यह सप्तमीका एकवचन है और इसका अर्थ होता है 'क्षय होते हुए या क्षयमें.'

वकी०–"पूर्वा" शब्दकी विभक्ति और अर्थ कहिये!

इन्द्र०–"पूर्वा" शब्द, प्रथमाका एकवचन है, और अर्थ होता है 'पहली.'

वकी०–"तिथिः" शब्दके विभक्ति आदि कहिये.

इन्द्र०–यहभी प्रथमाका एकवचन है, और अर्थ होता है 'पर्वतिथि.'

वकी०–"कार्या" शब्दके वि० आदि कहिये!

इन्द्र०–प्रथमाका एकवचन है, और अर्थ होता है 'करना'

वकी०–'क्षय होते हुए पहली तिथिमें आराधना करना' इस वाक्यमें रहे हुए 'तिथिमें' का अर्थ सप्तमी विभक्तिका है, या प्रथमाका?

इन्द्र०–अर्थतो सप्तमीका है. प्रथमाका नहीं.

वकी०–प्रथमाको सप्तमी दिखलाके आपके गुरूजीने अर्थ लिखदिया और आपने मानभी लिया, क्यों?

इन्द्र०–यहतो अध्याहार लिया है.

वकी०–आपने अध्याहारका मंत्र ठीक कंठस्थ करलिया है!

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

जहां तहां अध्याहार लिया है अध्याहार लिया है ऐसा मुँहसे ही बोलना है, कि कोइ शास्त्राधारसें ? कदाचित् आराधनाको अध्याहार ले लेओगें परंतु प्रथमाके स्थानमें सप्तमीको अध्याहार किस आधारसे लेओगें ?

इन्द्र०—यदि ऐसा जो ग्रहण नहीं करेंगें तबतो परस्पर विरोध आवेगा.

वकी०—आपको व्याकरण शास्त्रके सामान्य और विशेष ऐसे नियमोंकी मालूम नहीं होनेसे ऐसा फरमातें है, देखिये व्याकरणका एक नियम है कि—"इकोयणचि ६ । १ । ७७" इसका अर्थ है कि—"इक्" कायण् होता है अच् पर रहते. इ—उ—ऋ—ऌ—इन चारोही स्वरोकों (चाहे दीर्घ हो चाहे ह्रस्व हो) 'इक्' कहते है, और तमाम ही स्वरोंको "अच्" कहते है. "सुधी+उपास्यः" अब यहांपर धकारोत्तरवर्त्ति जो ईकार है.' "ईक्" है और "उपास्य" शब्दका आदि जो 'उकार' है वह 'अच्' है, तो यहांपर 'ई' का 'य' होता है.

यह सामान्य नियम है कि—जो सब जगह लग जाता है ! जैसे 'भानु उदयः' यहांपरभी पूर्वोक्त नियम सामान्य होनेसे लग सकता है, परंतु यहां दोनो उकार सवर्णीय होनेसे विशेष नियमकी जरुरत हुई—तब इसके लिये और विशेष नियम बनाना पड़ा कि—अकः सवर्णे दीर्घ ६ । १ । १०१'

अर्थः—'अक्' को सवर्ण पर रहते दीर्घ होता है. इस विशेष नियमसे 'यण्' का (वकी) रूकावट हो गई; और 'दीर्घएका-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

देशः' होकर 'भानूदयः' ऐसा रूप बनगया. यह सामान्य विशेष है. इसी मुताबिक "उदयंमि०" वाला नियम सामान्य नियम है. इससें यह किया कि-तिथि उदयवाली ग्रहण करना; परंतु बात यह है कि-क्षयवृद्धि हो तब क्या करना ? क्योंकि क्षयवृद्धिमें तो यह नियम लागु नहीं हो सकता ! तिथि ही नहीं है तो यह नीयम किसको लगावें ? इसीसें "क्षये पूर्वा०" का विशेष नियम बनाया गयाः अब आप समझे होगे कि— 'उदयंमि०' नियम क्षयवृद्धिके वख्त कामका ही नहीं ? दूसरी बात यह है कि-हम लोगतो चतुर्दशी क्षयके वख्त सुबहसे ही त्रयोदशीको चतुर्दशीरूप मानते है. इससें " उदयंमि " वाले नियमका भी हमारेको तो पालन होता है ! क्योंकि-त्रयोदशीका सूर्योदय पहलेही चतुर्दशीका सुबहका प्रतिक्रमण करके प्रतिक्रमणमें धारते है कि-'आज चतुर्दशी होनेसें उपवास करना है वगैरह. और "क्षये पूर्वा" का भी हमारेको पालन होता है ! 'त्रयोदशीका क्षय माननेसें.' इन नियमोंको आप भूल गये और चतुर्दशीके क्षयके वख्त त्रयोदशी खडी रखने लगे तब आपको ही यह विरोध खड़ा हुआ ! और विरोध मिटानेको प्रथमाके स्थानमें सप्तमीको लाकर बिठाना पड़ा ! वाहजी वाह ! आपकी बुद्धिको भी धन्य हो ! इससें आपको अब तो निश्चित हुआ न ? कि-क्षय हो तब पूर्वअपर्वतिथिको क्षयतिथिरूप ही मानना और वृद्धि हो तब उत्तरतिथिकों तत्तिथिरूप मानना, तत्त्वतरंगिणीकारने भी इसीसें ही कहा है कि-" त्रयोदशीति व्यपदेश-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

साध्य संभवात्" 'त्रयोदशी' ऐसे नामका भी असंभव होनेसें. आगे चलकर भी तत्त्वतरंगिणीकार वादिको कहतें है कि—"परावृत्त्याभिमन्यते" आठमको तो फीराकर (याने सातमको आठम बना करके) मानता है, और चतुर्दशीका तो नामभी सहन नहीं करता है! इससें भी यह साबीत हुआ कि-पर्वतिथिके क्षयवक्त पूर्वअपर्वतिथिहीको क्षयरूप मानना और उसका (पूर्वअपर्वतिथिका) तो नाम भी नहीं लेना! अब आपही कहिये कि-"क्षये पूर्वातिथिः कार्या" इसका अर्थ, जो आपके गुरूजीने लिखा है कि-"पूर्वतिथिमां आराधवानुं जणावे छे" यह लिखान अल्पांश भी सत्य है?

इन्द्र०-विभक्ति सह अर्थका बिचार करते हुए तो योग्य मालूम नहीं होता, परंतु सुवर्ण रत्नमय कुंडलमें सुवर्ण और रत्नका ज्ञान क्या मिथ्याज्ञान है?

वकी०-सुवर्ण रत्नका ज्ञान खोटा नहीं है परंतु व्यवहारतो रत्नके नामसेंही होता है न? कहिये? आपकी उंगलीमें यह अंगुठी किसकी है? ऐसा किसीने पूछा तो आप क्या कहेंगे.

इन्द्र०-पन्नेकी.

वकी०-घाटतो सोनेका है पन्ना तो अंदर जड़ा हुआ है तोभी आप सोनें पंनेकी नहीं बोलते हुए 'पन्ने की है' ऐसा क्यों बोलते हो? इसमें आपको मृषावाद नहीं लगा?

इन्द्र०-नहीं. क्योंकि व्यवहार ऐसाही है.

वकी०-ऐसेही आप इन जुहारमलजीसें पूछीये कि-आप

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

दलाली करते है, उसमें कोई दगीना हीरेसें जड़ा हुआ हो, कोई दगीना पन्नेसें जड़ा हुआ हो, कोई माणेकसें जड़ा हो तो उन दागीनोंको आप कैसे बोलेंगें ? (जुहारमलजीकी तरफ देखकर) कहिये ! साहब !! आप सोने हीरेकी अंगुठी, सोने पन्नेका शीरपेच, सोने माणेकका कंठा, ऐसा बोलेंगे क्या ?

जुहा०-जी नहीं ! हमारा व्यवहारतो जड़ीत वस्तुके नामसेही होता है. जैसे कि-पंनेकी वींटी, हीरेका कंठा, पूखराजका शीरपेच, माणेककी चूडी, वगैरह.

वकी०-इसको भी इन्द्रमलजी लोकव्यवहार कहकर टाल देगें ! अच्छा, आप अभी ही श्रीगिरिराजसें नवाणुं, यात्रा करके आये हो, और वहांतो लोकोत्तर व्यवहार ही चलता है. कहिये ! वहां हीरेका मुकुट भगवानको कितने वक्त चढाया गया था ?

जुहा०-यह गिनती तो हमने रखी नहीं, लेकिन बहुतसी वक्त चढाया गया था.

वकी०-जिसदिन वहांपर हीरेका मुकुट चढ़ाया जाता था, उसदिन आज सोने हीरेका मुकुट चढ़ाया है, ऐसा व्यवहार होता था या हीरेका मुकुट चढ़ाया है: ऐसा ?

जुहा०-वहांपरतो 'हीरेका मुकुट चढाया है' ऐसाही व्यवहार होता है, नकि सोनेहीरेका.

वकी०-इससे भी यह सिद्ध हुआ कि-जैसे मुकुटमें हीरेकी मुख्यता है वैसेही सातममें आठमकी, और त्रयोदशीमें चतुर्दशीकी मुख्यता है. इसीसे ही शास्त्रकार साफ २ फरमाते है

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

कि-उस दिनको सप्तमी अगर त्रयोदशी आदि नामोंसे व्यवहार करना ही नहीं. (अर्थात् आज सप्तमी है, त्रयोदशी है एसा बोलना तक नहीं.)

औरभी सुनिये ! तिथि सातम की गई और आराधना आठमकी ! एसा यदि आप मानेंगें तो ढुंढकपन आपको प्राप्त होगा, और स्थापना निक्षेप उठही जायगा !

इन्द्र०-यह कैसे ?

वकी०-जैनशासनमें कोईभी क्रिया बिना स्थापने के हो नहीं सकती यहतो आप जानतेही है न ?

इन्द्र०-हां यहतो मैं आनता हुं कि-बिना स्थापनाके कोई क्रिया नहीं होती. और मुनिमाहाराज भी विहारादिमें कार्यवशात् दंडेको स्थापन करकेही "ईरियावही" करते है.

वकी०-जैसे इरियावही, बिना स्थापनाके नहीं हो सकती है; तो फिर अष्टमी वगैरह पर्वतिथियोंकी आराधना, उनकी-याने पर्वतिथियोंकी स्थापना किये बिना कैसे हो सकेगी ? सबब कि आज अष्टमी है ऐसा माननाही होगा.

इन्द्र०-वह अष्टमी वास्तविक तो नहीं न ? है तो कृत्रिम न?

वकी०-बस, अबतो साफ २ जाहिर हो गया है कि—आपमें ढुंढकपना घुस गया है.

इन्द्र०-कैसे ?

वकी०-यदि आपमें ढुंढकपना नहीं आया होता तो आप स्थापना निक्षेपाको "कृत्रिम" ऐसा संबोधन हरगिज नहीं

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

करते. क्योंकि–जैनशास्त्रकारतो फरमातें है कि–जिसकी स्थापना होवे वह पदार्थ, ओर उसकी स्थापनामें कुछभी फर्क नहीं है "जिन पड़िमा जिनसारीखी कही सूत्रमझार" इति वचनात्

इन्द्र०–यहतो सत्य ही है. लेकिन अष्टमीकी आराधना करनेमें अष्टमीकी स्थापना करनेकी क्या जरूरत है ?

वकी–०ढुंढीये भी यही कहते हैं न ? कि—भगवानकी आराधना करनेमें भगवानकी मूर्ति (स्थापना) करनेकी क्या जरूरत है. ?

इन्द्र०–आप हरवक्त ढुंढीयेको लाकर बिठाते हो यह तो अच्छा नहीं: सबब कि अपने चालु विषय ही को चलाना चाहिये.

वकी०–ढुंढीयेंका तो स्थापना बाबत दृष्टान्त है.

इन्द्र०–अच्छा, अन्य स्थापनामें तो नवकार पंचिंदियसें स्थापना करते है और प्रभुस्थापनामें मंत्रादिका विधान होता है, ऐसा सप्तमीके दिन अष्टमीकी स्थापना कैसे होती है ?

वकी०–भरत महाराजने मरीचिके अंदर श्रीमहावीरकी स्थापना जैसें कल्पनामें की थी वैसे सुबहही प्रतिक्रमणमें तपचिंतामणीके कायोत्सर्ग वक्त बिचार करता है कि–आज कोनसी तिथि है ? आज कोनसा तप करना है ? उसवक्त बिचार आता है कि आज अष्टमी है. आज उपवास करना है. बस ऐसीही कल्पनासे अष्टमी वगैरह पर्वतिथियोंकी स्थापना होतीहै.

इन युक्तियोंद्वारा व शास्त्रकारके फरमानसे, और सेंकडों वर्षोंसे चलती हुई परंपरासे सिद्ध हुआ कि–पर्वतिथिके क्षयवक्त

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

पूर्वअपर्वतिथिका क्षय ही होता है. नकि आपकी मान्यतानुसार पूर्वतिथिमें (क्षयतिथिकी) आराधना करना. क्षये पूर्वाका प्रघोष, जो पूर्वतिथिमें आराधना करनेके लिये होता तो "पूर्वस्यां" ऐसाही प्रयोग होता, नकि-"पूर्वा" शायद तत्त्वतरंगिणीकारको आपकी मान्यता मुताबिक "तयोः द्वयोः" प्रयोग (शब्द) जैसें नही मिले, वैसेही भगवान् उमास्वातीजी माहाराजको भी " पूर्वस्यां " ऐसा प्रयोग नहीं मिलाः कि-जिससे "पूर्वा" ऐसा प्रयोग लेना पड़ा ! क्यों, ऐसाही है न ?

इन्द्र०-नहीं ऐसा तो हम नहीं कह सकते है, कि 'पूर्वस्यां' प्रयोग नहीं मिलनेसे "पूर्वा" प्रयोग उपयोगमें लिया है.

गुला०-(वकीलसा० से) वकीलसाहब ! अब आप इनके गुरुजीके गलतीरूप कंकरोंको निकालना बंद कीजिये ! क्योंकि स्थालीपुलाक न्यायसें इन दो गाथासे ही मालूम हो चुका है कि जंबुवि०ने शास्त्रकारकें नामसे कितना ही उलटपुलट लिखदिया है ! अबतो आप मुख्य २ उद्देशको ही साबीत कीजिये, और उसका जवाब इन्द्रमलजीसे लीजिये. (इन्द्रमलजीकी) ओर देखकर) क्यों साहब ! ऐसे फज़ूल टाईम गुमानेसे क्या फायदा ?

इन्द्र०-आजतो अब इस विषयको बंद ही रखीये ! सबब कुंवरसाहबको आये भी बहुत वक्त हुआ है.

वकी०-तो कल किसवक्त पधारेंगे ?

इन्द्र०-आज आये थे उसी वक्त पर आवेंगे.

वकी०-पंडितजीको भी साथ लिवालानेका ख्याल रखना,

इन्द्र०-बहुत अच्छा. (जातें है)

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

॥ सप्तम किरण ॥

(स्थान–सेठ चंपालालजीके मकानपर बना हुआ मंडप)

रात्रीके नौ बजनेका समय है. शेठ चंपालालजीके यहां लड़कीकी शादी होनेसे भव्य मंडप बना हुआ है. मंडपकी शोभा भी अत्यंत दर्शनीय है! आज भी यहां पर महफील होनेसे कितनेक व्यक्ति मंडपके बीचोबीच गदीपर बैठे हुए है. उनमें कुंवरसाहब सौभाग्यमलजी–इन्द्रमलजी–हसमुखरायजी–मगनी रामजी वगैरह बैठे हुए कुछ परस्पर बातचित कर रहे है.

हस०–(इन्द्रमलजीसे) इस तत्त्वतरंगिणीके मामलेमें आपको कैसा लगता है?

इन्द्र०–श्रीमान् उपाध्यायजी श्रीजंबुवि० मा० ने इस भाषांतरमें अर्थको पलटाया है ऐसातो अवश्य कहना पड़ेगा.

हस०–परंतु मैं जब बम्बई आया था तब अपन दोनो लालबाग गये थे, और वहांपर इस चर्चाको उठाई थी, तब श्री कांतिविजयजी मा० ने कैसा समझाया था कि–सचमुच इनका कहनाही वास्तविक है.

इन्द्र०–परंतु उसवक्त अपनेको तत्त्वतरंगिणीके पाठ बताकर नहीं समझाया था.

हस०–पाठतो नहीं दिखाया था, लेकिन तत्त्वतरंगिणीका नामतो लिया था; और हां हीरप्रश्न–सेनप्रश्नका भी कहा था. कहा था इतना ही नहीं, किंतु हीरप्रश्न–सेनप्रश्न पर तो खूब

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

ही जोर दियाथा! आपभी इस चर्चामें अबतो हीरप्रश्न-सेन-प्रश्नसेही काम लेना.

इन्द्र०-यह बात मेरे ख्यालसे बाहर नहीं हैं. अच्छा, अब इस बातको बंद कीजिये. (सामने देखकर) देखो! वकीलजी वगैरहभी आगये हैं. (इतनेमें वकीलसाहब, वगैरह आकर कुंवरसाहबके पास बैठते है, और कुछ वक्त बाद कुंवरसाहबसे वकीलसाहब पुछते है.)

वकील०-(कुंवरसा० से) आपके वहां और यहां (आपके सुसरालमें) मातृगृहकी स्थापना कीसकी है? और लग्नक्रिया किसविधिसे की गई हैं?

इन्द्र०-(वकीलसा० से) आपकें प्रश्नका मतलब मैं समझ गया! और इस प्रश्नका जवाब भी यह है कि दोनों जगह गिरजापुत्रकी स्थापना है! लग्नक्रियाभी ब्राह्मणविधिसें हुई है.

वकी०-ओ-हो-हो! सम्यक्त्त्व धारीयोंके यहां, और ऐसा प्रचार? (इतनेमें)

बृद्धि०-वकीलसाहब! आप देखिये तो सही! कल ही भैरौजीके यहां और माताजीके वहां और हनुमानजीके यहां मोटरें दोड़ेगी! और कुंवरसाहबभी झुकझुककर नमन करेंगें.

वकी०-सेठ पूनमचंदजीने तो रामविजयजी मा० से सम्यक्त्व लिया है, और शेठ चंपालालजीकें यहां तो राजेन्द्र सम्यक्त्व है! शायद् दोनो जगह शादीके सबब सम्यक्त्वको तीजोरीमें बंद करदिया हो.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

गुला०—अजी ! साहब ! इनके सम्यक्त्वकी कथाकों तो जाने दीजिये ! शेठ पूनमचंदजीकों तो इस शादीमें करीब वीसपचीसहजारका मुनाफा है ! और शेठ चंपालालजीको करीब एकलाख रूपे खर्च हो जायगें. परंतु मंदिरमें एकदिन तकका भी पता नहीं है ! अगर शेठजी वीसपचीसहजार रूपे लगाते, और बकाया रकम यदि किसी धार्मिक कार्यमें, अगर दुःखीत जैनसमाजकी उन्नतीमें व ज्ञातिकी उन्नतीमें खर्च करते, तो इहलोक परलोक दोनो जगह कल्याणके साथ वाह वाहभी होती. इधर शेठ पूनमचंदजी तो बहुके साथ २ वीसपचीसहजार जितनी रकमको घरमें रख लेवेंगें ! और धार्मिक कार्य, अगर ज्ञातीकार्यमें तो "मौनमाश्रेयत्" (इस मुताबिक परस्पर बात चलती ही थी इतनेमें दोचार बंदिजन आ पहुचे !)

'जय हो ! जजयानकी, बात करूं ज्ञानकी; ध्यान दे सुनिये, कलियुगकी कमाई है.' "रामचंद्रसूरिने शास्त्रके प्रमाण बिना नये मतकी अजब एक रिति चलाई है. बीज आदि तिथियोंको तोड़कर भेलसेलकी खोटीही धून लगाई है ! 'चार पीढी भूल गये' ऐसा वैसा बोलकर अपने मोटोंकोभी कीर्तिपर कालिमा लगाई है ! तत्त्वतरंगिणी नाम लेकर भोलीभोली जनताको भ्रममें झुकाई है."इस कवित्तको सुनकर सब लोग हँस पड़े ! कितनेक व्यक्तियोंकों गुस्साभी आया, मगर कर ही क्या सकतेथे ? इतनेमें किसीने एक बंदिजनसे पुछा कि तुमारा नाम क्या है, और तुम कहांसे आये हो ?

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

बंदि०–साहब ! मैं लखनाउ शहरका रहनेवाला हूं. और दील्ली शहरसे हुजूरका नाम सुनकर यहां आया हूं; और मेरा नाम है मनःकल्पितचंद्र. भगवान आपका तपतेज बढावें तो यह बंदिजनभी कुछ पावे ! (शेठ चंपालालजीके सुपुत्र कुंवर माणकलालजी दस रूपेका नोट देते है, और बंदिजन खुश होकर रवाना होते हैं.) इतनेमें दो घोडेकी बग्धीमें बैठकर स्वर्गकी परी ही न हो ! ऐसी घोरजान नामक वैश्या आई; और बडेही रूआबके साथ कुंवरसाहबको सलाम करके बैठ गई. इतनेमें मंडपभी ऐसा भरगया कि पांव धरनेको भी मुशिबत हो गई ! इधर घोरजानभी खडी होती है ! इसके दोनो तरफ दो सारंगीवाले खडे है ! पीछेकी ओर तबलची खडा है, और घोरजान बहोतही मधुर स्वरसे गाती है !

राग–जयजयवंति. शिवादे झुलावे प्रभुने मिजिनंदा–यह चाल

कलियुग खोटा सबही बतावे,
गरीब तवंगर सबही गावे–यह अंजली.
राजा प्रजापर टेक्ष लगावे,
तोभी स्वकोशको खाली बतावे. ॥ कलि० ॥ १ ॥
मोटर घोड़े खूब दोडावे,
खोटा जमाना आया गावे. ॥ कलि० ॥ २ ॥
कर्मचारी लोग सुकें खावे,
राजकोशसें तनखा पावे. ॥ कलि० ॥ ३ ॥
मनमाने सब एश उडावे,
तोभी शिरपर कर्ज बतावे. ॥ कलि० ॥ ४ ॥

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

शेठजी मोटी गादी लगावे,
दो चार नोकर पास बिठावे. ॥ कलि० ॥ ५ ॥
सोना पेटे व्याजको खावे,
तोभी जमाना पलटा बतावे. ॥ कलि० ॥ ६ ॥
सोनी सोना चांदी गाले,
उसमेंसे थोड़ा राखमें घाले. ॥ कलि० ॥ ७ ॥
दो रूपे तोला सबसे आले,
तोभी घरको खाली बतावे. ॥ कलि० ॥ ८ ॥
कपड़े सीवे दरजी बैठे,
कापकुपमें कपड़ा ऐंठे. ॥ कलि० ॥ ९ ॥
एक कोटके दो तीन आवें,
तोभी कलियुग आया गावे. ॥ कलि० ॥ १० ॥
कड़ीये सुथारको फुरसद नावे,
दो दो रूपे रोज ही पावे. ॥ कलि० ॥ ११ ॥
नाने मोटे सबही कमावे,
तो भी बच्चेको भुखें बतावें. ॥ कलि० ॥ १२ ॥
बंभन घरघर भीक्षा जावे,
लोटसे लोटा भरके लावे. ॥ कलि० ॥ १३ ॥
जोतीष कहके पेसा कमावे,
तोभी जमाना बिगडा बतावे. ॥ कलि० ॥ १४ ॥

इस तरहसे और भी चीजे गाने बाद महफील खत्म होती है और सबही जाते है !

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

॥ अष्टम किरण ॥

(स्थान-मोहनलालजी वकीलका उतारा.)

आज चर्चाविषयक दूसरा दिन होनेसे सभासद लोगभी ठीक समय पर हाजीर हो चुके है! इन सभासदों के बीचमें पंडितजी-इन्द्रमलजी-वकीलजी वगैरह बैठे हुए है.

वकी०-(इन्द्र० से) अब आप छट्ठी गाथाको पढ़ीये.

इन्द्र०-(तत्त्वतरंगिणी लेकर पढते है) जह अन्नसंगि रयणं रयणत्थी गिण्हइ य न कणगाई। न य पुण तंबाईणं हेउ विसेसं विणा मुल्लं ॥ ६ ॥

अर्थः-जैसें रत्नार्थी, अन्यसंगी रत्नको ग्रहण करता है, लेकिन सुवर्णादिकको नहीं और हेतुविशेष बिना ताम्रादिकका मूल्य कोई देता नहीं है, टीका-"केवलं रत्नं मा पतदित्यभिप्रायवत्पुरुषनियोजितताम्रादिधातुस्तत्रसंगि-संबद्धं, यद्वा पतनभित्यावस्त्रनिबद्धमप्यन्यसंगीत्युच्यते, तथा च यथा रत्नार्थी-अपेगम्यत्वादन्यसंग्यपि-वस्त्रेण निबद्धमपि ताम्रादिना वा जटितमपि रत्नं गृह्णातीति भावः, यतस्तत्संबन्ध्यपि स्वीयस्वरू-कार्यकरणसमर्थमेव, अन्यथा तथाविधमूल्यमपि न लभेतेति, न च तद्वद्रत्नस्थाने वल्लभमपि कांचनं (नादि) कश्चिद्गृह्णातीत्यध्याहारेण भिन्नोक्तिः, तेन रत्नकार्यस्याकरणात्, अथ कारणविशेषमंतरेण तत्र त्रयोदशीति व्यपदेश शङ्कापि न विधेयेति

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

दर्शनायोत्तरार्द्धेन दृष्टांतमाह-"न य पुण"त्ति न च पुनस्ताम्रादीनां मूल्यं ददाति प्रतीच्छति वेति गम्यं, अल्पमूल्यत्वेन तदन्तर्गतत्वात्, कथं?, हेतुविशेषं विना-कारणविशेषं विनेति, कोर्थः? तुलारोपणाद्यवसरे तु तेषामपि पार्थक्येन गणनादिति।

अर्थः-(अन्यसंगीके लक्षण कहते हैं.) सिर्फ रत्न न गिरजाय ऐसे अभिप्रायवाले पुरुषने ताम्रादि धातुमें नियोजित किया हुआ रत्न अगर गिरनेके भयसें वस्त्रसे बंधा हुआ रत्न, अन्य संगी कहलाता हैं. जैसे रत्नार्थी वस्त्रसे बंधा (रत्न) हो अगर ताम्रादिसे जड़ा हुआ (रत्न) हो तोभी उस (रत्न) को ग्रहण करता है! क्योंकि-वह अन्य संगी होते हुए भी अपने स्वरूपका परित्याग नहीं किया हुआ होनेसे अपने कार्यको करनेमें समर्थ होता है! ऐसा न होतो चाहिये-वैसे (रत्न होते हुएभी) मूल्यको नहीं पा सकता है. और उस रत्नके स्थानमें (रत्नकें बजाय) प्रिय ऐसे सुवर्णकोभी कोई ग्रहण नहीं करता है सबब उस (सुवर्ण) से रत्नका कार्य नहीं होता (इसी से कहते है कि) कारण विशेष विना उस (क्षीणचतुर्दशी) में त्रयोदशी है ऐसे व्यपदेश (याने नाम) तककी शंकाभी नहीं करना, ऐसाही दिखानेको उत्तरार्ध गाथासे दिखातें है कि—"नय पुण"त्ति ताम्रादिके मूल्यको, न तो कोई देता है और न कोइ लेता है. सबब कि अल्प मूल्यवाला होनेसे उस (रत्न) के अंदर समावेश हो जाता हैं. कैसे? कारण विशेष बिना. इसका क्या मतलब? तराजुमें तोलते वक्त उनकी (ताम्रादिकी)

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

भी गिनती रत्नकी गिनतीसें पृथग् होती है.

वकी०–(इन्द्र० से) देखा साहब ! जहां शास्त्रकार तो कहते है कि–"तत्र त्रयोदशीति व्यपदेश शङ्कापि न विधेया" अर्थात् क्षीणचतुर्दशीकें बख्त त्रयोदशी है ऐसा मानना तो दूर रहा, लेकिन उसकी शंकाभी नहीं करना ! वहां आपतो सप्तमी अष्टमी शरीफ है त्रयोदशी चतुर्दशी शरीफ है ऐसाही मानते है और बोलतेभी है, यह कैसा अन्याय ? अच्छा आगेको पढीये.

इन्द्र०–(पढते है) "एवं त्रुटिततिथिसंयुक्ता तिथि कारण विशेषे ह्युपयोगिनी भवन्त्यपि न पुनर्बलवत् कार्यं विहाय स्व-कार्यस्यैवोपयोगिनी, नहि अपरीक्षक चौरादिहस्तगतव्यतिरिक्तं रत्नसंयुक्तं ताम्रं ताम्रमूल्येनैवोपलभ्यते, तद्धस्तगतं तूपलभ्यतेपि, यदुक्तं ललितविस्तराटिप्पनके "नार्घन्ति रत्नानि समुद्रजानि, परीक्षका यत्र न सन्ति देशे । आभीर घोषे किल चन्द्रकान्तं, त्रिभिर्वराटैः प्रवदन्ति गोपाः ॥ १ ॥ इति गाथार्थः ॥

अर्थः–ऐसेही क्षयतिथियुक्त जो तिथि है. वह तिथि (त्रयोदशी) कारणविशेषमें उपयोगी होती हुईभी बलवान कार्यको छोडकर अपने कार्यके लिये उपयोगी नहीं होती है. परीक्षक और शाहुकार आदिके हाथमें गया हुआ ताम्रयुक्त रत्न, ताम्रमूल्यसे नहीं मिल सकता है; हां, अपरीक्षक, चौर और बाल आदिके हाथमें गया हुआ ताम्रयुक्त रत्न तो ताम्रके मूल्यसे मिलभी सकता है ! इससें ललितविस्तरा ग्रन्थ-के टिप्पनमें कहा है कि–" जिस देशमें परीक्षक नहीं है उस

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

देशमें (वसमुद्रसेंउतांप) इत्र होनेवाले रत्नोंकी किम्मत नहीं होती है, सचमुच भरवाड़ (आहिर) लोगोके झुपडेमें गोवालीये, चन्द्रकांत मणिको तीन कौड़ीका ही बोलते है! ऐसे इस गाथाका अर्थ हुआ.

वकी०–देखा न साहब! ग्रंथकार क्या कहतें है? अष्टमी युक्त जो सप्तमी हैं, वह अष्टमीही है, न कि सप्तमी. शास्त्रकारतो साफ २ फरमाते है कि—बलवान कार्य–जो मुहूर्तादि, उसके शिवाय वह तिथि उस तिथिपनेमें ही नहीं रहती हैं! और आपतो बिनाकारण ही सप्तमी अष्टमी शरीफ होनेका बोलते है! इस गाथाके विषयमें भी जंबुवि० अपने पर्व० प्र० पृ. ९९ में लिखते है कि–"मतलब ए छे के जो अपर्वतिथि पर्वतिथियुक्त होय तो तेने केवल अपर्वतिथिनी नजरे जोवी ए अयोग्य छे." जनाब, इन्द्रमलजी साहब! आपके पूज्यजीने जो लिखा कि–सिर्फ अपर्वतिथिकी दृष्टिसे देखना अयोग्य है ऐसा अर्थ इस छट्ठी गाथाकी टीकामें है क्या?

इन्द्र०–नहीं. यहांपरतो शास्त्रकार साफ २ जाहिर करते है कि–त्रयोदशी हैं, ऐसी शंकाभी नहीं करना! परंतु प्रश्न यह हैं कि भाषांतरमें जो श्रीजंबुवि० मा० ने इससें विपरीत लिखा है तो क्या बिनाही शोचे समझे लिखदिया होगा?

वकी०–शोच समझकर लिखा है, तो आपही दिखलाइये! शास्त्रकारतो उस त्रयोदशीको ताम्र जैसी कहते हैं और चतुर्दशीको रत्न जैसी कहते हैं; और व्यवहारतो रत्नसेंही होता

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

है इस बातको मैं आपको पहले समझाभी चुका हूं ! अब मेरा एक प्रश्न है कि–जंबुवि० ने जो अर्थ इन तीन गाथाका लिखा हैं वह यथार्थ है क्या ?

इन्द्र०–(कुछ शोचकर) यथार्थ तो नहीं है.

वकी०–बस मैंने जो कहाथा कि—आपके मुँहसे कबूल करवाउँगा, सो करवा दिया. अब आप सातवीं गाथा पढिये.

इन्द्र०–(तत्त्व० लेकर पढते है) "जो जस्स अट्ठी सो तं अविणासय संजुअंपि गिण्हेइ। न य पुण तओ वि अन्नं तक्कज्जपसाहणा भावा ॥ ७ ॥"

टीका–यो यस्यार्थी–यदभिलाषी स तद्वस्तु जातं गृह्णाति यथा तथा अविनाशकसंयुक्तमपीति, अविनाशकत्वं चात्र अभिलषितवस्तुस्वरूपाप्रतिबन्धकवस्तुत्वं अभिलषितवस्तु साध्यकार्याऽप्रतिबन्धकवस्तुत्वं वा ग्राह्यं. तेन मरणाद्यवसरविशेषमासाद्यविषसंयुक्तपायसादिग्रहणे तदन्याग्रहणे चापि न दोषः, न च पुनस्ततोऽन्यद्वस्तु गृह्णातीति लालाघंटान्यायेनेहापि सम्बध्यते, न गृह्णाति कुतः ? तत्कार्यप्रसाधनाभावात्–तत्कार्यकरणासामर्थ्यादिति रहस्यमिति गाथार्थः ॥ ७ ॥

अर्थ०–जैसे जो जिस वस्तुका अर्थी है वह उसी वस्तुको ग्रहण करता है वैसेही अविनाशक वस्तु करके संयुक्त, एसी वह वस्तु होवे तोभी उस वस्तुको ग्रहण करता है. (अविनाशकका स्वरूप कहते है) इच्छित वस्तु स्वरूपको नहीं रोकनेवाली वस्तुका उस वस्तुके साथमें मिलके रहना, अथवा इच्छित वस्तुका

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

जो साध्य कार्य है, उसको नहीं रोकनेवाली वस्तुके साथ रही हुई इच्छित वस्तुको ग्रहण करना. ' जैसा गुडकी इच्छावालेंको रोटीके साथ लगा हुआ गुड" (रोटी, गुडकी अविनाशक वस्तु है.) जैसे कोई मरणादि समयको प्राप्त करके (याने मरनेकी इच्छावाला) जहर युक्त दुधको ग्रहण करता है वैसेही जहर बिनाके दुधको ग्रहण नहीं करता है तो उसमें उसको विरोध नहीं है. अर्थात् अन्य वस्तुको ग्रहण नहीं करता है. सबब कि अन्यवस्तु स्वरूप दुध, साध्यवस्तुस्वरूप मरणनिमित्तक विषका अविनाशकपना है. (वकीलसा० से) इसमें क्या बात कही गई है, सो ठीक तौरसे समझाईये.

वकी०-इसका भावार्थ यह है कि-जैसे किसीको मरनेके लिये जहर खाना है यदि शुद्ध जहर जो मिल जाय तो वह शुद्ध विषको लेता है, अगर शुद्ध विष जो न मिला और विष-युक्त दुध मिलगया तो वह विषयुक्त दुधकोभी ग्रहण करता है; तो उसको विरोध नहीं है. सबब कि-ध्येय कार्य जो मृत्यु, वह कार्यतो दोनोंहीसे होता है. और विष बिनाके दूधको नहीं लेता है, क्योंकि उससे मृत्युरूप कार्य नहीं होता. अर्थात यहांपर कहनेका मतलब यह है कि-इच्छित मृत्यु करनेवाला विषयुक्त दुधभी विषही है-वैसेही इच्छित उपवासादि करने योग्य चतुर्दशीयुक्त त्रयोदशीभी चतुर्दशी ही है! नकि आपके मुताबिक त्रयोदशी चतुर्दशी शरीफ! विषयुक्त दुध पीनेवालेको 'विषयुक्त दुध पीया है' ऐसा कोईभी नहीं कहता, किंतु विष

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

ही पीया है ऐसा ही कहेंगे. इससे भी साबित हुआ कि उस-रोज चतुर्दशी ही है. अब आपसे प्रश्न है कि-एक व्यक्तिको ऐसा नियम है कि-चतुर्दशी और पूर्णिमा दोनो दिन उपवास (बेला) करके दोनो दिन पौषध करना. अब पूर्णिमाके क्षयमें दोनो दिनके पौषध व दोनो दिनके उपवास आपको तो एकही दिनमें हो जायगा न?

इन्द्र०-हां बेशक हो जायगा!

वकी०-वैसेही जब दो पूर्णिमा होगी तब तीनदिन तक उपवास (तेला) करके तीन दिनतक पौषध करेगा क्या?

इन्द्र०-नहीं वहांतो नियम है कि-उत्तरतिथिमें ही आ-राधना करना.

वकी०-आप पहले सच्चे अर्थको समझ चुके है तो भी में में करके सम्बन्ध अर्थ कहांसे ले आते हो! नियम चतु-र्दशी और पूर्णिमाका है नकि-पूर्वका या उत्तरका? यदि पूर्वमें जो पूर्णिमा है तो अवश्य करना ही चाहिये. जैसे पूर्णिमाके क्षयवक्त चतुर्दशीके एक हि दिनसे चला लेते हो वैसे पूर्णिमा कि वृद्धिमें पूर्णिमाकी आराधना दोनो दिन करना ही होगा. अच्छा जाने दीजिये इस बातको जब कभी कार्तिक पूर्णिमाका क्षय होगा तब चतुर्दशी और पूर्णिमाका कार्य एक ही दिन करोंगे न?

इन्द्र०-जीहां.

वकी०-कहिये! आपके गुरूमाहाराज उसदिन सुबहके

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वक्त अन्यत्र विहार कर जायगे और शामको वहां चौमासी प्रतिक्रमण करेंगे क्या ?

इन्द्र०-(स्वयं यहांतो जवाब देनेकी जगह नहीं है ! खैर कुछतो जवाब देनाही पडेगा) प्रगट. अच्छा, आपने क्या कहा?

वकी०-उस वख्त 'सुबहको विहार और शामको प्रतिक्रमण' यहतो आपको मंजूर है न ?

इन्द्र०-नहीं बिलकुल नहीं चौदश पुनमको प्रतिक्रमण और प्रतिपदाको विहार होगा. सबब बिहारका संबंध पूर्णिमाके साथ नहीं है किंतु चौमासी प्रतिक्रमणके साथ संबंध है.

वकी०-अच्छा, विहारको चौमासी प्रतिक्रमणके साथ रख दीजिये. 'इसमेंभी पूर्णिमाके प्रतिक्रमणकी तो गलती ही है' परंतु श्रीतिर्थाधिराजकी यात्रा और अन्य स्थानोंमें पटदर्शन तो पूर्णिमाके साथ संबंधवाला है न ?

इन्द्र०-(स्वयं इसमेंभी फसा) प्रगट हां हां है. और चतुर्दशी पूर्णिमाको सुबह पटदर्शन करेंगे और शामको प्रतिक्रमण करेंगे दोनोही शरीक होनेसे दोनोहीका कार्य हो जायगा.

वकी०-पालीतानेमें यदि आपके पूज्यवर्ग चातुर्मास रहे हो और उसी साल कार्तिक पूर्णिमाका क्षय हो तब आपके गुरूवर्य सुबह यात्रा करके शामको प्रतिक्रमण करेंगे क्या ?

इन्द्र०-जी, हां ! ऐसाही करेंगे.

वकी०-श्रीगिरिराजकी यात्रा चौमासेमें बंद रहती है इसमें तो आपसे भी इनकार नहीं हो सकता है तो अब आप

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

ही कहिये! कि चौमासेकी समाप्ति तो प्रतिक्रमण बाद है न?

इन्द्र०—हां, प्रतिक्रमण ही में चौमासे संबंधि पाटपाटले वगैरह वस्तुए श्रावकोंके सुप्रत की जाती है. अर्थात् चौमासा खत्म हुवा माना जाता है.

वकी०—उसदिन सुबह आपके पूज्यश्री यात्रा करनेको जावेंगे. तो वह यात्रा चौमासेके अंदर गिनी जायगी! या सियालेके अंदर?

इन्द्र०—ऐसा मोका तो कभी दसवीस वर्षमें आता है, तब अपवादसे ऐसाभी होवे तो हर्ज जैसा नहीं है.

वकी०—अच्छा जाने दीजिये इस चर्चाको, आपको इसकी किम्मत ही नहीं है, तो अब आप आगेको पढ़ीये.

इन्द्र०—(तत्त्व० लेकर पढ़ते है) "अथ घृतार्थिनो दुग्धादिग्राहकत्वेन नायं नियम इत्यारेकामधरीकर्तुमाह—"अब घृतार्थीको दुध वगैरहका ग्राहकपना होनेसे यह नियम लागु नहीं होता, ऐसी शंकाको दूर करनेके लिये कहते है—

"जंदुद्धाइग्गहणं घयाभिलासेण तत्थ न हु दोसो।
तद्दारेण तयट्ठी अहवा कज्जोपयारेणं ॥ ८ ॥"

घृताभिलाषेण यद्दुग्धादिग्रहणम्, आदिशब्दाद्रजताद्यपि, तत्र 'न हु दोसो' नैव दोषो—व्याप्तिभंग लक्षणो भवति, यतः तद्द्वारेण—घृतार्थित्वद्वारेण दुग्धं गृह्णन् दुग्धार्थ्यपि घृतार्थ्यमित्युच्यते, अथवा कारणे कार्योपचारात् दुग्धं गृह्णन्नपि घृतं गृह्णन्नेवोच्यते, न पुनर्दुग्धमिति गाथार्थः ॥

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

अर्थ-घृतकी इच्छासे जो दुधको ग्रहण करना, आदि शब्दसें रूपे पैसेभी लेना. इसमें व्याप्ति भंगका दोष नहीं है. जैसे घृतार्थी द्वार करके दुधको ग्रहण करता हुआ घृतार्थी कहलाता है, वैसे दुधार्थीभी कहलाता है; कारण में कार्यका उपचार होनेसें. दुधको ग्रहण करता हुवा भी घृतको ग्रहण करता है ऐसाही कहलाता है. "इदानीं द्वारोपचारौ दृष्टान्तेन स्पष्टयति" अब द्वार और उपचारको दृष्टान्तसें स्पष्ट करतें हैं.

"जह सिद्धट्ठी दिक्खं गिण्हं तो तहय पत्थाओ दारू।
न य तं कारणभावं मोत्तुणं संभवइ उभयं ॥ ९ ॥"

टीका-यथा सिद्ध्यर्थी-मोक्षाभिलाषी मोक्षार्थित्वद्वारा दीक्षा गृह्णन् दीक्षार्थीत्यपि मोक्षार्थी,व्यपदिश्यते, कार्येच्छुनाम् हि कारणेच्छुत्वनियमादिति, द्वारेच्छत्वं प्रदर्श्याधुनोपचारं दर्शयति-यथा दारूणि प्रस्थक इति व्यपदेशः, अयं भावः दारुहस्तकोपि पुरुषः, 'प्रस्थक हस्तो यातीति' व्यपदिश्यते, एवं दुग्धं गृह्णन्नपि घृतं गृह्णातीत्युच्यते इति। अथ हेतुव्यतिरेकेणोभयाभावं दर्शयति 'नयत'न्ति न च तदुभयं प्रागुक्तं द्वारोपचारद्वयं संभवति, किं कृत्वा?, मुक्त्वा, कं?, कारणभावं, कारणपदमुपलक्षणपरं, तेन कार्य कारणभावं मुक्त्वेति भावार्थः इति गाथार्थः ॥ ९ ॥

अर्थः-जैसे मोक्षाभिलाषी मोक्षकी चाहनाद्वारा दीक्षाको ग्रहण करता हुआ दीक्षार्थी कहलाने परभी मोक्षार्थी कहा जाता है. क्योंकि कार्यकी इच्छावालोंको कारणकी चाहना नियमसें होती ही है. ऐसेही द्वारका चाहनापन दिखाकर अब

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

उपचारको दिखाते है. जैसे पालीका इच्छक लक्कड़को ग्रहण करता है. मतलब यह–पालीके लिये, ग्रहण किये हुए काष्टको हाथमें लेकर जानेवाला पुरुष 'पाली हस्तक जाता है, इसी प्रकार दुधको ग्रहण करता हुआ भी घृतको ग्रहण करता है ऐसा भी बोला जाता है. अब हेतुके अभावमें दोनोका (कार्यकारणका) अभाव दिखाते है, कारणभावको छोड़कर पहले कहे हुए द्वार और उपचारका संभव नहीं है. " अथ कालस्य कार्यमात्रं प्रति कारणत्वात् कथं न पंचदश्यामपि चतुर्दशीलक्षणकार्योपचार इत्याशङ्कामपाकरोति"

अर्थः–तमाम कार्यके प्रति कालका कारण पना होनेसे पूर्णिमाके अन्दर चतुर्दशीका उपचार क्यों न किया जाय? ऐसी शंकाको दूर करते है.

"जय वि हु जिणसमयंमि अ कालो सव्वस्सका-रणं भणिओ। तहवि अ चउदसीए नो जुज्जइ पुण्णि-मा हेऊ ॥ १० ॥

टीका–यद्यपि हु–निश्चितं जिनसमये–जिनशासने कालः, स्वभावादिचतुष्कसहकृतइत्याध्याहार्यं, सर्वस्यापि(कार्यस्य)कारणं भणितस्तथापि पूर्णिमा तावच्चतुर्दश्या हेतुः–कारणं न युज्यते, एवेति, अत्र चकार एवकारार्थः, कारणलक्षणाभावादिति॥१०॥

अर्थः–जोकि " हु " निश्चित करके जैनशासनमें, काल, स्वभावादि चारो सह सबहीका कारण कहा है तो भी पूर्णिमा रुपी कालचतुर्दशीका कारण नहीं होता है सबब कारण लक्षणका

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

अभाव होनेसें. " अथ कारणलक्षणाभावमेव दर्शयति "

अर्थः-अब कारणके लक्षणाभावकोही दिखाते है-

"कज्जस्स पुव्वभावी नियमेणं कारणं जओ भणियं।
तल्लक्खणरहिआविय भणाहि कहपुण्णिमा हेऊ? ११

टीका-कार्यस्य नियमेन यत् पूर्वभावी, दीर्घत्वं चात्र लिङ्गव्यत्ययेन प्राकृतत्वात्, तदेव कारणं भवति, तल्लक्षणरहिताऽपि च पौर्णमासी कथं चतुर्दश्या हेतुः-कारणं स्यादिति भण-कथय, मां प्रतीति गम्यं, यदि विनष्टस्यापि कार्यस्य भावि कारणं स्यात्तर्हि जगद्व्यवस्थाविप्लवः प्रसज्येतेति गाथार्थः ॥ ११ ॥

अर्थः-कार्यके पहले होनेवाला ही नियमसे (यहां दीर्घपना प्राकृत होनेसे है.) उस (कार्य) का कारण होता है, ऐसे लक्षण करके रहीत ऐसी पूर्णिमा, चतुर्दशीका कारण कैसे होती है ? सो तूं मुझसे कह ! यदि नष्ट होये हुवे कार्यका जो भावि (पदार्थ)कारण बन जाय, तबतो जगत् व्यवस्थाका ही लोप हो जाय ! इस गाथासें यह निश्चित हुआ कि—कारण, कार्यके पहले ही होता है कार्यके बादमें उस कार्यका कारण कभी भी नहीं होता, ऐसेही त्रयोदशी, चतुर्दशीकें पूर्व होनेसे चतुर्दशीका कारण बनती है, परंतु पूर्णिमा चतुर्दशीका कारण नहीं बन सकती है. "एवं सामान्यन्यायमपि समर्थ्य प्रकृते योजयति" इसी प्रकार सामान्य न्यायका भी समर्थन करके चालु विषयको कहते है.

"एवं हीणचउद्दसि तेरसि जुत्ता न दो समावहइ।

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

सरणं गओवि राया लोआणं होइ जह पुज्जो ॥ १२ ॥

टीका-एवं प्रागुक्तयुक्त्या हीनचतुर्दशी तावत् त्रयोदशी युक्तापि गृह्यमाणा न दोषमावहतीति पूर्वार्द्धार्थः, अथ दृष्टान्तेन समर्थितमपि 'द्विर्बद्धं सुबद्धं भवती'ति न्यायात् पुनरपि दृष्टान्तबाहुल्यं दर्शयति 'सरण'त्ति महतामप्यापदः संभवात् कदाचिदप्यापदिगतस्य राज्ञो यच्छरणं गृहदुर्गादि भवति तत्र गतोपि राजा लोकानां पूज्यः सेवनीयो भवतीत्यर्थः, अयं भावः दुर्गादिगतोपि सेव्यः, तत्स्थानमपि यत्नतो रक्षणीयं, न पुनाराजसंयुक्तमपि तत्स्थानं मूलतो विनश्यकदाचिदप्यशरणीभूतमरण्यादिकममात्यगृहं वा यत्र तत्र बुद्ध्याराजानमारोप्य तदाराधनं हि तावद्भवितुमर्हति, न वा केवलं सभास्थित एवेत्यादिः लोकप्रसिद्धो दृष्टान्तः सूत्रैकदेशेनैव बुद्ध्या गम्य इति गाथार्थः ॥१२॥

अर्थः-ऐसेही पहले कही हुई युक्तिद्वारा त्रयोदशीयुक्त ग्रहण की हुई चतुर्दशी दोषके लिये नहीं होती हैं; इस युक्तिको दृढ़ की है, तो भी दृष्टान्त द्वारा मजबूत बनाते है सबब, दो वक्तका बंधा हुआ विशेष मजबूत रहता है, इसी न्यायसें बड़ोंकोभी आपदाका संभव होनेसें कोईवक्त आपद् प्राप्त होए हुए राजाको किल्ला वगैरह शरणभूत होता है, और वहां गया हुआ भी राजा, लोगोंको सेवनीय होता है. वह स्थान भी यत्नपूर्वक रक्षण करने योग्य हैं. राजसहीत उस स्थानको नष्ट करके अशरणीभूत ऐसे जंगल आदि अगर मंत्र्यादिकके मकानमें अगर जहां तहां अपनी बुद्धिसे राजाको आरोपण करके

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

उस आरोपीत राजाका आराधन, करने (सेवने) योग्य नहीं है. वैसेही 'सिर्फ समास्थित ही राजा पूजने योग्य हैं' ऐसा भी नहीं है. अर्थात् राजा जहां हो वहां पूजने योग्य ही हैं.

वकी०-(इन्द्रमलजीसे) देखा साहब! राजा सदृश तो चतुर्दशी ही है और आपतो एक राजगादीपर दो राजाको मानते हैं! और बोलते हैं! यह क्या न्यायसंगत है?

इन्द्र०-इससे यहतो साबीत हुआ कि तेरसको चउदशपने लेना योग्य है. परंतु पुनमके क्षयमें तेरसका क्षयतो अयोग्य ही है! क्योंकि पूर्णिमाके क्षयमें त्रयोदशीके दिन तो 'उदयंमि० नियमसें चतुर्दशीकी गंधतक नहीं होती है और उसदिन चतुर्दशी करना यहतो सरासर अन्याय ही है.

वकी०-दर असल बात यह है कि भोग है गंध है वगैरह की चीह्लाटी (बूम) करनेवाला खरतर हैं और इसीसे खरतरको समझानेके लिये शास्त्रकार उसीकी मानी हुई युक्तियोंसे उसको ही समझाते है, यह बात आपको मैं पहलेभी कह चुकाहूं.

दूसरी बात यह है कि-आप जो कहते है कि भोग की गंधभी नहीं है, सोभी गलत बात ही है. मानो कि आसोज सुदी पूर्णिमाका क्षय है-और यहां तो त्रयोदशीका क्षय करना है तो त्रयोदशीके दिन चतुर्दशीका भोग अवश्यमेव होता ही है. जैसे कि शुक्रवारको त्रयोदशी घटी ६-३ पल है बादको चतुर्दशी आती है और शनिश्चरको चतुर्दशी घटी १-१४ पल है. बादमें पूर्णिमा ५६-३६ पल हैं इसकें बादको प्रतिपदा

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

आती है. तब पूर्णिमाका क्षय होता है. तो कहिये ! त्रयोदशीके दिन चतुर्दशीका भोग है, या नहीं ?

इन्द्र०—'उदयंमि' वाला नियमतो नहीं रहाने ?

वकी०—आपके गुरुने 'उदयंमि'का पाठ आपको ठीक पढ़ाया है. अच्छा, कहिये ! पूर्णिमा क्षयके वख्त तुम्हारे दोतिथि शरीफ होती है तब उदयंमिके नियमसे समस्त दिन रही हुई चतुर्दशी में पूर्णिमा शरीक कैसे होगी ? और उसदिन उदयवाली पूर्णिमा कहांसे लाओगे? चतुर्दशीके दिन दोनोकी आराधना तो करना है, और दोनोकी आराधना होती है ऐसा भी आप बोलते हो! साथ २ उदयंमिकी घोषणाभी करते हो ! इसीसें कहता हूं कि आप सामान्य और विशेषको ख्यालमें रखिये ताकि आपको सर्व प्रकारसे सुभीता हो जाय. 'उदयंमि' वाला नियम सामान्य है और हंमेशाके लिये है, परंतु कारण विशेषमें तो 'क्षये पूर्वा' का नियम ही लगेगा.

इन्द्र०-आपके विशेष नियमकी और दृष्टि करते है तब विशेष नियमतो पूर्वतिथिको ही उलटाना कहता है, न कि पूर्वान्तरको.

वकी०—पूर्वान्तरतिथिभी पूर्वा है या अपरा ?

इन्द्र०—हैंतो पूर्वा.

वकी०—जब कि पूर्वमें पर्वतिथि पड़ी हुई है तो उससे पूर्वतिथिका क्षय हो जायगा ! सबब त्रयोदशीभी है तो पूर्वा ही ! न कि परा.

इसके अलावा पूर्णिमा और अमावास्याके क्षयमें पूर्वतरका याने त्रयोदशीका क्षय करनेसें दोनो ही दिन सूर्योदय पहलेसे

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

ही उन उन तिथियोंकी स्थापना हो जानेसे "उदयंमि" वाले नियमका भी अच्छी तरहसे पालन होता हैं, और "क्षये पूर्वा" काभी पालन होता है! अच्छा अब आगेको पढ़ीये.

इन्द्र०-(तत्त्व० लेकर पढ़ते है.) अब दूसरी रीत्यनुसार दृष्टान्त दिखाते है.

"अहवा जत्थवी राया चिट्ठइ अमच्चाइसंजुओ ससुहं।
तत्थेव रायपरिसा ठियत्ति वुच्चइ न अन्नत्थ ॥ १३ ॥

टीका-अथवा प्रकारान्तरेण यत्रापि स्थाने ससुखममात्यादि संयुक्तो राजा तिष्ठति तत्रैव-तत्स्थान एव राजपर्षत् स्थितेत्युच्यते, राजलोकैरिति गम्यं, न पुनरन्यत्र-राजरिक्ते राजाभिष्टेप्यमात्यगृहादाविति गाथार्थः ॥ १३ ॥

अर्थः-अब दूसरी रीतिसे कहते है कि जिस स्थानमें मंत्रि वगैरा युक्त राजा सुखपूर्वक रहता है, उसी स्थानमें राजलोक सहित राजसभा रही हुई है, ऐसा ही कहा जाता है: किंतु राजाके बिना दूसरी जगह अगर तो राजाको प्रिय ऐसे मंत्रि आदिके मकानादिकमें राजसभा नहीं कही जाती है. ऐसा गाथार्थ है.

अथ पूर्वं पूर्णिमायां पाक्षिककृत्यमासीत् कालिकाचार्यादेशाच्च सांप्रतं चतुर्दश्यामतस्तत् क्षये पौर्णमास्येव युक्तिमतीस्यादित्याद्यपि कस्यचिद्भ्रान्तस्य भ्रान्तिर्भवति तदपाकृतये गाथामाह

अर्थः-पहले पाक्षिककृत्य पूर्णिमामें था. वर्तमानमें श्रीकालिकसूरि माहाराजके हुक्मसे चतुर्दशीके अंदर हुआ इसीसे चतुर्दशीका क्षय हो तब चतुर्दशीको पूर्णिमामें मानना योग्य

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

है, इत्यादि. किसी भ्रान्तिवालेको ऐसी भ्रान्ति होवे तो उसको हटानेके लिये गाथा कहते है.

नेवं कयाइ भूयं भवई भविस्सं च पुण्णिमा दिवसे।
पक्खिअकिच्चं आणा जुत्ताणं मोहमुत्ताणं ॥ १४ ॥

टीका–अपेर्गम्यत्वात् कदाचिदपि नैवंभूतं भवति भविष्यति चेति कालत्रयेपि प्रतिषेधः, किंनाभूदित्याह–पाक्षिककृत्यं पूर्णिमायामिति, केषां? आज्ञा युक्तानां आज्ञा युक्तता चात्र तीर्थकृतामिति, आज्ञा युक्तत्वं कुत इति विशेषणद्वारेण हेतुमाह, किंभूतानाम् तेषां? मोहमुक्तानां, आभिनिवेशिकमिथ्यात्वमोहग्रस्तचेतसामित्यर्थः, न चैतत्कालत्रयप्रतिषेधवचनं वचोमात्रत्वात् स्वगृह एव प्रणिगद्यमानं हृद्यमिति वाच्यं, पाक्षिककृत्यं हि चतुर्थतपश्चैत्यपरिपाटिसाधुवन्दनादिलक्षणं तत् चतुर्दश्यामेवोक्तमिति प्रागेव द्वितीयगाथाव्याख्यावसरे ग्रन्थान्तरसम्मत्यादिभिः प्रपंचितत्वात् अनन्तरसूत्र एव प्रपंचयिष्यमाणत्वाच्चेति गाथार्थः ॥ १४ ॥

अर्थः–(अपि शब्द अध्याहार लेना) कोईभी वक्त ऐसा हुआ नहीं, होता नहीं, और होगा नहीं ऐसा तीनोही कालमें निषेध है. क्या नहीं हुआ? वगैरह कहते है कि–पाक्षिककृत्य पूर्णिमामें (नहीं हुआ, नहीं होता, नहीं होगा.) किनको? आज्ञाधारियोंको. यहां आज्ञाभी तिर्थंकर देवोकी समझना. यदि कोई कहे कि–आज्ञा युक्तता कैसे होवे? इसके लिये विशेषणद्वारसे हेतुकों दिखाते है. कैसोंकों आज्ञा युक्तता होती

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

है? मोहसे अलग होये हुएको; याने अभिनिवेशिक मिथ्यात्वमोहरुपी ग्रहसे ग्रसीत नहीं हुआ है चित्त जिनोंका, ऐसोंको आज्ञायुक्तता होती है. यह कालत्रयनिषेधवचन, वचनमात्र होनेसें अपने घरमें ही कहा हुआ सुंदर है-ऐसा बोलना नहि; सबब-पाक्षिककृत्य जो उपवासतप चैत्यपरिपाटी साधुवंदन आदिरुप चतुर्दशीमेंही कहा हुआ है. इस विषयको पहले दूसरी गाथाकी व्याख्यामें अन्य ग्रन्थोकी सम्मतिपूर्वक कहा हुआ होनेसें और अगली गाथामें औरभी कहनेका होनेसें. " अथ कालत्रयेपि निषेधः, कुत इत्यन्वयव्यतिरेकहेतुगर्भितं ग्रन्थान्तरोक्तार्थान्वितं गाथा युग्ममाह—" उपर कहे हुए कालत्रयनिषेधकी साबितीमें विधि और हेतुगर्भित अन्य ग्रन्थोकी दो गाथायें कहते है.

जेणं चउद्दसीए तव चेइअसाहु वंदणाकरणे ।
पच्छित्तं जिण कहिअं महानिसीहाइ गंथेसु ॥ १५ ॥
न हु तह पन्नरसीए पक्खिअकज्जं जिणेण उवइट्ठं ।
किंतु पुणो बीअंगे चउमासिति पुण्णिमा गहिआ १६

येन कारणेन महानिशीथादिषु ग्रन्थेषु चतुर्दश्यामेव तपः चतुर्थलक्षणं 'चेइअ'त्ति चैत्यपरिपाटिः साधुनामन्यत्रसतिगतानामपि वंदनं तेषामकरणे प्रायश्चित्तं जिनैः कथितं, यथेति गम्यं, अग्रेतनगाथायां तथेति शब्दस्य वक्ष्यमाणत्वादिति गाथार्थ १५

'नहु त०' नैव हु-निश्चयेन तथा तेन प्रकारेण पञ्चदश्यां पाक्षिककृत्यं जिनेनोपदिष्टं दर्शितमिति, अन्यथोभयत्र चतुर्थ-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

तपोनियमचतुर्मास्यामिव षष्ठतप एव प्रोक्तं स्यात्, तच्च नोक्त-मित्येवं ग्रन्थोक्तयुक्तियुक्तेपि चतुर्दश्यां पाक्षिककृत्ये पंचदश्या-मेव पाक्षिककृत्यंविधेयमिति तु कोशपानप्रत्यायनीयमेव, अथ पाक्षिकत्वेन पंचदशी नाङ्गीकर्तव्येत्यत्र सूत्रसम्मतिज्ञापकमुत्तरा-र्द्धमाह—"किंतु"त्ति पंचदश्यां पाक्षिककृत्यं नोक्तमित्येव न, किं तु-किं पुनः द्वितीयांगे-सूत्रकृताङ्गनाम्नि चतुर्मास्यस्तिस्र एव पौर्णमास्य आराध्यत्वेन गृहिताः, तथाहि-"से णं लेवए-गाहावई समणोवासगे अहिगयजीवाजीवे०" इति सूत्रदेशस्य वृत्तिरियं, तथा चतुर्दश्यष्टम्यादिषु तिथिषु उद्दिष्टासु महाक-ल्याणकसंबंधितया पुण्यतिथित्वेन प्रख्यातासु तथा पौर्णमासीषु च तिसृष्वपि चातुर्मासीकतिथिष्वित्यर्थः एवंभूतेषु धर्मदिवसेषु सुष्ठु-अतिशयेन प्रतिपूर्णो यः पौषधो व्रताभिग्रहविशेषस्तं आहारशरीरब्रह्मचर्याव्यापाररूपं पौषधमनुपालयन् संपूर्णश्राव-कधर्म्ममनुचरति" इति सूत्रकृताङ्गद्वितीयश्रुतस्कन्धलेपश्रावकव-र्णके, यदि पंचदश्यां पाक्षिकमभविष्यत् कथं तर्हि तिस्र एव पौर्णमासीरग्रहीष्यद् ग्रन्थकारः। तथा चोक्तं श्रीशत्रुञ्जयमाहा-त्म्ये तृतीयसर्गाष्टमनवमशतयोः-यावज्जीवं विशेषेण, सोष्टमीं च चतुर्दशीं। प्रत्याख्यानपौषधादितपसाराधयत्यलं ॥ ६५ ॥

स चाष्टमी चतुर्दश्योः, पर्वणोस्तपसः क्वचित्। चाल्यते निश्चयान्नैष, कृतयत्नैः सुरैरपि ॥ ७६ ॥

जगौनृपतिरप्येवं, श्रुणु रंभे! महाव्रतम्।
चतुर्दश्यष्टमी पर्व, तातेनोक्तं समस्तिनः ॥ ३२ ॥

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

त्रयोदश्यां च सप्तम्यां, लोकबोधायभामिनि ! ।
अयं हि पटहोद्घोषो, मदादेशात् प्रजायते ॥ ३३ ॥
चतुर्दश्यष्टमी पर्व, त्रैलोक्ये देवी ! दुर्लभं ।
करोति यो जनो भक्त्या, स याति परमं पदम् ॥ ३४ ॥
अष्टम्यां पाक्षिके कृत्ये, मृगसिंहादि श्रावकाः ।
अप्याहारं न गृह्णन्ति, येऽर्हद्धर्मेण वासिताः ॥ ४४ ॥
चतुर्दश्यष्टमीपर्व, दृष्टधर्मा सधर्मवान् ।
नित्यमाराधयामास, श्रीयुगादिजिनांघ्रीवत् ॥ ९० ॥"

ततश्चतुर्दश्यां पाक्षिककृत्यमागमाविरोधात् दृश्यते, न तु पञ्चदश्यामित्येतद्वचनं तवान्तरलोचनाञ्जनमेवास्तीति किमिति माहक् सुहृद् वचसा नालंकरोष्यांतरलोचनमनेनेत्यलमतिपल्लवेनेति गाथार्थः ॥ १६ ॥

अर्थः—जिस करके महानिशीथादि ग्रन्थोमें चतुर्दशीके दिन उपवास, चैत्यपरिपाटी और अन्य वसतीमें रहे हुए साधुओंको वंदन नहीं करनेसे जिनेश्वर देवोने जैसा प्रायश्चित्त कहा है, ऐसा निश्चय करके पूर्णिमाके दिन पाक्षिककृत्य, जिनेश्वर देवोने नहीं कहा है. यदि कहा होता तो 'चतुर्दशी और पूर्णिमा' दोनो जगह प्रायश्चितके एक एक उपवासके नियमसे तीनोही चातुर्मासीके मुआफिक सब ही चतुर्दशी और पूर्णिमाको बेले (छट्ठ) का तप कहा हुआ होता. सोतो कहा नहीं है, ऐसी रीतिसे चतुर्दशीमें पाक्षिककृत्य ग्रन्थानुसार युक्तियुक्त होते हुएभी पूर्णिमामें ही पाक्षिककृत्यका विधान करना सो तो

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

हाथमें पानी लेकर सोगन खाकें मनाने जैसा है. (नकि शास्त्र-सें.) पाक्षिक तरिके पूर्णिमाकों ग्रहण नहीं करना इस विपयमें सम्मति दिखानेवाला सूत्र, उत्तरार्द्ध गाथासें दिखातें है, सूत्र-कृतांग नामके दूसरे अंगमें कहा है कि–चौमासी संबंधि पूर्णि-माए तीनो ही आराध्यपने ग्रहण की हुई है. वही दिखाते हैं, चतुर्दशी अष्टमी आदि तिथियोंमें और महाकल्याणकपनेसे संबंधित पुण्यतिथित्वसे प्रख्यात ऐसी अमावास्याओमें व तीनो चौमासी संबंधि पूर्णिमाएं, ऐसे धर्मदिनोंमें उत्तम अतिशययुक्त जो पौषधव्रत–अभिग्रहविशेष, उसको–प्रतिपूर्ण–अर्थात् आहार शरीर सत्कार अब्रह्म और अव्यापार संपूर्ण वर्जनरूप–पौषध धर्मको पालन करता हुआ संपूर्ण श्रावकधर्मको आचरण करता हैं; इस प्रकार सूत्रकृतांग द्वितीयश्रुतस्कंधमें लेप श्रावकके अधिकारमें कहा हुआ हैं. इससे बिचार करमे जैसा है कि— जो पूर्णिमामें पाक्षिककृत्य होता तो ग्रंथकार तीन ही पूर्णिमा-ओंको क्यों ग्रहण करते ? ऐसेही श्रीशत्रुंजयमाहात्म्यके तीसरे सर्गके आठवें नौवे सैकड़ामें कहा है कि—"यावज्जीव प्रत्या-ख्यान पौषधादि तप विशेष करके अष्टमी चतुर्दशीको आराधन करता है, उसको अष्टमी चतुर्दशी पर्व संबंधि तपके निश्चयसे चलानेके लिये किया है यत्न जिनोने-ऐसे देवताओंसेभी वह चलायमान नहीं होता है ! राजा भी इस प्रकारसें बोलता हुआ कि–हे रंभे ! तुम सुनो ! महान व्रतस्वरूप अष्टमी चतुर्दशीका पर्व पिताजीने हमको कहा है. हे भामिनि ! त्रयोदशी और

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

सप्तमीके दिन लोगोंको बोध (जानने) के लिये यह पटहोद्घोषण (डुडी पीटाना) मेरे हुकमसे होता है. हे देवी ! तीनों लोकमें दुर्लभ ऐसा चतुर्दशी अष्टमीका पर्व जो मनुष्य भक्तिपूर्वक करता है, सो मोक्षपदको प्राप्त होता है. अर्हद्धर्मसे वासित ऐसे मृग, सिंह वगैरहके बच्चेभी अष्टमी चतुर्दशीके दिन आहार नहीं लेते है. प्रत्यक्षस्वरूप 'धर्ममूर्त्तिः' ऐसा वह धर्मवान् हमेशा अष्टमीचतुर्दशी पर्वको 'आदीश्वर प्रभुके चरण मुताबिक' आराधन करता है ! इसीसे (इन पुरावोंसे) पाक्षिककृत्यका चतुर्दशीमें होना आगमके साथ विरोध रहीत देखनेमें आता है. नकि पूर्णिमामें ! ये वाक्य तेरे आंतरचक्षुके लिये अंजन ही है. मेरे जैसे मित्रके वाक्यसें तूं इन आंतरलोचनको भी अलंकृत क्यों नहीं करता है ? अब इस विस्तारसें बस........ "अथ च वृद्धौ या तिथिराराध्या तामाह" अब वृद्धिके अंदर जो तिथि आराध्य है उसको कहते है.

"संपुण्णत्ति अ काउं वुड्ढीए घिप्पई न पुव्वतिही ।
जं जा जंमि हु दिवसे समप्पई सा पमाणंति ॥१७॥

टीका–प्रकरणात तिथेर्वृद्धौ सत्यामपि, चोप्यर्थे ज्ञेयः, अथ संपूर्णा तिथिरिति भ्रान्त्या कृत्वाऽऽराध्यत्वेन पूर्वा तिथिर्न गृह्यते, किंतूत्तरैव, यतः किमिदं तिथेर्वृद्धत्वं नाम ? प्राप्तद्विगुणस्वरूपत्वं वा प्राप्ताधिकसूर्योदयत्वं वा प्राप्तसूर्योदयद्वयत्वं वा द्वितीयसूर्योदयमत्राप्यसमाप्तत्वं वा ? आद्योऽसंभवी, एकादिन्युनाधिकविंशत्युत्तरशतसाध्यारिकामानप्रसंगात्, शेषेषु त्रिष्वपि

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

विकल्पेषु शेषतिथ्यपेक्षयैकस्यामेव तिथौ एकादिघटिकाभिराधिक्यमस्ति, तथा च यं सूर्योदयमवाप्य समाप्यते या तिथिः स एव सूर्योदयस्तस्यास्तिथेः प्रमाणं, शेषतिथिनामिव, प्रयोगस्तु प्राप्तसूर्योदयद्वयलक्षणायास्तिथेः समाप्तिसूचक उदयः प्रमाणं, विवक्षितवस्तुसमाप्तिसूचकत्वात्, यथा शेषतिथीनामुदयः, व्यतिरेके गगनकुसुमम्, अथ तिथीनाम् वृद्धौ हानौ च का तिथिः स्वीकार्येत्यत्रोभयोः साधारणं लक्षणं उत्तरार्द्धेनाह- 'जं जा जंमि'त्ति यद् यस्मात् या तिथिर्यस्मिन् आदित्यादिवारलक्षणदिवसे समाप्यते स एव दिवसो वार लक्षणः प्रमाणमिति तत्तिथित्वेनैव स्वीकार्यः, अत्र हु एवकारार्थे ज्ञातव्य इत्यर्थः, अत एव 'क्षये पूर्वा तिथिर्ग्राह्या' तस्मिन्नेव दिवसे द्वयोरपि समाप्तत्वेन तस्या अपि समाप्तत्वात्, एतत् संवादकं च 'तिहिवाए पुव्वतिही'त्ति गाथा व्याख्यावसरे प्रपंचितमिति गाथार्थः ॥ १७ ॥

अर्थः—चलते हुए प्रकरणसें तिथिकी वृद्धि होते हुए (च, अपि अर्थमें है.) भी आज संपूर्ण तिथि है, ऐसी भ्रान्ति करके आराध्यपने पहली तिथि ग्रहण नहीं करना किंतु दूसरी तिथि ही ग्रहण करना. (यहां वादीकी शंकाको ग्रन्थकार स्वयं उपस्थित करके उसका समाधान करते है.) कारण कि—यह तिथिका वृद्धित्वपना क्या? तिथिका डबलपना? या, एक तिथिमें प्राप्त किया है अधिक सूर्योदय ऐसा अगर एक तिथिने दो सूर्योदय प्राप्त किये है, ऐसा? या दूसरे सूर्योदयको प्राप्त होकर

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

समाप्त हो गई सो ? पहला विकल्प तो असंभवनीय है. सबब एक दो कमती अगर ज्यादे १२० घड़ीयोंवाली तिथिका प्रसंग आ जावेगा ! १२० करीबवाली तिथि होती ही नहीं है. अब बकाया रहे हुए तीन विकल्पोंमें अन्यतिथिकी अपेक्षासे एक तिथिके अंदर एक दो घड़ीयों करके अधिकपना सूचन किया है. वैसेही जो तिथि जिस सूर्योदयको प्राप्त होकर समाप्त होती है वही सूर्योदय उस तिथिको प्रमाण है. 'अन्यतिथियोंके मुताबिक'. इसका प्रयोग ऐसा है कि प्राप्त किये है दो सूर्योदय जिसने ऐसे लक्षणवाली तिथिको समाप्तिसूचक उदयप्रमाण है. व्याख्या की हुई वस्तुको समाप्तिसूचकपना होनेसे, जैसे अन्य तिथिये उदयसहित समाप्तिवाली है, वैसेही समाप्तिपूर्वक उदयके अभावमें तिथिका विद्यमानपना ही नहीं.

अब तिथिके वृद्धि और क्षयमें कोनसी तिथि लेना ? इन्ही दोनो (प्रश्नों)का सामान्य लक्षण यहांपर उत्तरार्द्धगाथासे कहते है. जो तिथि जिसदिन याने रविवार आदि वार लक्षण दिनको समाप्त होती हो उसीहीको रविवार आदिवार लक्षणरूप दिन उसीही तिथिपने स्वीकारना. यहां 'हु' शब्द एवकार अर्थमें है, इसीसेही "क्षये पूर्वा तिथिर्ग्राह्या" क्षयके वक्त पूर्वतिथि लेना. सबब उसदिन दोनो तिथियोंकी समाप्ति होनेपूर्वक उसकी भी समाप्ति होनेसे, यह संवाद चतुर्थ गाथाकी व्याख्यामें कहा गया है.

बकी०-(इन्द्रमलजीको रोककर) इस गाथासे शास्त्रकारने

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

यह सिद्ध किया है कि क्षय हो, तब पूर्वतिथिहीको क्षयतिथिपने ग्रहण करना और वृद्धि हो तब दूसरी तिथिको तिथिपने ग्रहण करना.

इन्द्र०–इस गाथासे यह सिद्ध हुआ कि विद्यमान और वृद्धिके वक्त उदयसहित समाप्ति व, क्षयके वक्त समाप्तिवाली तिथिको ही तिथिपने लेना.

वकी०–बेशक ऐसा ही है.

इन्द्र०–आपको कबूल है न ?

वकी०–हां अवश्यमेव.

इन्द्र०–अच्छा तो कहिये कि उदययुक्त समाप्तिवाली तो सप्तमी ही है, उस सप्तमीको सप्तमी नहीं कहते अष्टमी कहना यहतो सरासर अन्याय ही है न ? अब रही आराधना, सो तो क्षयतिथिको हो ही जायगा.

वकी०–क्षयके वक्त उदययुक्त समाप्ति नहीं किंतु सिर्फ समाप्तिवाली ही तिथि मानना फरमाया है ऐसा समझते हुए आप अपने हठको नहीं छोड़ते है. यहभी एक आश्चर्य है ?

इन्द्र०–वस्तुस्थिति समझनेके लिये हठभी करना पड़ता है, परंतु सप्तमी तो उदय और समाप्ति दोनोही करके युक्त है, ऐसी उदयसमाप्तिवाली तिथिको कैसे छोड़ देना चाहिये ?

वकी०–तिथिसे आराधना है या आराधनासे तिथि है.

इन्द्र०–तिथिसे ही आराधना है.

वकी०–बस तो कहिये कि सप्तमीके स्थानपर अष्टमीको

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

कायम किये बाद ही उसकी आराधना होती है ! और सप्तमीकी तो शंका तक करनेके लिये ग्रन्थकार मुमानीयत करतेहै.

"तत्र त्रयोदशीति व्यपदेश शंकापि न विधेया" तत्त्वतरंगिणी पृ. ७ लाईन ४-५ वहां चतुर्दशीके क्षयवक्त त्रयोदशी है ऐसी शंका तक भी नहीं करना ऐसा खुल्लम् खुल्ला शास्त्रकारका फरमान होते हुएभी आप अपनी एक ही बातको क्यों पकड़ रखते हो ! और भी देखिये. तत्त्वतरंगिणी पृ.१५ पंक्ति ८ " ननु भो कालीकसूरिवचनात् चतुर्दश्यां आगमादेशाच्च पंचदश्यामपि चातुर्मासिकं युक्तं त्रयोदश्यां तद्व्यपदेशाभावेन द्वयोरपि विराधकत्वात् श्रीमत एवैतेदोषाः प्रत्यत्रसर्पन्ति नास्मान् प्रतीति चेत्"वादीको कहते है कि कालिकसूरि महाराजके वचनसे चतुर्दशीके दिन, और आगमके वचनसे पूर्णिमाके दिन चौमासी युक्त है. किंतु त्रयोदशीके दिन तो चतुर्दशीके व्यपदेशका अभाव ही होनेसे आपको कालिकसूरिका वचन तथा आगम दोनोंका विराधकपनाहै, हमारेको वह दोष है ही नहिं ऐसा जो तूं कहता हो तो "अहो प्राकप्रपंचावसरेऽगुलिपिहितश्रोत्रपथ्यभवद्भवान् येनेत्थं निर्घोष्यमाणे अद्यापि त्रयोदशीमेव वदसि" आश्चर्य है कि पहले जब हमने इस विषयकी व्याख्या की उसवक्त क्या कानोंमें डाल कर रहाथा, कि जिससे ऐसी घोषणा करते हुएभी तू अबतक त्रयोदशी २ बोलता है ? यद्वा—

अरण्यरुदनं कृतं शवशरीरमुद्वर्तितं, श्वपुच्छभ-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वनामितं बधिरकर्णजापः कृतः । स्थले कमलरोपणं सुचिरमूषरे पर्षणं, तदंधमुखमण्डनं यदबुधजने भाषणं ॥ १ ॥ इति काव्यं कविभिर्भवन्तमेवाधिकृत्य विदधे.

अर्थः-" मूर्ख जनको समझाना, जंगलमें रुदन करना, मुरदेके शरीरको तैलादि सुगंधी द्रव्योंसे मालीस करना, श्वानकी पुंछको सीधी बनानेके लीये नमाना, बहरेके कानमें जाप करना, मरु भूमिके अंदर कमलको बोना, उषर जमीन पर बारीषका बहोतही गिरना और अंधेके मुखकी शोभा करने जैसा हीहै." इस काव्यको कविने तेरे लीयेही बनाया? सुना साहब! शास्त्रकारतो चतुर्दशी क्षयके वख्त वादीके मुँहसे त्रयोदशीका (उदयपूर्वक समाप्तित्राली तिथिका) नाम तक सुनना नहीं चाहते है यह बाततो सत्य ही है न ?

इन्द्र०-हां यह बाततो सत्य ही है.

वकी०-वहांपर आपके पूज्यश्री फरमाते है कि आज त्रयोदशी है और उसमें चतुर्दशीकी आराधना की है यह कैसा असंगत है ?

इन्द्र०-आपकी बताई हुई युक्तियोंसे यहतो सिद्ध हुआ कि पर्वतिथिके क्षयमें पूर्वतिथिका क्षय ही करना योग्य है लेकिन. (इतनेमें)

वकी०-मेरी बताई हुई युक्तियें नहीं है किंतु शास्त्रकारकी युक्तियें है, ऐसा कहिये !

इन्द्र०-अच्छा, 'शास्त्रकारकी' ऐसा ही रखिये. लेकिन

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

पूर्वान्तर तिथिका क्षयतो शास्त्रकारने कहीं भी कहा नहीं है यहतो सच्चा है न ?

वकी०-शास्त्रकारने तो यह दिखा दिया है कि क्षयमें पूर्वका क्षय करना और इस बातको जैसा अब आप कबूल भी कर चुके हैं वैसा आपके गुरू रामविजयजीने भी पर्वतिथिके क्षयके वक्त पूर्वतिथिका क्षय ही कबूल किया है अब झूठ बोले उसको क्या कहना ? देखिये उन्हीका जैनप्रवचन वर्ष ६ अंक १२-१३-१४ पृ. १७७ में साफसाफ लिखते हैं कि-

"तत्त्वतरंगिणीनो आधार तो संवत्सरीनी चोथना क्षये त्रीजनो क्षय करवानो छे."

अर्थात् क्षयके वख्त पूर्वअपर्वतिथिका क्षय ही होता है ! अब आप कहिये कि पूर्णिमा-अमावास्याके क्षयमें क्या चतुर्दशीका क्षय होगा ?

इन्द्र०-चतुर्दशी और पूर्णिमा दोनो ही शामिल हो जाय फीर क्या हरकत ?

वकी०-यदि क्षीणपर्वतिथि पूर्वतिथिमें शामिल ही हो जाती तो रामविजयजी "चोथना क्षये 'त्रीज चोथ भेगां छे' ऐसा नहीं बोलते हुए त्रीजनो क्षय करवानो छे" ऐसा बोलते क्या ? नहीं ! कभी नहीं ! ! यहां कहनाही पड़ेगा कि वहां तकतो वह भेलसेलिये मतको मानते नहीं थे. यह मत तो पीछेसेही निकाला गया है ! अच्छा महीनेमें बाराही पर्वतिथिको ब्रह्मचर्य पालनेका जिसको नियम है, उसने क्या उस क्षयके वख्त ग्याराही तिथि नियम पालना ?

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

इन्द्र०--इसमें क्या हर्ज है ? जैसे कल्याणकतिथिका तप अन्यतिथिमें करके पूर्ति करता है, वैसे इसमेंभी समझ लेना।

वकी०--ऐसा तो कैसे समझा जाय ? नियम बार तिथियोंका है. जब कि तिथि ही नहीं हैं तो नियम किस बातका ?

इन्द्र०--पहली बात तो यह हैं कि--क्षयके वख्त पूर्वतिथिमें दोनो तिथि शरीफ होनेसे क्षीणतिथिकी आराधना भी पूर्वतिथिके साथ हो ही जाती हैं; यदि उस बारा तिथिके नियमवालेको तिथिकी गिनती ही पूर्ण करना होवे तो अन्य दिवस ब्रह्मचर्य पालकर गिनतीको पूर्ण कर सकता है.

वकी०--वाहजी ! वाह ! ! कल्याणककें लिये तो शास्त्रकारका हुक्म है कि--कल्याणक दो रीतिसें आराधे जाते है. 'निरंतर और सांतर.' जिसका खुलासा पहले भी हो चुका हैं. आप पर्वतिथिक्षयको भी कल्याणकपर्वके साथ जोइंट करते हो यहतो आधार बिनाकीही बात हैं. पूर्णिमा--अमावास्याके क्षयवक्त पूर्णिमा--अमावास्याका पौषध अन्यत्र करकें पूर्ति करदेना, ऐसा पाठ शायद आपहीको मिला होगा ? (तत्त्वत० इन्द्र०को देते हुए) दिखाइये हमेभीतो वह पाठ.

इन्द्र० मुद्रितपृ.६ "तस्या अप्याराधनं जातमेव." बस इसीसे सिद्ध हुआ कि--चतुर्दशीके साथ पूर्णिमाकी आराधनाभी हो गई.

वकी०--बस, हरदम इसी ही पाठको लेकर झूठा ही पीष्टपेषण किया करते हैं ! इस पाठका सच्चा भावार्थ तो मैं पहले ही आपको समझा चुका हूं कि यहां 'तस्याः' एकवचन होनेसे

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

एकही तिथिकी आराधना होती है. और अपि शब्दसे आप जो दूसरी तिथि कहते हो सो तो अयोग्य ही है. सबब वहां तो 'क्षीणाया अपि' अर्थात् वादीको कहते हैं कि तेरे तो क्षीण ऐसी चतुर्दशीका नाम भी नहीं रहता हैं, और हमारे तो उस क्षीणतिथिका नाम रहते हुए आराधना भी होती हैं. अगर यहां दोनो ही तिथिको साथ रखना या तो शास्त्रकार द्विवचनात्मक प्रयोग ही लेते, और नहीं लिया हुआ होनेसे सिद्ध होता है कि आपकी यह मान्यता आकाशकुसुमवत् ही है.

अब पूर्वान्तरतिथिका आपका प्रश्न है, सो तो "क्षये पूर्वा" से ही सिद्ध है! क्योंकि–पूर्वका क्षयतो आपने व आपके गुरूवर्यने मंजुर किया ही है. और पूर्णिमा अमावास्याके क्षयमें चतुर्दशीका क्षयतो आपकोभी इष्ट नहींहै. वास्ते कहनाही होगा कि–अपर्व ऐसी जो पूर्वमें रही हुई त्रयोदशी, उसीका ही क्षय होता है श्रीहीरप्रश्नभी 'त्रयोदशी चतुर्दश्यो:' इस कथनसें इसी बातको पुष्ट करता है. अब रहा वृद्धितिथिका प्रश्न. इस वख्त आप जो दोनोंको पर्वतिथि मानकर एकको खोखा मानते हो, यह मान्यता भी शास्त्र और परंपरासे अत्यंत विरुद्ध ही है.

इन्द्र०–नहीं, बिलकुल विरुद्ध नहीं है! देखिये, आप हीरप्रश्नको निकालीये.

वकी०–बहोत अच्छा(धूलचंदसे) धूलचंद! हीरप्रश्न लाओ!

धूल०–जीहां, लाता हुं. (लाकर देता है.)

वकी०–'हीरप्रश्न देतेहुए' लीजिये साहब! निकालिये वहपाठ.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

इन्द्र०-(पृष्ट ४५ निकालकर पढ़ते हैं.) प्रश्नः-यदा चतुर्दश्यां कल्पोवाच्यते अमावास्यादिवृद्धौ वा अमावास्यायां प्रतिपदि वा कल्पोवाच्यते तदा षष्ठः तपः क्वविधेयं ?

अर्थः-जब चतुर्दशीके दिन कल्प वंचाता है अगर अमावास्यादिकी वृद्धिमें अमावास्याके दिन अगर एकमके दिन कल्पसूत्र वंचाता है तब छठ (बेले)का तप कब करना? उत्तर- "यदा चतुर्दश्यां कल्पोवाच्यते इति, अत्र षष्ठतपोविधाने दिन नैयत्यं नास्तीति यथा रुचितद्विधियतामिति कोऽत्राग्रहः?" जब चतुर्दशीके दिन कल्पवांचन होता है वहां बेलेका तप करनेके लिये दिनका नियमितपना नहीं है, इच्छा मुताबिक तप करना इसमें आग्रह क्या? देखिये, यदि पर्वतिथिकी वृद्धि नहीं होती तो "शास्त्रकार "अमावास्यादिवृद्धौ" ऐसा क्यों कहते ?

वकी०-अमावास्यादिकी वृद्धि प्रश्नकार बोलते है वोभी लौकिक पंचांगके अनुसार ही बोलतें है, न कि जैनपद्धत्यनुसार. यदि जैनपद्धत्यनुसार होता तो उत्तरमेंभी "द्वितीयायां अमावास्यायां" ऐसाही कहा होता. सो तो नहीं है. वहां तो सीर्फ "अमावास्यायां"ऐसा कहनेसेही सिद्ध है कि जैनपद्धतिअनुसार अमावास्यादि एकही होती है. अर्थात् पर्वतिथिकी वृद्धि होतीहीनहिं.

इन्द्र०-यहांतो साथमें 'प्रतिपदि' ऐसा भी कहा है तो वहां "प्रथमायां प्रतिपदि, द्वितीयायां प्रतिपदि" ऐसा नहीं कहा हुआ होनेसे तो अब आप ऐसाही कह दीजिये कि तिथि मात्रकी ही वृद्धि नहीं होती है.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वकी०-बेशक डंकेकी चोटपर कहता हूं कि जैनपंचांगके नियमानुसार तिथिमात्रकी ही वृद्धि नहीं होती है.

इन्द्र०-यहां हीरप्रश्नमेंतो स्पष्ट अमावास्यादिकी वृद्धि कहतेहै.

वकी०-खुलासा दे दिया फीर भी आप यही पुछते है? वहां तो लौकिक पंचांगके अनुसार ही कहा हुआ हैं; न कि जैनपंचांगके अनुसार. यह खुलासा आपको नहीं मिला क्या? अब आप दूसरी एकमके दिन कल्पवांचन बता दीजिये, ताकि मैं आपको प्रतिपत्‌के साथ 'प्रथमा और द्वितीया' ऐसा विशेषण दिखला देता हुं.

इन्द्र०-तो क्या दूसरी एकमके दिन कल्पवांचन नहीं आता है.

वकी०-आता हो तो आप दिखा दीजिये!

इन्द्र०-(हँसमुखरायजीकी तरफ देखकर) हँसमुखरायजी! बताईयेन-दूसरी एकमके दिन, कल्पवांचनका प्रारंभ कैसेहोता है?

हँस०-सुनिये जनाब! दो एकम होवे, और दो दूज होवे अगर दो तीज, या दो चतुर्थी होवे तो दूसरी एकमको कल्पवांचन आता है.

इन्द्र०-(वकी० सा० से) लीजिये! साहब हँसमुखरायजीने दूसरी एकमका कल्पवांचन प्रारंभ दिखा दिया हैं, अब आप हीरप्रश्नके अंदर एकमके विशेषण दिखाईये!

वकी०-वाहजी! वाह!! आपकी होंशीयारी तो खूब ही है हो! लौकीक पंचांगमें वृद्धितिथि आनेके साथ एक दो दिनके अंतरमें ही तिथिको आपने बढ़ा दी? एक दो दिनके

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

अंतरमें भी इस मुआफिक तिथियोंकी वृद्धि होती है, एसा आप सप्रमाण साबीत करसकतें है क्या ? यदि नहीं तो दूसरी एकमके दिन कल्पप्रारंभ आता ही नहीं है यह बाततो सत्यही है न ? इसी सबब एकमको 'प्रथमा द्वितीया' ऐसे विशेषणकी आवश्यकता नहीं रहती है. अमावास्या जो दो होवे तो उसमें तो कल्पप्रारंभ दोनोहीमें आसकता है, वास्ते वहां विशेषणकी जरूरत रहती है, तोभी शास्त्रकारने उत्तरमें अमावास्या करके ही छोड दीया है. इसीसे साफ सिद्ध है कि जैनपद्धति अनुसार वृद्धितिथि होती हि नहि. अमावास्या दो होवे और एकमसें पंचमी तक कोईभी तिथिका क्षय होवे तब पहली अमावास्याको कल्पवांचन आता है. यदि अमावास्या ही दो होवे तो दूसरी अमावास्याको कल्पवांचन आवेगा.

इन्द्र०–ऐसे दोचार दिनके अंदरही क्षय और वृद्धि दोनों ही आते है क्या ?

वकी०–हां आते है ! देखिये, सं. १९९७ में माघशुक्ल १२ दो है और १३ का क्षय है ! वैसेही फाल्गुनकृष्ण १२ का क्षय है और अमावास्या दो है. सं. १९९८ वेमें पौषशुक्ल ६ का क्षय है और ७ दो है.

इन्द्र०–आप किस पंचांगकी बात करते है ?

वकी०–चंडांशु चंडु. न कि अन्यपंचांग ! वास्ते अमावसको विशेषणकी खास आवश्यकता रहती है. और एकम यदि दो होवे तोभी हरवख्त पहली ही एकममें कल्पवांचन आता

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

है, वास्ते यहां विशेषणकी जरूरत नहीं रहती है. और यहां अमावसके साथ बिशेषण नहीं होनेसे सिद्ध हुआ कि-श्रीमान् हीरसूरिजी माहाराज पर्वतिथिकी बृद्धि नहीं मानतेथे, लेकिन भोली जनताको भ्रममें डालनेके लिये जंबुवि० ने मन माना 'विना संगतकाही' लिखमारा है! उन्हे खबर नहीं कि-ये खोटी युक्तियें कहांतक चलेगी ? (इतनेमें)

गुला०-(वकीलसा०से) आप उस, कथाको भूलगये हे क्या?

वकी०-कोनसी कथा ?

गुला०-श्रीमान् अमिविजयजी माहाराज "धके जतरे धकाओ' की कथा कहतेथे न ?

वकी०-मैने यह कथा सुनी हो, ऐसा मुझे ख्याल नहीं आता: खैर आपही कह जाईये.

गुला०-अच्छा तो सुनिये! एक छोटे गांवमें एक ठाकुर रहताथा उसको पांचसात हजारकी जागीर थी. एक रोज उसके मनमें ऐसा आया कि अपनेसे पांचसात कोशके फासले पर जो यह मोटा शहर है, और वहांपर जो राजा राज्य करता है, इस राजाको यदि मैं जीत लेउं तो में भी एक मोटा राजा बन जाउँ इसके लिये कुछ उपाय करना चाहिये. शोचते शोचते शोचा कि-युद्ध करके तो में इसको जीत नहीं सकता, सबब उसके पास सामग्री भरपूर है, और मेरे पास तो इतनी सामग्री नहीं है. अबतो एक उपाय है कि-ब्राह्मणोको बीठाकर जाप करवाना चाहिये, ताकि मेरी मनोकामना सिद्ध हो जाय. ठाकुरसाहब

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

ऐसा विचार करही रहेथे कि, किसी ब्राह्मणने आकर "जय सीता-राम !" का आवाज किया ! बस आवाज सुनते ही ब्राह्मणको ठाकुरसाहबने बुलवाकर पुछा कि-तूं कुछ जानता है या नहीं? ब्राह्मण बोला माहाराज ! हेंग जाणुं हुं ! तब ठाकुरसाहब बोलेकी राज्यके लिये जाप जपनेके है, तुम जप सकोंगे क्या ? ब्राह्मण बोला कि जपुंगा. बाद ठाकुरने मोदीसे कहदिया कि—इस ब्राह्मणको लोट-सक्कर-घीरत-दाल-चावल जो कुछ चाहिये सो देना ! बस फिर तो देरी ही क्या थी ? ब्रह्मदेवने तो लड्डु पर ही हाथ फिरानेका काम रखा ! और माला हाथमें लेकर बैठके बिचार करने लगा की अब क्या करना चाहिये ? मेरे लिये काणा कक्का तो भेंस जैसा है ! परंतु राजाजीने तो जाप जपनेको कहा है तो अब जाप जपना चाहिये. ऐसा शोचकर माला फिराने लगा और बोलने लगा "राजाजीरा जाप जपुं, राजाजीरा जाप जपुं" इस तरह काम चलने लगा. इतनेमें कोई दूसरा द्विज आया. ठाकुरसाहबने उससेभी वहां बिठाया. उसने भी लड्डुओंपर खूब ही हाथ फिराया, बादमें एक बैठा हुआथा वहां दूसराभी आया और शोचने लगा कि मैंतो कुछ भी नहीं जानता हुं; और अब यहांपर क्या जाप गिनुं ? इत-नेमें बिचार आया कि यह पहलेवाला ब्राह्मण क्या जाप गिनता है, इससे तो पुछलिया जाय ? ऐसा शोचकर इसने भी उस ब्राह्मणसे पुछा कि-आप क्या जाप जपतें है ? तब वह बोला कि "राजाजीरा जाप जपुं" यह सूनकर ब्राह्मण शोचने लगा

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

कि–यहतो मेरा मोटाभाई है! कुछ परवाह नहीं. मैं तो यही जपुंगा कि—"थैं जपो सो मैं जपां" बस, फीरतो बैठे माला जपनेको. 'थैं, जपोसो मैं जपां २' इतनेमें कोई तीसरे वाडव आ पहुंचे! उनकोंभी ठाकुरसाहबने वहां बिठाये उन्होने भी लड्डुओंकी खबर लेने बाद पूर्वस्थित भूदेवोंसे पुछा कि–आप क्या जाप जपतें है? तब पहलेने कहा "राजाजीरा जाप जपुं २" दूसरे भूदेव बोले कि "थैं जपो सो मैं जपां २" तीसरेने शोचा कि मंत्राक्षरको नहीं गिनना और मफतका माल उड़ाना, यह पोल कहांतक चलेगी? बस मैं तो यही माला फीराउंगा कि–"या पोल कढाकतक" फिरतो बैठे भूदेव माला फीरानेको. "या पोल कढाकतक २" इतनेमें कोई चोथे भूदेव आपहुचें! उन्होने भी मोदकोंको इन्साफ दिया, और हाथमें माला लेकर बैठे जाप करनेको. पहलेवाले तीनोसे जापमंत्र सुने, और शोचनें लगे कि–मुझे क्या जपना चाहिये? इतनेमें बिचार आया कि–मैं तो यही जपुंगा कि–'धके जतरे धकाओ' बस बैठे जपनेको! "धके जतरे धकाओ २" इस कथाको अब मैं घटाता हुं सो आप अब सावधान होकर सुनना. ठाकुरकी जगह रामविजयजी है. जिनको सबही आचार्योंसे मोटे बननेकी भावना हो आई तब पर्वतिथिकी क्षयवृद्धिरूप युक्ति निकाली! अब इस युक्तिको चलाना ही है! इसलिये चार व्यक्ति जापवाले बिठाये! पहला नंबर–प्रेमसूरिजीका कि–"राजाजीरा जाप जपुं" अर्थात् बस रामविजयजीने जो कहा सो सच्चा! दूसरे नंबरमें लब्धिसूरिजी,

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

"थैं जपो सो मैं जपां" बस तुमने किया सो हमने किया! तीसरे नंबर आये क्षमाविजयजी, कि-"या पोल कढाकतक" याने यह तुह्मारा शास्त्रविरुद्ध मत कहांतक चलेगा? इतनेमें चौथे नंबर आये जंबुविजयजी, वे बोलने लगे कि "धकेंजतरे धकाओ" घबराओ मत. इस पोलको धकानेके लिये मैं यह पर्वतिथिप्रकाश नामक किताब बना देता हूं! बस इस कथाको (इन्द्रमलजीकी तरफ इशारा करके) इनके पूज्यवर्गने चरितार्थ कर दिखाई हैं (सबही हँसते है इतनेमें)

हँस०-कितना बेअक्कल मनुष्य है? जिस कथाको श्री-अमिविजयजी महाराजने तीन थुइवालोंपर घटाईथी उसीको यहां ले बैठा है! (मनही मन क्या करूं सबही बैठे हुए है यदि अकेला होता तो इसकी खबर ले लेता! खैर अबभी क्या हुआ? बैटा! तूं कभी अंधेरे उजेलेमें मुझसे मिलना, तुझे इस कथाका स्वाद चखाउंगा!)

वकी०-अच्छा जाने दीजिये. तुमारी बातको अपने मूल विषय पर ही आईये.

इन्द्र०-अच्छा आप कहते हैं कि-पर्वतिथिकी वृद्धि नहीं होती है तो सेनप्रश्न मंगवाईये.

वकी०-(धूलचंदसे) सेनप्रश्न ले आओ. (धूलचंद सेन-प्रश्न लाकर देता है और वकीलजी इन्द्रमलजीको देते है)

इन्द्र०-(सेनप्रश्न पृ. ८७ खोलकर पढ़ने हैं) एकादशी-वृद्धौ श्रीहीरविजयसूरीणाम् निर्वाणमहिमपौषधोपवासादिकृत्यं

पूर्वस्यामपरस्यां वा किं विधेयमिति प्रश्नः अत्रोत्तरं औदयिक्ये-
कादश्यां श्रीहीरसूरिनिर्वाणपौषधादिविधेयम्"

अर्थः—एकादशीकी वृद्धिमें श्रीहीरविजयसूरीजीके निर्वाण-
महीमाका पौषध उपवास वगैरह कृत्य पहलीमें करना या दूस-
रीमें यह प्रश्न है. औदयिकी—अर्थात् दूसरीमें श्रीहीरसूरिजीके
निर्वाण संबंधी पौषध उपवास वगैरह करना, यही उस प्रश्नका
पूज्यश्रीने उत्तर फरमाया है न ?

वकी०—'अर्थात् दूसरी' यह शब्द, आपके घरसे लायेहो
या कोई अन्य स्थानसें ?

इन्द्र०—औदयिकीका अर्थ दूसरी ही होता है ! देखिये
पर्वतिथिप्रकाशमें जहां तहां औदयिकी शब्द आया है वहां
'दूसरी' ही अर्थ किया है !

वकी०—जं० वि०ने लिखदिया और आपने मानलिया !
आप जैसे लकीरके फकीरसेंही ऐसे नये मत निकालनेवालोंका
काम चलता है. आप अपने अभ्यासकी ओर तो दृष्टिपात कीजिये.

इन्द्र०—व्याकरणके नियमसे तो "उदये भवा औदयिकी"
अर्थात् उदयमें होनेवाली जो होवे सो औदयिकी ऐसा ही
अर्थ होता है.

वकी०—अब कहिये आपके पूज्यश्रीने जो लिखा है वह
अर्थ सच्चा है या झूठा है ?

इन्द्र०—इस तरहसे तो—याने व्याकरणके नियमसे तो
दोनोही तिथियें औदयिकी है.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वकी०-बस तो दोनोहीमें पौषधादि कीजिये.

इन्द्र०-नहीं इसमें तो दूसरी ही तिथिको लेते है. और कहते है. "औदयिकी !" इसका कुछ मतलब समझमें नहीं आया ! मैं तो अबतक यही समझता हुं कि यह कोई पारिभाषीक शब्द है.

वकी०-पारिभाषीक शब्द है तो अन्यत्र कहींपर भी दिखलाईयें ?

इन्द्र०-अन्यत्र कहीं पर या किसी कोशमें "औदयिक" का 'दूसरा' ऐसा अर्थ किया हुआ नहीं है ?

वकी०-नहीं कहीं परभी "औदयिक" शब्दका अर्थ दूसरा ऐसा नहिं किया है.

इन्द्र०-तो इसमें असली तत्त्व क्या है सो समझाईये ?

वकी०-शास्त्रकारोंने उस तिथिपनेका उदय दूसरे दिनही माना है. सबब जैनपंचांगमें तो कोईभी तिथिकी वृद्धिही नहीं होती है और अन्य पंचांगकार तो वृद्धितिथि मानते है, और अपने यहांभी कालदोषके सबब अन्यपंचांगसे ही तिथि मुकरर करनेका काम लिया जाती है तो उसकी मानी हुई वृद्धि, कि जो जैनशास्त्रसे खिलाफ है; उस वृद्धिको पर्वतिथिमें कैसे डाल दि जाय ? इसी सबब से ही शास्त्रकारने ऐसी लौकिक वृद्धितिथिका उदयको दो दिन नहीं मानकर दूसरे दिन ही उदय माना है. ऐसी रीतिसें उस वख्त अपने यहां जब उदय ही दुसरे दिनको माना है तब पहला दिनतो उस तिथिके उदय विना-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

अर्थात् एकादशी विना ही रहा है, इसीसें उसके पहेले दिन एकादशी नहीं किंतु दशमी अपने आप ही रह गई. फीर श्री सेनप्रश्नमें पर्वतिथिकी वृद्धि कैसे होती या रहती है?

इन्द्र०–यहतो मेरी समझमें आ गया, लेकिन मूल बाततो यह है कि पूर्णिमा और अमावास्याके क्षयवक्त आप त्रयोदशीका क्षय करते हो वैसे ही वृद्धिमेंभी त्रयोदशीहीकी वृद्धि करते हो उसमें तो आप खास उदयवाली चतुर्दशीको छोड़कर ही उदयवती पूर्णिमा को ही चतुर्दशी बनाते हो यहतो स्पष्ट तपा अयोग्य ही है न?

वकी०–पहले दिन तो उदयमें पूर्णिमा है ही नहीं "औदयिकी" के नियमसे और श्रीमान् हीरसूरिजी माहाराजकी भी आज्ञा पालन करनेवालोंको एकांत उदयका आग्रह हो ही नहीं सकता! देखिये हीरप्रश्न पृ. (७८–७९ खोलकर)

प्रश्न–पंचमीतिथिस्त्रुटिता भवति तदा तत्तपः कस्यां तिथौ? पूर्णिमायां च त्रुटितायां कुत्रेति ?

उत्तरं–अत्र पंचमीतिथिस्त्रुटिता भवति तदा तत्तपः पूर्वस्यां तिथौ क्रियते पूर्णिमायां च त्रुटितायां त्रयोदशीचतुर्दश्योः क्रियते, त्रयोदश्यां तु विस्मृतौ प्रतिपद्यपि इति ॥

अर्थः–पंचमी तिथिका क्षय हो तब उसका तप किस तिथिमें करना और पूर्णिमाका क्षय हो तब उसका तप किस तिथिमें करना?

उत्तर–जब पंचमीका क्षय हो तब उसका तप पूर्वतिथिमें

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

करना और पूर्णिमाका क्षय हो तब उसका तप त्रयोदशी चतुर्दशीमें करना. देखिये ! पूर्णिमाके क्षय संबंधमें उत्तर दिया है कि-"त्रयोदशीचतुर्दश्योः" जं० वि० की मान्यतानुसार तो ऐसा ही उत्तर देनाथा कि—" चतुर्दशीतपसा सरति" ऐसा उत्तर तो नहीं देतें है. और विस्मृतिके लियेभी उत्तर दिया है कि-त्रयोदशी चतुर्दशीमें तप करना भूल जाय तो पड़वेके दिन करे. अर्थात् त्रयोदशीके दिन चतुर्दशी करना भूल जाय तो एकमके दिन पूर्णिमाकी आराधना करे ऐसा फरमाया है. वास्ते श्रीमान् हीरसूरिजी माहाराज पूर्णिमाके क्षयवक्त त्रयोदशी ही का क्षय करते थे. वह साफ २ सिद्ध है. अगर ऐसा नहीं करते होते तो आपकी मान्यतानुसार "चतुर्दश्यां" अगर "चतुर्दशी तपसा सरति" ऐंसाही कह देते. परंतु ऐसा नहीं कहते हुए "त्रयोदशीचतुर्दश्योः" ऐसा ही कहा है इसको आप स्वयं समझ सकते हो.

इन्द्र०—मैं तो इसे ठीक तौरसे समझ सका हुं, आपही नहीं समझे है; वास्ते अब आप समझिये कि-पूर्णिमाका तप त्रयोदशीमें करे, और त्रयोदशीमें करना भूलजाय तो एकमकों करे, नकि चतुर्दशीको पलटाना.

वकी०—आप हरवक्त भोग गंध समप्ति वगैरहकी बातें करते हो, तो आपसे मेरा प्रश्न है कि-त्रयोदशी और एकममें पूर्णिमाका उदय है, भोग है, या गंध है, या समाप्ति है ? क्या है ! सो कहिये. और चतुर्दशीके पहले ही पूर्णिमा हो जाती है

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

क्या? आपका कहना सत्य होता तो श्रीमान् हीरसूरिजी माहाराज "त्रयोदशीचतुर्दश्योः" ऐसा नहीं कहते हुए "चतुर्दशी प्रतिपदोः" एसाही कहते न? पूर्वोक्त पाठसे आप समझ सकते है कि पूर्णिमा क्षयके वख्त त्रयीदशीके दिन चतुर्दशी करना यही खुलासा श्रीहीरसूरिजीने यहांपर साफ २ कर दिया है. त्रयोदशीको चतुर्दशी करना भूलजाय तो एकमके दिन पूर्णिमाका तप करे, ऐसा फरमान करकेभी यह नियत करदिया है कि–भूलजाय तो भी क्षीणपर्वतिथिका तपतो अवश्यमेव करना ही चाहिये! राममान्यतानुसार यदि श्रीहीरसूरिजी माहाराज 'भेलसेल' मतको मानते होते तो "त्रयोदशीचतुर्दश्योः" और "विस्मृतौ प्रतिपद्यपि" एसा फरमान करते क्या? नहीं, हरगिज नहीं करते. किंतु "चतुर्दश्यां" अगर "चतुर्दशीतपसा सरति" एसा फरमान ही करते. अच्छा हमारे उदयादिकवाले प्रश्नका आप क्या जबाब देते है?

इन्द्र०–इसका जबाब मैं शोचता हुं, लेकिन मगजमें उपस्फुति नहीं होती है. आप दुसरी बातही चलने दीजिये.

वकी०–इसी प्रश्नोत्तरको व्याख्या करते हुए जं० वि० पर्व० प्र० पृ. १५ पंक्ति १५ वीमें लिखते है कि–"तेरस भुली जवाय तो पड़वे पण अर्थात् " चौदश पड़वे करवो" "पड़वे पण"का अर्थ जं० वि० "चौदश एकम" करते है! कितनी विद्वता? कितना व्याकरण शास्त्रका बोध? आपहीको मैं यह पन्ना देता हुं. आपही इसका अर्थ सुना दीजिये. (इ०को पन्ने देते है.)

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

इन्द्र०-इसका मामुली अर्थतो यही होता है कि-तेरसके दिन भूल जाय तो एकमके दिन करें, परंतु "चौदश एकम" ऐसा अर्थ तो नहीं निकलता! शायद उपा० मा०ने अपि शब्दसें चतुर्दशी अध्याहार ली हो तो संभव हो सकता है.

वकी०-अपि शब्द 'तो' अर्थमें है, नकि चतुर्दशी अर्थमें. आगेको चलकर उसी फकरेकी समाप्तिमें जं० वि० लिखते है कि-बिचारी तेरसे शो गुन्हो कर्यो के पुनमना क्षये तेने उड़ावो छो अने पड़वानो क्षय करवानुं नामे लेता नथी? देखा न, आपके पूज्यश्रीने कितनी मोटी बुद्धिका उपयोग किया है! शास्त्रकार खुद फरमाते है कि-"विस्मृतौ." यदि "विस्मृतौ" ऐसा पाठ जो नही होता और जं० वि० लिखते कि-"बिचारी तेरस." तबतो कुछ अंशसेभी उनका लिखान फलीन मान लेते; परंतु "भूल जायतो एकममें" ऐसे खुल्ले शब्दों के होते हुए भी जं० वि० अगड़ं बगड़ं लिख देते है यह कैसी बुद्धिमता!

इन्द्र०-इससे यहतो सिद्ध हुआ कि-श्रीहीरसूरिजी माहाराज आराधनामें पर्वतिथिका क्षय मानतेथे! अगर नहीं मानते होते तो यह प्रश्नोत्तर ही नहिं उठता.

वकी०-आपकी मान्यता गलत है; क्योंकि—लौकिक पंचांगमें सबही तिथियोंकी क्षयवृद्धि आती है, और इसीसें पर्वतिथियोंके क्षयवृद्धि संबंधी प्रश्न होता यह स्वाभाविक ही है.

इन्द्र०-श्रीहीरसूरिमाहाराजभी पर्वतिथि क्षयके वख्त उस क्षीणतिथिका तप ही पूर्वअपर्वतिथिमें करनेका कहते है, नकि

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

पूर्वअपर्व तिथिका क्षयः और तत्त्वतरंगिणीकी १८ वीं गाथामें भी ऐसा फरमाते है.

वकी०–वाहजी ! वाह ! ! आपकी बुद्धिको भी धन्य है ! मैं पहले इस बातका समाधान करचुका हुं और आपने मंजुर भी कर लिया है, तोभी आप इधरतिधरसे लोटकर पीछे वहांके वहांही आते हो ! अच्छा, आपही कहिये कि–प्रश्नकारका प्रश्न तिथिका है या तपका ?

इन्द्र०–प्रश्नतो तपका है.

वकी०–तो कहिये उत्तरदाता तपके विषयको छोड़कर तिथिमें क्यों जावेंगे ? दूसरी बात यह है कि–आराधनासे तिथि नहीं है किंतु तिथिसे आराधना है. इस बातको आपभी कबूल करचुके हो और आपके पूज्यश्रीभी पर्वतिथिक्षयके वख्त पहली अपर्वतिथिका क्षय कबूल कर चुकें है ! इसके पुरावेमें प्रवचन वर्ष ६ ठा अं. १२–१३–१४ पृ. १७७ मैं आपको पहले दिखा चुका हुं और अब आप तत्त्व० अढारवीं गाथा भी सुनिये.

"लोएवि अ जं कज्जं गंथप्पमुहंपि दीसए सव्वं ।
.तं चेव जंमि दिवसे पुण्णं खलु होइ सपमाणं ॥१८॥"

टीका–लोकेऽपि च यत् सर्वं कार्यं ग्रन्थप्रमुखं दृश्यते तद् यस्मिन् दिवसे संपूर्णं भवेत्, चेव एवकारार्थो व्यवहितः संबद्धयते, स एव दिवसः प्रमाणं, यथा अमुकवर्षे तत्संबंधिनि च अमुकमासे तत्संबंधिनि अमुकवासरेऽयं ग्रन्थोऽकार्यलेखि वा, यद्यपि तस्मिन् दिवसे श्लोकमात्रमपि कृतवान् लिखितवांश्च

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

तथापि स एव प्रमाणं, न पुनरूदयास्तमयं यावत् प्रयासान्वितोऽपि प्राचीनदिनो निगद्यते लिख्यते च पुस्तकप्रान्ते इति, यदि च स्वमत्यातिथेरवयवन्युनाधिककल्पनां करिष्यसितदाऽऽजन्मव्याकुलितचेता भविष्यसीति तु स्वयमेव किं नालोचयसि? एवं क्षीणतिथावपि, कार्यद्वयमद्यकृतवानहमित्यादयो दृष्टान्ताः स्वयमूह्या इति गाथार्थः ॥ १८ ॥

लोकमें भी जो सर्व कार्य ग्रन्थ वगैरह देखनेमें आता है वह जिसदिन पूर्ण होता हैं (चेव एवकार अर्थमें है) वही दिन प्रमाण है, 'जैसे अमुक वर्ष संबंधि अमुक मास उस संबंधि अमुक दिन उस रोज यह ग्रंथ बनाया अगर लिखा! जो कि उस दिन श्लोकमात्र ही बनाया हो अगर लिखा हो तब भी वही दिन प्रमाण होता है किंतु पुस्तकके अंतमें (पहलेके दिनोंमें) सुबहसे शाम तक प्रयास किये हुए दिन न तो कहे जाते हैं और न लिखे जाते हैं. ऐसा होने परभी तूं आपमतिसें तिथिकें अवयवोंके न्युनाधिकपनेकी कल्पनाओंको करेगा तो आजन्म व्याकुलित चित्तवाला रहेगा, इसको तूं स्वयं ही क्यों नहीं विचारता है? इसी तरहसे क्षीणतिथिमेंभी, (समझना) आज मैं ने दो कार्य किये वगैरह दृष्टांत स्वयं ही जानना.

इन्द्र०-देखा साहब! क्षीणतिथिमें दो काम करनेका आया है न?

वकी०-वाहजी! वाह!! आप बिनाही समझे एकदम क्यों उछलते हो? शास्त्रकार खरतरको कहते हैं कि-पर्वतिथिकी

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वृद्धिके वख्त तूं जो कहता है कि–'दूसरे दिन तो तिथि बहु-तही कम होती है. और पहले दिन बहुत ज्यादे होती हैं, अर्थात् पहली तिथि सूर्योदयसे लगा दिनरात रहती है इसीसे पहली ही तिथि करना!' इसपर उसे पुस्तकके दृष्टांतको दिखाते है. कि—'पहलेके दिनोंमें सुबहसे शाम तक बैठकर हजारों श्लोक लिखे हो या बनाये हो और एकदिन फक्त अखीरका एक ही श्लोक बनाया हो अगर लिखा हो तब भी जैसे वही दिन उस ग्रन्थ रचनाका अगर लिखनेका माना जाता है, ऐसे ही तूं "जिसदिन तिथि संपूर्ण होवे उसदिन ही उस तिथिको मान ले! ऐसा कहने परभी" यदि तूं तिथियोंके अवयव संबंधि न्युनाधिकपनेकी कल्पनाओंको करेगा तो जन्मपर्यंत दुःखित होगा! क्योंकि तेरे पूर्वजोंके बनाये हुए ग्रन्थोमें भी फक्त समाप्ति दिन ही देखनेमें आता है! नहीं कि प्रयासान्वित. अब दुसरी बात क्षीणतिथिकी है. इसमेंभी जैसे ग्रंथादिमें समाप्तिवाला दिन लिया जाता है वैसेही क्षीणतिथिमें भी समाप्तिवाला दिन ही लीया जाय. ऐसा ही शास्त्रकार महाराज 'एवं क्षीणतिथावपि' कहकर फरमाते है. तीसरी बात शास्त्रकार यह फरमाते है कि 'आज मैंने दो कार्य किये.' अब इस वाक्यको भी समझीये. जैसे कोर्टमें आपके दो मुकदमे है. एक मुकदमा तीन सालसें चलता है, और एक मुकदमा एकसालसें चलता है. उसमें कितनीही वक्त पेशीये हुई, कितनीही वक्त गवाहोंके हुए, कितनीही वक्त मुद्दई मुदायलेके बयान हुए–लेकिन

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

अखिरी हुक्म आज-याने जेष्ठकृष्ण १ ता. २३-६-१९४० को ही हुआ, तो आप क्या कहेंगे? मैंने आज दो मुकदमें जीते' ऐसा ही कहेंगे न? वैसे ही तिथिमें भी समझना अर्थात् क्षीणतिथिके वख्त भी समाप्तिवाला दिन मंजुर रखना, वृद्धि-तिथिके मुआफिक क्षीणतिथिमेंभी अवयवोंकी कल्पनासे दुःखित होना पड़ेगा. इस बातको बिना समझे ही 'क्षीणतिथिके वख्त पूर्वतिथिमें दोनो तिथियोंकी शास्त्रकारने आराधना की है.' ऐसा आप कहांसे ले आये?

इन्द्र०-मैंने आराधना कहां कही है? मैने तो कहा है कि आज क्षीणतिथिमें दोनो कार्य किये.

वकी०-आपके कार्यको में समझ चुका हुं, परंतु वहां परतो कहा है कि-ऐसे क्षीणतिथिमें भी व्याकुल होना पड़ेगा, न कि क्षीणतिथिमें दो कार्य किये, यहतो आपके ख्यालमें बराबर ही आ गया न?

इन्द्र०-जैसे कि आज मेंने दोनो मुकदमे जीते वैसे ही आज दोनो ही तिथिये है, ऐसा ही शास्त्रकारने कहा है ऐसा तो सिद्ध होता है न?

वकी०-नहीं! बिलकुल नहीं!! सबब यदि उस एक दिनमें जो दोनोही तिथि आराधनके लीये मान्य होती तो वादीको ऐसा कभीभी नहीं कहते? कि-'तूं अबतक त्रयोदशी त्रयोदशी बोलता है, जब हमने पहले 'जो चतुर्दशी ही कहना, ऐसी' व्याख्या किथी उसवक्त क्या कानको बंद करके बैठाथा?

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

इसीसे सिद्ध हुआ कि शास्त्रकार शामिलतिथिको मानतेही नहीं थे. यदि मानते होते तो वादीको ऐसा ही कहते कि–त्रयोदशी चतुर्दशी साथ नहीं बोलते हुए त्रयोदशी त्रयोदशी ही क्यों बोलता है? और ऐसातो नहिं बोले! इसीसें सिद्ध ही है कि–शास्त्रकार, तिथिको शामिल मानते ही नहीं थे. श्रीमान् इन्द्रमलजी! आपके पूज्य जं० वि० ने इस तत्त्वतरंगिणीके भाषांतरमें–ग्रंथ और ग्रंथकारके आशय विरुद्ध, और ग्रंथमें नहीं कहा हुआ ऐसा अपना मनमाना कितनाही जो लिखदिया है, उसे आपने मंजुर किया है! इसके अलावा आपके पास कोइ भी आधार है ही नहीं! पर्वतिथिके क्षयके वक्त पूर्वतरतिथिके विधानमें परंपरासे भी यही बात चली आती हैं कि–'पूर्णिमा अमावास्याके क्षयमें त्रयोदशीका क्षय, व वृद्धिमें त्रयोदशीकी वृद्धि मानना.' इसके पुरावेमें श्रीमान् देवसूरिजी माहाराजका पट्टक दिखाता हूं सो वहभी आप देखिये! (धूलचंदसे) धूलचंद! वे पट्टक लाओ.

वकी०–(धूलचंदके लाये हुए पट्टक पढकर सुनाते है.)

श्रीविजयदेवीयानां पूर्णिमामावास्ययोर्वृद्धौ त्रयोदश्या एव वृद्धिर्भवतीति मतपत्रकम्

श्री तिथिहानि वृद्धिविचारः।

अथ तिथिवृद्धिहानि प्रश्नोत्तरं लिख्यते।

इन्द्रवृन्दनतं नत्वा, सर्वज्ञं सर्वदर्शीनं। ज्ञातारं विश्वनत्वानाम्, वक्ष्ये शास्त्रानुसारतः॥ १॥ कस्यतिथेः क्षये जाते,

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

कातिथिप्रतिपाल्यते। वृद्धौ सत्यां च का कार्या, तत्सर्वं कथ्यते मया ॥ २ ॥ तत्र प्रथमतस्तिथिलक्षणं कथ्यते. आदित्योदयवेलायां या तिथिः स्तोकाऽपि भवति, सैव तिथिस्तिथित्वेन विज्ञेया, परमुदयं विना प्रभुतापि नोच्यते. उक्तं च–श्रीसेनप्रश्नप्रथमोल्लासे "उदयंमि जा तिही, सा पमाणंमि । इअरीइ कीरमाणीए, आणाभंगणवत्थामिच्छत्तविराहणं पावे ॥१॥ इति तस्मादौदयिक्येव तिथिराराध्या नापरेति॥ तथा पूर्णिमामावास्ययोर्वृद्धौ पूर्वमौदयिकी तिथिराराध्यत्वेन व्यवह्रियमाणा आसीत्, केनचिदुक्तं—श्रीतातपादाः पूर्वतनीमाराध्यत्वेन प्रसादयंति तत्–किमिति ? अत्रोत्तरं पूर्णिमामावास्ययोर्वृद्धौ औदयिक्येव तिथिराराध्यत्वेन विज्ञेया, इति हीरप्रश्न द्वितीयप्रकाशे प्रोक्तमस्ति तस्मादौदयिक्येव तिथिरंगिकार्या नान्येति तथा सेनप्रश्नतृतीयोल्लासेऽपि प्रोक्तमस्ति–यथा अष्टम्यादितिथिवृद्धौ अग्रेतन्या आराधनं क्रियते। यतस्तद्दिने प्रत्याख्यानवेलायां घटिका द्विघटिका वा भवति, तावत्या एव आराधनं भवति, तदुपरि नवम्यादीनाम् भवनात् संपूर्णायास्तु विराधनं जातं, पूर्वदिने भवनात् । अथ यदि प्रत्याख्यानवेलायां विलोक्यते तदा तु पूर्वदिने द्वितयमप्यस्ति, प्रत्याख्यानवेलायां समग्रदिनेऽपीति सुष्ठुराराधनं भवतीति प्रश्नः अत्रोत्तरं "क्षये पूर्वातिथिः कार्या, वृद्धौ कार्या तथोत्तरा" श्रीवीरज्ञाननिर्वाणं कार्यं लोकानुगैरिह ॥१॥ तथा उदयंमि जा तिही सा पमाणं इत्यादि श्रीउमास्वातिवाचक(प्रभृति)वचनप्रामाण्यात् वृद्धौ सत्यां स्वल्पाप्यग्रेतना

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

तिथिःप्रमाणमिति। अनेनेदमुक्तं भवति यत् सूर्योदयवेलायां या तिथिः सैव मान्या नापरेति. तथा श्रीहीरप्रश्न चतुर्थप्रकाशे. त्रुटिततिथिमाश्रित्य प्रश्न एवं कृतोस्ति तथाहि–"यदा पंचमी तिथिस्त्रुटिता भवति तदातत्तपः कस्यां तिथौ क्रियते पूर्णिमायां च त्रुटितायां कुत्रेति. अत्रोत्तरं–यदा पंचमीतिथिस्त्रुटिता भवति तदा तत्तपः पूर्वस्यांतिथौ क्रियते पूर्णिमायां च त्रुटितायां त्रयोदशीचतुर्दश्योः क्रियते। त्रयोदश्यां विस्मृतौ तु प्रतिपद्यपीति प्रतिपादितमस्ति. अत्र विजयानंदसूरिगच्छियाः प्रतिपद्यपीति अपि शब्दं गृहित्वा पूर्णिमाभिवृद्धौ प्रतिपद्वृद्धिं कुर्वन्ति तन्मतमपास्तं यतः पूर्णिमाभिवृद्धौ त्रयोदश्या वृद्धिर्जायते न तु प्रतिपदः यतष्टिप्पणकादौ चतुर्दश्यां संक्रमीता भवति तदा भवद्भिःद्वेचतुर्दश्यौ किं न क्रियेते ? तृतीयस्थानवर्तिनी त्रयोदशी कथं वर्धिता? इति त्वं पृच्छसि, शृणु तत्र उत्तरं जैनटिप्पनके तावत् (पर्व)तिथिनां वृद्धिरेवनभवति ततः परमार्थतः, त्रयोदश्येव वर्धिता भवति, न तु प्रतिपद्वृद्धिर्भवति. लौकिकलोकोत्तरशास्त्रप्रतिबंधितत्वात् तस्मात् सिद्धं चैतत् पूर्णिमावृद्धौ त्रयोदशीवर्द्धनं. चेदेतत् तव न रोचते तदा प्रथमाम् पूर्णिमां परित्यज द्वितीयां पूर्णिमाम् भज अथ एवमपि ते न रोचते तर्हि प्रष्टव्योसि, यत् चातुर्मासिकसंबंधि पूर्णिमा वृद्धौ त्वं त्रयोदशीवृद्धिं कुरुषे ? शेषपूर्णिमासु च प्रतिपद् इति कुत्र शिक्षितोऽसि ? यतः सर्वा अपि अमावास्यापूर्णिमातिथयः पर्वत्वेनाराध्या एव इति यदुक्तं श्रीश्राद्धदिनकृत्ये "छण्हं तिहीण मज्झमि कातिही

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

अन्नत्रासरे ? इत्यादि. ता सर्वा अपि तिथयः आराध्या एवेति। अथ च चाउदस अट्ठमुदिट्ठपुण्णिमासिणीसु पडिपुन्नं इत्यस्य व्याख्या चतुर्दश्यष्टम्यौ प्रतिते। उदिष्टासु महाकल्याणकतया पुण्यतिथित्वेन प्रख्यातासु, पौर्णमासीषु च तिसृष्वपि चातुर्मासिकतिथिषु इत्यर्थः। इति सूत्रकृतांगद्वितीयश्रुतस्कंधसूत्रवृत्तौ लेपश्रावकाधिकारे, इत्येतत् पर्वाराधनं चरितानुवादरूपं शतवारपंचमश्राद्धप्रतिमावाहककार्तिकश्रेष्टिवत् विधिवादरूपं लक्षणं पुनरेकेन केनचित्क्रियानुष्ठानमाचरितं स चरितानुवादः। सर्वैरपि यत् क्रियानुष्ठानं क्रियते स विधिवादः। विधिवादस्तु सर्वैरपि स्वीकर्तव्य एव; नतु चरितानुवाद इत्यर्थः सेनप्रश्ने कथितमस्ति, तस्मात् त्यजकदाग्रहं कुरु पूर्णिमाभिवृद्धौ द्वे त्रयोदश्यौ अन्यथा गुरुलोपी ठको भविष्यसि इति दिक् तथा श्राद्धविधावपि तिथिस्वरूपं यत् प्रतिपादितमस्ति तदपि त्वं सावधानीभूय शृणु. 'तिथिश्चप्रातःप्रत्याख्यानवेलायां या स्यात् साप्रमाणं सूर्योदयानुसारेणैव लोकेऽपि दिवसादिव्यवहारात्' आहुरपि "चाउम्मासियवरिसे पक्खियपंचट्ठमीसु नायव्वा। ताओ तिहीओ जासिं उदेइ सूरो, न अन्नाओ ॥ १ ॥ पूआ पच्चक्खाणं पडिक्कमणं तहयनियमगहणं च, जीए उदेई सूरो तीइं तिहीएउ कायव्वं ॥ २ ॥ उदयंमि जा तिही सा पमाणंमिअरीइ किरमाणीए। आणाभंगणवत्थामिच्छत्तविराहणा पावे ॥ ३ ॥ पाराशरस्मृतावपि. आदित्योदयवेलायां या स्तोकापि तिथिर्भवेत् सा संपूर्णेति मंतव्या, प्रभूता नोदयं विना ॥१॥ उमास्वातिवाचकप्रघोषश्चैवं

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

श्रुयते-क्षये पूर्वातिथिःकार्या वृद्धौ कार्या तथोत्तरा। श्रीवीरज्ञाननिर्वाणं कार्यं लोकानुगैरिह ॥ १ ॥ इति श्रीश्राद्धविधौ प्रतिपादितमस्ति तस्मात् कदाग्रहं त्यक्त्वा यथावदागमानुसारेण पूर्वाचार्यपरंपरया च प्रवर्तितव्यं, परं कदाग्रहेण कृत्वा कुमार्गप्रवर्तनं न कार्यं. उत्सूत्रप्ररूपणेनानंतसंसारवृद्धेः। तस्मात् सिद्धं चैतत् पूर्णिमाभिवृद्धौ त्रयोदशीवर्धनम्। इति श्रीप्रश्नविचारः सं. १८९५ वर्षे चैत्र सुद १४ दिने पं भोजाजीए लखी आपी छे. तथा १३। १४। ०)) ए त्रिणी तिथि पुरी छतई जउलोक चउदशी दीवाली करइ तउ तेरसी चउदसीनो छठ करवउं. जे माटइ श्रीमाहावीरनुं निर्वाणकल्याणक लोकनेइ अनुसरी करवुं कहिउं छइ. श्रीश्राद्धविधिमांहि "क्षये पूर्वातिथिः कार्या, वृद्धौ कार्या तथोत्तरा श्रीमहावीरनिर्वाणं ज्ञेयं लोकानुगैरिह ॥ १ ॥

अर्थः-पूर्णिमा अमावास्याकी वृद्धिमें त्रयोदशीकी वृद्धि होती है ऐसा श्रीविजयदेवसूरिजीवालोंका मतपत्रक श्रीतिथिहानिवृद्धिविचार.

अथ तिथिहानिवृद्धि संबंधि प्रश्नोत्तरसार्थ लिखते है.

इन्द्रोके समुहने नमस्कार किया है जिनको, जो सर्वज्ञ सर्वदर्शी है जगतके तमाम तत्त्वोंको जानते हैं ऐसे श्रीजिनेश्वर देवको नमस्कार करके शास्त्रानुसार मैं कहता हुं. कोनसी तिथिके क्षयमें कोनसी तिथि पालना और वृद्धि हो तब कोनसी तिथिको करना. यह सब मैं कहता हुं. यहां पहले तिथिका

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

लक्षण कहतें हैं. सूर्योदय वक्तमें जो तिथि हो और वह तिथि अल्प हो तबभी उसीको तिथिपने समझना, परंतु उदय विना की बहुत हो तो भी उसे तिथि नहीं कहते हैं. श्री सेनप्रश्नके पहले उल्लासमें कहा है कि–उदय वक्त जो तिथि हो उसे ही प्रमाण रखना, किंतु उदय विना कि जो तिथि करनेमें आवे तो आज्ञाभंग–अनवस्था–मिथ्यात्व और विराधनाको प्राप्त होवे. इसीसे उदयवाली तिथि ही आराधन करना, किंतु अन्य नहीं. इसी तरहसे पूर्णिमा और अमावास्याकी वृद्धिमें पहले औदयिकी तिथि लेनेका रिवाज था परंतु (हालमें) किसीने कहा कि—श्रीमान् पहली तिथिको आराधन करने योग्य कहते है इसका क्या? यहां उत्तर देते है कि पूर्णिमा अमावास्याकी वृद्धिमें औदयिकी तिथिही जानना ऐसा हीरप्रश्नके दूसरे प्रकाशमें कहा है. इससे औदयिकी तिथि ही ग्रहण करना, अन्य नहीं. वैसे ही सेनप्रश्नके तीसरे उल्लासमेंभी कहा है कि–जैसे अष्टमी वगैरह तिथियोंकी वृद्धिमें दूसरी तिथि आराधन की जाती है उस दिन अष्टमी वगैरह तिथि पच्चक्खाणके वक्ततो घटिका दो घटिका होनेसे आराधना भी तो उतनी ही होवे बादमें नवम्यादि तिथियोंके आजानेसे और, पहले दिन रही हुई अष्टमीकी तो विराधना हुई! सबब पूर्णतया पहले दिन होनेसे. यदि पच्चखाणका टाईम देखना होवे तो पहले दिन दोनो ही है. अर्थात् प्रत्याख्यानके वक्तभी अष्टमी होती है और वहांसे लेकर दिनरात रहती हैं ऐसे दोनो ही पहले दिन होते

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

है. इसीसे पहले दिनका आराधन श्रेष्ठ क्यों नहीं है ? ऐसे शिष्यके प्रश्नका उत्तर देतें है कि-क्षय हो तब पूर्वतिथि ग्रहण करना और वृद्धि हो तब उत्तरतिथि ग्रहण करना. श्रीवीरप्रभुका निर्वाण तो लोकके अनुसार जानना. वैसेही उदयवाली तिथि हो वही प्रमाण है' वगैरह उमास्वातिवाचक आदिके वचनकी प्रमाणीकतासे वृद्धि हो तब न्युन होते हुएभी उत्तरतिथि प्रमाण होती है. इससें यही कहा कि-सूर्योदय वक्तमें जो तिथि हो वही तिथि मान्य है, अन्य नहीं. श्रीहीरप्रश्नके चतुर्थप्रकाशमें क्षयतिथिको उदेश करके ऐसा प्रश्न किया हुआ है कि-जब पंचमी तिथिका क्षय हो तब उसका तप किस तिथिमें करना, और पूर्णिमाका क्षय हो तब उसका (पूर्णिमाका) तप कीस तिथिमें करना ? यहां उत्तर देते है कि-पंचमीका क्षय हो तब पहली तिथिमें करना, और पूर्णिमा 'अमावास्या'के क्षयमें त्र-योदशी चतुर्दशीमें करना ! त्रयोदशी दिन कभी भूलजाय तो एकमके दिन करना, ऐसा कहा है ! अब यहां विजयानंदसूरि (आणसुर) गच्छवाले "प्रतिपद्यपि" इस शब्दको लेकर पूर्णि-माकी वृद्धिमें एकमकी वृद्धि करतें है यह मत खोटा है; सबब पुनमकी वृद्धिमें तेरसकी वृद्धि होती है, एकमकी वृद्धि नहीं होती है. अब यहां शंका करता है कि-पूर्णिमा वृद्धिके वक्त चतुर्दशीके अंदर पूर्णिमा संक्रमीत होती है, तब आप चतुर्दशी की वृद्धि क्यों करते नहीं ? और तीसरे स्थानपर रही हुई त्रयोदशीको क्यों बढ़ाते हो ? ऐसा जो तूं प्रश्न करता है तो

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

सुन ! जैनपंचांगमें तिथिकी वृद्धि नहीं होती है, इसीसे परमार्थसे तेरस ही बढ़ति है, न कि प्रतिपत् लौकिक और लोकोत्तर दोनो ही शास्त्रोमें भी प्रतिपद् बढानेका तो निषेध कीया हुआ होनेसें भी उसवक्त प्रतिपद् नही बढती है. इससे सिद्ध हुआ कि–पूर्णिमाकी वृद्धिमें त्रयोदशीकी ही वृद्धि करना. अब ऐसा जो तुझे नहीं रुचता हो तो पहली पूर्णिमाको छोड़कर दूसरी पूर्णिमाको आराधन कर. ऐसा भी तुझे नहीं रुचता हो तो हम तुझे पुछतें है कि–चौमासी संबंधि पूर्णिमाकी वृद्धिमें तूं त्रयोदशीकी वृद्धि करता है और अन्य पूर्णिमाकी वृद्धिमें एकमकी वृद्धि करता है तो ऐसा कहांपर सिखा है ? क्योंकि—सब ही अमावास्याएं और सबही पूर्णिमा आदि तिथियें आराधने योग्य ही है ! श्रीश्राद्धदिनकृत्य नामक ग्रन्थमें कहा है कि—आज छहों तिथियोंमेंसे कोनसी तिथि है ? इत्यादि पाठसे सब ही तिथिये आराधने लायक ही है. और वहां चतुर्दशी, अष्टमी वगैरह सूत्रकी व्याख्या करते है कि–चतुर्दशी अष्टमी तो प्रसिद्ध ही है. उदिष्टा (अमावास्या) महाकल्याणक संबंधि होनेसे पवित्र तिथि तरीके प्रसिद्ध होई हुई ऐसी तिथिमें और पूर्णिमाओंके अंदर तथा तीनो ही चौमासी तिथियोंके अंदर (संपूर्ण पौषध लेपश्रावक करताथा) ऐसा दूसरे अंग श्रीसूत्रकृतांगसूत्रकी टीकामें लेपश्रावकके अधिकारमें कहा हुआ है ! यह पर्वआराधन तो चरितानुवाद है. उस वक्त श्रावककी पंचमीप्रतिमावहन करनेवाले कार्तिक शेठके मुआफिक' परंतु विधिवाद-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

रूप नहीं है! इसका लक्षण कहते है. किसी एक व्यक्तिने जो आचरण किया हो वह चरितानुवाद कहलाता है, और सबही लोग जिसको आचरण करें यह विधिवाद कहलाता है. विधिवाद सबहीको अंगिकार करने योग्य है, परंतु चरितानुवाद अंगिकार करने योग्य नहीं है, ऐसा श्रीसेनप्रश्नमें कहा है. वास्ते कदाग्रहको छोड़ और पूर्णिमाकी वृद्धिमें त्रयोदशीकी वृद्धि कर नहीं तो गुरुलोपी और ठग हो जावेगा! इस प्रकार श्राद्धविधिमें भी तिथिस्वरूप कहा हुआ है, उसेभी तूं सावधान होकर सुन! सुबह प्रत्याख्यानके टाइम पर जो तिथि हो वही तिथि प्रमाण है लोकके अंदर भी सूर्योदयसे ही दिनादिकका व्यवहार होनेसे. कहा है कि-चौमासी, संवत्सरी पक्खि, पंचमी, अष्टमी आदि तिथियें उन्हीको गिनना कि-जो सूर्योदयसे युक्त हो. किंतु सूर्योदय विना की तिथि नहीं लेना. पूजा प्रत्याख्यान नियम ग्रहण आदि उस तिथिमें करना कि-जिसमें सूर्योदय हो. उदयमें जो तिथि हो उसेही ग्रहण करना. उदय विनाकि तिथि करनेमें आवे तो आज्ञाभंग-अनवस्था-मिथ्यात्व और विराधनाको प्राप्त होवे! पाराशर स्मृतिमेंभी कहा है कि—सूर्योदय वक्तमें जो तिथि हो और वह न्युन हो तब भी उसीको संपूर्ण मानना. उदय विना की बहुत हो, तोभी उसे मानना नहीं. उमास्वातीवाचकका प्रघोष तो श्राद्धविधिके अनुसार ऐसा है कि-'क्षय हो तब पहली तिथिको (क्षयतिथिपने) ग्रहण करना और वृद्धि हो तब दूसरी तिथिको (तिथिपने) ग्रहण करना,

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

श्रीवीरज्ञाननिर्वाणका महोत्सव तो लोकके मुताबिक करना.' वास्ते कदाग्रहको छोड़कर आगमानुसार आचार्योंकी परंपरासे प्रवृत्ति कर, परंतु कदाग्रह करके कुमार्गका प्रवर्तन नहीं कर! उत्सूत्र प्ररूपणासे अनंत संसारकी वृद्धि होती है. इससे सिद्ध हुआ कि पूर्णिमाकी वृद्धिमें त्रयोदशीकी वृद्धि करना. यह प्रश्न विचार सं. १८९५ चैत्रशुक्ल १४ के दिन पं० भोजाजीने लिखी है, खरतर गच्छवाले पादरा गाममें शा. कपुरशाको लिख दी है. वैसे ही १३-१४-०)) तीनों तिथियें पूर्ण हो तबभी लोक चतुर्दशीको दीवाली करे तब त्रयोदशी चतुर्दशीको छट्ठ(बेला) करना. सबब कि-महावीरप्रभुका निर्वाणकल्याणक तो लोकके अनुसार ही करनेका है. श्राद्धविधिमें कहा है कि-क्षय हो तब पहली तिथि करना, और वृद्धि हो तब दूसरी तिथि ग्रहण करना; महावीरप्रभुका निर्वाण तो लोकके अनुसार समझना. श्रीमान् देवसूरिजी माहाराजके इस पट्टकको देखिये!

इन्द्र०-इसमेंतो श्रीदेवसूरिजीका तो नामनिशानभी नहीं है?

वकी०-श्रीदेवसूरिजी माहाराज पूर्णिमा और अमावास्याकी वृद्धिमें त्रयोदशी की वृद्धि करते है. और क्षयमें त्रयोदशीका क्षय करतें हैं, आनंदविजयसूरिजी महाराज पूर्णिमाकी वृद्धिमें एकमकी वृद्धि करते है. और क्षयमें एकमका क्षय करते है, और उसी मान्यतानुसार यह पट्टकभी पूर्णिमाकी वृद्धिमें त्रयोदशीकी वृद्धि कहता है; तो यह पट्टक श्रीदेवसूरिजीका क्यों नहिं? और इसकी पुष्टीमें देखिये यह श्रीमान् दीपविजयजीका पत्र!

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

श्रीदीपविजयजीका पत्र.

स्वस्तश्री भरुच सुरत कहानम परगणे श्रीविजयानंदसूरि-गच्छिया समस्तसंप्रदाय प्रति श्रीवड़ोदरेथी लि. पं० दीपविजयनी वंदना. बीजुं तिथि बाबत तुमारो खेपीयो आव्यो हतो, साथे पत्र मोकल्युं ते पहोतुं हस्यै ? ॥ वी० ॥ अमास पुन्यम त्रुटती होइ ते उपर देवसूरिजीवाला 'तेरस घटाड़े छे तमे पड़वो घटाड़ो छो' ए तमारे कजीओ छे. पण बेहु एक गुरूना शिष्य वाला छो ॥ बेहु जण हीरप्रश्न, सेनप्रश्न उपर लडो छो। अने मांहे वीचार करीने बोलता नथी, ते प्रत्यक्ष गच्छममत्व जणाइ छे; माटे विचारवुं........सं. १८७१ आसोज सुदी १ विना स्वारथें श्याने विग्रह जोइएं ? पाधरो न्याय छइ ते करजोजी.
इस पत्रसेंभी यह साबीत है न ? कि—श्रीदेवसूरिवाले—पूर्णिमा अमावास्याके क्षयवृद्धिमें त्रयोदशीकी क्षयवृद्धि करतें हैं और इस पट्टकका उद्देश्य भी यही है ?

इन्द्र०—ऐसे कागजतो पूज्य उपाध्यायजी माहाराजके पासमेंभी बहुत है. देखिये पर्व० प्र० पृ. १४६ में लिखते है कि—"* प्रतिपद्यपि पूर्णिमायास्तपः पूर्यते परं वैयाकरणपाशैः

* प्रतिपदामेंभी पूर्णिमाका तप पूर्णकिया जाता है परंतु अधम वैयाकरणो उदयवाली त्रयोदशीमें चतुर्दशीका आचरण करते है वह असत्य है. क्योंकि उदयवाली चतुर्दशीकी ही आराधना की जाती है जिस करके बहुतसे घेवर होते हुए बकुश (कुकशा) का भोजन कोन खावे ? पूर्णिमा क्षयवक्त त्रयोदशीमें चतुर्दशी नहीं करना.

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

उदयगतायां त्रयोदश्यां चतुर्दशियते तदसत्. कुतः? औद-यिकयेव चतुर्दशी आराध्यते....विपुले घृतपुरे सति बकुशा केन भुज्यन्ते? पूर्णिमाक्षये त्रयोदश्यां चतुर्दशी न कर्तव्या इति.

वकी०—इसमें पूर्णिमाके क्षयमें त्रयोदशी क्षयको मना किया है परंतु क्या करना चाहिये. उस संबंधि पाठतो पूज्य-जीने गूम ही कर दिया हैं साथ साथ, 'क्या करना' उसका खुलासा क्यों नहीं किया?

इन्द्र०—करना क्या? चतुर्दशी और पूर्णिमा दोनोंको शामिल ही कर देनेका ही है.

वकी०—कर देनेका ही है तो आपके पूज्यने पाठ दिया क्यों नहीं?

वृद्धि०—ऐसा पाठ देवे कहांसे! देवे तबतो एकमका क्षय व एकमकी वृद्धि आकर इन्द्रमलजीके गले पड़ती है! (इन्द्र-मलजीसे) आपसे मेरा प्रश्न है कि—इसी पाठकी नोंधमें जं० वि० लिखते है कि—"आ पाठ उपरथी एटलुं स्पष्ट थाय छे के-तेरसे चौदश करवानो मत श्रीतपागच्छनो नथी, पण केट-लाक वायड़ा थइ गयेला न्यायशुन्य वैयाकरणोनो छे" वगैरह लिखान जं० वि० को ही क्यों नहीं लागु होता? क्योंकि—इस पत्रकवाले तो—पूर्णिमाके क्षयमें एकमका क्षय व. वृद्धिमें एक-मकी ही वृद्धि करनेका कहते है! और यह बाततो जं० वि० भी मंजुर नहीं रखते है! दूसरी बात यह है कि-आपके मुता-बिक क्षय पर्वतिथिको, शामिल तो इस पत्रवालेभी नहीं करते

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

है ! अब बात यह है कि-जं० वि० के लिखानसे यहतो सिद्ध हुआ कि उन्होने जो तिथिपत्रकके पन्नेमेंसे अधुरा पाठ लिखा है उन तिथिपत्रककारको तो जं० वि० अपनी मान्यतावाले ही मानते है इसी सबबसे ही उन्होने अपने पुरावेमें ये पत्रक पेश किये है न ?

इन्द्र०—नहीं ये तो आणसूर गच्छवालेकी ही मान्यता है. इनसे हमें क्या वास्ता ? यहतो एक दाखला तरिके दिखाये है कि-पूर्णिमा क्षयमें त्रयोदशीका क्षय नहीं होता.

वकी०—इधर आप कहते है कि-हमें क्या वास्ता ? और आपके पूज्य तो पर्व० प्र० पृ. १४६ पंक्ति १७ वीमें लिखते है कि-"तेमां शास्त्रसिद्धान्तने मलतो शुद्धसमाचारीदर्शक उल्लेख छे, तेज मानी लो" एसा लिखकर आपके गुरूतो इस पत्रकको शास्त्रानुसार कहते है ! गुरू और भक्तमें इतना विरोध क्यों ? इससे यह बात तो स्पष्ट हो गई कि—आणसूर गच्छवालेभी साथ आइ हुइ पर्वतिथिमें से उत्तरपर्वतिथिके क्षयके वक्त एक पर्वतिथिका लोप तो नहीं ही करते है. ये पत्रकार भी पूर्णिमा क्षय और वृद्धिके वक्त उदयवाली त्रयोदशीका क्षय और वृद्धि नहीं करते है. यह तो उनकी भूल ही है, और उसके बदल उदयवाली प्रतिपदाका क्षय और वृद्धि करते है यहभी उनकी भूल ही है; लेकिन पर्वतिथि क्षयके बदल अपर्वतिथिका क्षय और वृद्धिके बदल अपर्वतिथिकी वृद्धिको तो कायम ही रखते है. (यही बात आपके गुरुजी अब उलेटते है) औरभी सुनिये!

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

ये लोगभी चौमासी संबंधि पूर्णिमाकें क्षयमें तो त्रयोदशीहीका क्षय करते है, और वृद्धिमेंभी त्रयोदशी हीकी वृद्धि करते हैं. पूर्णिमाकी क्षयवृद्धिकें वक्त एकमकी क्षयवृद्धिके मुआफिक तीन चौमासी संबंधि पूर्णिमाकी क्षयवृद्धिके वक्ततो त्रयोदशीकी ही क्षयवृद्धिका 'उन पत्रकवालोंका' पाठ जं० वि० ने यहां क्यों नहीं प्रगट किया? करेभी कैसे? करे तो तुमारे गुरूजीका भेलसेलिया मत चलेभी कैसे? अब आगेको सुनिये! "विस्मृतौ प्रतिपद्यपि" भूल जाय तो एकममें भी करे, ऐसाही हीरप्रश्नका पाठ है, नकि-"पूर्णिमायास्तपः प्रतिपदि" ऐसा. देवसूरवाले उस वादिको कहते है कि-"त्रयोदशीचतुर्दश्योः" यह पाठमें द्विवचनात्मक प्रयोग है और "त्रयोदश्यां प्रतिपदि" ये दोनो प्रयोग एकवचनात्मक हैं; इनका भी कुछ ख्याल करना चाहिये. उन पत्रकारको ऐसा हितोपदेश करनेवाले देवसूरवालोंको 'वैयाकरणपास' ऐसा कहकर वे पत्रकवाले गाली देते है. (जैसे कि जं० वि० ने भी वायड़ा कहकर गाली दी है) नकि-वैयाकरणके कानुनसे अर्थ करते है! (जैसे जं० वि०) ऐसा होने परभी इस पत्रकसे हमारी बातको तो पुष्टिही मिलती है. जैसे कि-इस लिखनेके पहलेसेही जैनसमाजमें चतुर्दशी पूर्णिमाके क्षयमें त्रयोदशीका क्षय हीं होता है, यहतो निर्विवाद ही सिद्ध हो चुका है. नहिं तो वह पत्रकार ऐसी आपत्ति क्यों देता? व आपके गुरूदेव 'पर्वतिथिके क्षयवृद्धिके वक्त पूर्व और पूर्वतर अपर्वतिथिकाही क्षयवृद्धि करनेका प्राचीन रीवाजको' जो चालीस

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

पचास वर्षका रवैया कहते थे, वहतो निर्मूल ही रहा न ? और भी जं० वि०के झुठेपनको दिखाता हूं. पर्युषणाके अट्ठम (तेला) और भाद्रपद शुक्लापंचमीके उपवास संबंधि श्रीहीरप्रश्नमें दो पाठ ऐसे है कि-प्रश्नः—'येन शुक्लपंचमी उच्चरिता भवति स यदि पर्युषणायां द्वितीयातोऽष्टमं करोति तदापंचम्यामेकासनकं करोति उत यथा रुच्येति ॥ उत्तरं—येन शुक्लपंचमी उच्चरिता भवति तेन मुख्यवृत्त्या तृतीयातोऽष्टमः कार्यः, अथ कदाचित् द्वितियातः करोति तदा पंचम्यामेकासनकरणप्रतिबन्धो नास्ति, करोति तदा भव्यमिति'' औरभी देखिये ''प्रश्नः—पर्युषणोपवासः पंचमी मध्ये गण्यते न वा ? । उत्तरं—पर्युषणोपवासः-षष्ठकरणसामर्थ्याभावे पंचमी मध्ये गण्यते,'' नान्यथा !

अर्थः-जिसने शुक्लपंचमी उचरी हो वह यदि पर्युषणा पर्वके अंदर दूजसे अट्ठम (तेला) करे तो उसको पंचमीके दिन एकासन करना चाहिये या नहीं ? इसका उत्तर. जिसने पंचमी उचरी हो उसने मुख्यवृत्तिसे तो तीजसेही अट्ठम करना चाहिये. कदाचित दूजसे किया होवे तो पंचमीको एकासन करनेका प्रतिबंध नहीं है। यदि एकाशन करे तो अच्छा. प्रश्न-दूसरा अर्थः-पर्युषणा (संवत्सरी) का उपवास पंचमीके अंदर गिना जाता है या नहीं ? उत्तर—पर्युषणाका उपवास छट्ठ (बेला) करनेकी शक्ति नहीं होवे तो पंचमीमें गिना जाता है, अन्यथा नहीं. यहांपर जं० वि० पर्वतिथि० पृ. ७७ पंक्ति ८ में लिखते है कि-'आ पाठोथी समजी जाओ. स्वतंत्र पंचमीनो तप पण

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

जो उपरोक्त रीते संवत्सरीना तप भेगो आवी शके छे, तो क्षीणपंचमीनो तप तेनी पूर्वतिथिना तपमां–अर्थात् संवत्सरीना उपवासमां शास्त्रकार महाराजने समावीज देवो पड़े, ए निर्विं-वाद् वात छे.' देखा साहब ! कितना अन्याय ? शास्त्रकारतो खुद फरमाते है कि–'मुख्यतया तीजसेही अट्ठम करना चाहिये. कदाचित् दूजसे किया होवे तो एकाशनका प्रतिबंध नहिं' इन 'मुख्य' और 'कदाचित' शब्दकी और दुसरे प्रश्नके उत्तर-मेंभी 'षष्ठकरणसामर्थ्याऽभावे. और 'नान्यथा' इन शब्दोकी तो जं० वि० को कुछ किम्मत ही नहीं है न ? जिससे लिख दिया कि–" स्वतंत्र पंचमीनो तप पण जो उपरोक्त रीते संव-त्सरीना तप भेगो आवी शके छे तो क्षीणपंचमीनो तप तेनी पूर्वतिथिना तपमां अर्थात् संवत्सरीना उपवासमां शास्त्रकार महाराजने समावीज देवो पडे ?" उस पाठोके अंदर यह वस्तु है क्या ? यदि किसी आसामीने दिवाला निकाले और उससे लेनदारोंने रूपेका एकआना लेकर हुंडीयोपर चुकते रूपे पानेकी भरपाई कर दी, तो क्या अब उन शाहुकार लोगोंने—'कि जिनोंके लखों रूपेकी हुंडीये अन्यलोगोंकी हो'–उन सब लो-गोंसे रूपेका एकआना लेकर चुकते रूपेकी भरपाई कर देना ? और उन हुंडीयोंवालोंने भी रूपेका एक आना ही चुकाना क्या ? (बीचहीमें.)

इन्द्र०–तो क्या यह पाठ दीवालीयोंके लिये है क्या ?

वकी०–बेशक ! अर्थात् अट्ठम करनेमें गाफलत और

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

छट्ठकी शक्ति न होतो संवत्सरीके उपवासमें गिने हुवे दोनों पाठोके अंदर 'मुख्यतया–कदाचित्–षष्ठकरणसामर्थ्याभावे और नान्यथा' वगैरह शब्दसे यही जाहिर होता हैं कि–'जैसे शक्ति नहीं होनेवाला ही रूपेका रूपा नहीं देते हुए न्युन देता हैं और शक्तिवाला तो रूपेका रूपा देता हैं और हुंडीकी मुदतके दिन ही चुकाता है, ऐसे ही बिना शक्तिवाले लोग पंचमीका उपवास चतुर्थीमें चुका सकते है अन्यथा नहिं.' शास्त्रकारने जो कहा है वहतो कमजोर शक्तिरहितोंके लिये ही कहा हैं. नकि हमारे तुमारे जैसोंके लिये' यह बात अबतो समझमें आई न ? ज्यादे क्या कहुं, इन्द्रमलजी ! इस पुस्तकमें जं० वि० ने कितनाही शास्त्रविरुद्ध व अपना मनमाना लिखदिया है ! अब आप दूसरी बात तो जाने दीजिये, परंतु इसी पुस्तकके संबंधमें कुछ ही दिन पहले पालीताणामें श्रीमान् हंससागरजी महाराजने जं० वि० को कहा था की तुमारी यह पुस्तक झूठी है और इसका झूठापन साबीत करनेको मैं तैयार हुं, तब भी वे जं० वि० वहां टाइम टुला करके पलायन ही कर गये ! ! !

इन्द्र०–पालीताणेकी बातको तो आप जाने ही दीजिये. वहांतो खुद सागरजी महाराज भी श्रीमान् जं० वि० मा० के साथ चर्चा नहीं कर सके ! तबही छ कोशकी प्रदिक्षणाके दिन आदपुरमें उन्होने हंससागरजी द्वारा धांधल करवाई थी.

वकी०–उसवक्त वहांपर आप हाजीरथे, कि किसी हाजरीवालेके मुहसे सुनी हुइ यह बात कहते हो ?

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

इन्द्र०-मैं हाजीर तो नहीं था लेकिन वीरशासनमें ऐसा पढ़ाथा.

वकी०-वीरशासनमें आया उसको ही आपने सच्चा मान लिया क्या? आपकी बुद्धिको भी धन्य है! यह आपके पास जुहारमलजी बैठे है, इन्हीको पुछ देखिये कि—क्या बनाव बनाथा? (जुहारमलजीके सामने देखकर) कहीये साहब! आप तो वहां हाजीरही थे न? सच्ची हकीकत क्या है?

जुहा०-जी हां. मैं हाजीर तो था परंतु इतना ही जानाता हुं कि-मुनिमाहाराजोंके तंबुमें होहा खूब ही हुआ लेकिन मुझे पता नहीं कि-मामला क्या है? हां वापीस लोटते वक्त रास्ते में कितनीक गुजराती ओरतें ऐसा बोलती थी की बाराकोशके संघमें जं० वि० बोले, इसीसे यहांपर सागरजीवाले बोले. इसके अलावा मैं कुछ नहीं जानता. आपको यदि सच्ची हकीकत जानना होतो आप सहस्रमलजीको बुलवाईये. वे सबही बात आपको सविस्तर सुनावेंगे. उनको चर्चा संबंधि शोख भी है; वास्ते उन्हीको बुलवाईये.

वकी०-सहस्रमलजीका मुकाम कहां है?

वृद्धि०-पड़ोसवाले मकानहीमें है! आप कहें तो बुलवाउँ.

वकी०-हां बुलवाईये. (वृद्धिचंदजी अपने भाई जयमलजीको भेजकर सहस्रमलजीको बुलवातें हैं. सहस्रमलजी भी जयमलजीसे चर्चाका प्रसंग सुनकर हातमें कितनेक कागजात लेकर (आते है.)

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

वकी०-(सहस्रमलजीसे) आईये ! आईये !! आज तो आपको तकलीफ दी है !!!

सहस्र०-कुछ हर्ज नहीं! आपकी दी हुई तकलीफ को मैं तो अपना अहोभाग्य समझता हुं! कहिये क्या हुक्म होता है?

वकी०-आप अपने हाथमें ये कागजात कोनसे लाये है?

सहस्र०-आपके यहां चलती हुई चर्चासे संबंध रखनेवाले ही है !

वकी०-अच्छा, पहिले तो आप पालीताणेमें तिथिचर्चा संबंधि जंबुविजयजी और श्रीसागरजी माहाराजके बिचमें क्या बनाव बनाथा उसे कह सुनाईये ?

सह०-अच्छा सुनिये! जैनशास्त्रानुसार पर्वतिथिकी हानिवृद्धि नहीं होती, यह बात जाहेर होते हुए रामविजयजीने क्षयवृद्धिका नया मत निकाला यहभी जगजाहेर ही है. और इसकी चर्चा संवत् तानवे चौरानवेमें (मत निकला उसीवक्त) खूब ही हो गई. उस वक्त प्रेसपोस्टवालोंका बाजारभी खूब ही गरम हुआथा, लेकिन नतिजा कुछ भी नहीं! संवत् १९९५के माह फाल्गुनमें जं० वि० पालीताना आये, उस अर्सेमें आचार्यमाहाराज श्रीसागरानंदसूरीश्वरजीने आंखका ओपरेशन करवाया था. उसवक्त लिखनेपढ़नेका काम बंद ही रहता है और डाकटर लोगभी कितनी ही मुदतके लिये मुमानियत करते है. इतनेमें अमदावादमें शेठ मोहनलाल छोटालाल के यहां उद्यापन होनेसे उन्होने आचार्यमाहाराजको अत्यंत आग्रहपूर्वक

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

विनंति की. सबब आचार्यमाहाराज अहमदावाद पधारे, और कार्यवशात् चातुर्मासभी वहां पर हुआ ! पीछेसे पालीताणेमें जं० वि० लोगोंको ऐसा कहने लगे कि-मेरे आने बाद सागरजी दो दो महीने तक यहां रहे तोभी कुछ बोले नहीं. बोले कहांसे? सच्चे होवे तो बोले न ? ये समाचार भावनगरमें रहे हुए मुनि श्रीहंससागरजीने सुने, लेकिन वक्त विनाका बोलना अयोग्य है, ऐसा शोचकर मौन रहे. बाद सं. १९९६ माघ (गुजराती) पोष) कृष्ण ११को श्रीमान् आचार्यमाहाराजने ३५ साधुओंके साथ फिर पालीतानेमें प्रवेश किया ! उस वक्त झुठप्रचारक-जं० वि० भी पालीताणा ही हैं, ऐसा सुनकर माघशुक्ला अष्टमीके रोज मुनि श्रीहंससागरजी माहाराजभी शिहोरसे पालीताना आये और एक चिट्ठी उसी ही रोजको जं० वि० के पास उन्होने चर्चाके लीये भेजी ! उस चिट्ठीका जं० वि० ने जब कुछभी जवाब दिया नहीं, तब माघशुक्ल १२ को एक श्रावकने उस चिट्ठीके पत्रिका छपवाकर जाहिर की; और जं० वि० को भी पहुचाई. वह पत्रिका मेरे पास मोजुद है. उसे मैं पढ़कर सुनाता हूं (पत्रिका निकालकर सहस्रमलजी पढते है.)

श्रीसंघने चेतवणी

अत्र लोकवायकाथी एम सांभलवामां आव्युं छे के-रामटोलीमांथी एक महाशये श्रीतत्त्वतरंगिणीनुं भाषांतर बहार पड़ाव्युं हतुं. ते बहार पडावनार महाशये तेमां अभिप्रायपूर्वकनां अनेक जुठाणां अने शास्त्रविरुद्ध लेखो लख्या छे एम माहाराज हंस-

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

सागरजीने लाग्युं अने तेथी तेओए माहाराज जं० वि० के–'जेओ तत्त्वतरंगिणीनुं भाषांतर करीने बहार पडावनार छे, तेओनी' उपर एक चिट्ठी ते जुट्ठाणुं साबीत करवा जवा माटे मुदत मांगवानी मोकली छे. आवुं सांभली अमोए तपास करी तो ते वात अमने सत्य मालुम पडी. अने तेथी अमोए तेनी नकल मेलववा प्रयत्न कर्यो महेनतेथी मेलवेल नकल नीचे प्रमाणे छे.

पालीताणा माह सुद ८

माहाराज आत्मारामजीना समुदायना आचार्य प्रेमविजयजीना शिष्य उपा० जंबुविजयजी योग्य. उचित वंदनपूर्वक जणाववानुं के हुं शिहोरथी आव्यो छुं. श्रीकर्मप्रकृति अने पंचसंग्रहनी प्रस्तावना तथा प्रश्नोत्तरना बीजा भागनी टीप्पणीमां अभिप्रायपूर्वक जुठ्ठुं अने शास्त्रविरुद्ध तमारूं लखाण छे, तेने साबीत करवानुं तमो बीजो वखत आपो ते उपर राखी हालमां श्रीचतुर्विध श्रीसंघनी आराधनीय तिथिनी बाबतमां तमोए श्रीतत्त्वतरंगिणीना अर्थमां अभिप्रायपूर्वक मृषावाद अने शास्त्रविरुद्ध लख्युं छे तेने साबीत करवा तमारी पासे आववुं छे; माटे एक बे दिवसमां वखत आपशो. लि. हंससागर

हजी सुधी उपरनी चिठ्ठीथी मांगवामां आवेल मुदत माहाराज जंबुविजयजी तरफथी आपवामां आवी होय एम जणातुं नथी. अमारी इच्छा ए तो जरूर रहे छे के–पालीताणा स्थानमां बे टोलीमां परस्पर विभागथी चार टोली न थाय माटे

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

आ तिथि संबंधि निर्णय थवानी आवश्यकता हती अने अमारी आ धारणामां अत्रेनो श्रीसकलचतुर्विध संघ सामेलज छे.

ता. २०–२–४० लहेरुभाई मोतीलाल

इस पत्रिकाके जाहिर होते हुएभी जं० वि० ने कुछ जवाब तो दिया नहीं, लेकिन पालीतानासे माघशुक्ल १३ को कुच मनालि !!! घेटी, कदंबगिरि, जेसर आदि गांवोंमें फिर फिर गारीयाधार पहोंचे ! इतनेमें वीरशासनमें दो अमावास्या बाबत एक खोटा लेख श्रीसिद्धिसूरिके नामसे 'सुननेमें आया है कि उन्होने छपवाया सो' प्रगट हुआ ! इतनाही नहीं किंतु जनताको और भ्रममें डालनेके लिये उस लेखके हजारो हेन्डबील भी छपवाये ! उस लेखमें ऐसाभी जुठ छपवाया कि—"श्रीसागरानंदसूरिजी महाराज पण पहेला बे अमावस आदि मानता हता" कितना अन्याय ! कितना झूठ ? आचार्य महाराजके लिखानके पूर्वापरके संबंधको छोड़कर बिचमें आये हुए अनुकुल शब्दोकों लेकर ही एसा झुठ लिखने लिखानेवालोंने महाव्रत ग्रहण करते वक्त शायद झूठ बोलना बुलवाना, झूठ लिखना लिखवाना आदिकी जगह रखी होगा, ऐसा विचार श्रीहंससागरजीको जं० वि० के झुठ प्रचारसें आनेपर श्रीहंससागरजीने जो एक पत्रिका छपवाकर जाहिर की, उसकोभी मैं पढ़कर सुनाता हूं. (पढ़ते हैं)

Shree Sudharmaswami Gyanbhandar-Umara, Surat www.umaragyanbhandar.com

आराधनामां पर्वतिथिनो क्षय अने वृद्धि माननाराओने विनंति.

टिप्पणामां ज्यारे बीज आदि पर्वतिथिनो क्षय होय छे त्यारे धर्माराधनमां शास्त्र अने परंपराने अनुसरनारा पूर्वनी पड़वा आदि अपर्वतिथिनो क्षय करे छे तथा ज्यारे बीज आदि पर्वतिथिनी टीप्पनामां वृद्धि होय छे त्यारे तेनाथी पहेलानी पडवा आदिनीज वृद्धि शास्त्र अने परंपराने अनुसरनारा करे छे. तेमज वली पूर्णिमाके अमावास्या जेवी पर्वनी अनंतर आवती पर्वतिथिना क्षय के वृद्धि होय छे त्यारे शास्त्र अने परंपराने अनुसरनारा, पूर्वनी पर्वतिथि चौदश आदि करतां पण पहेलांनी तेरस आदि अपर्वतिथिना क्षय अने वृद्धि करीने आराधना करे छे. आ शास्त्र अने परंपरा सिद्धमार्ग लोपीने जे कोई हालमां आराधनामां पण तिथिना क्षयवृद्धि मानवा मनाववा सज्ज थया छे तेओ सदंतर जुठाज छे. एम अमो बापोकार करीए छीए. अने सत्यने समजवानी कोइपण आचार्य उपाध्याय के पंन्यासजीने इच्छाज होय तो जुठी हेन्डबीलबाजीद्वारा लोकोने भ्रममां पाडता बंध थइने बाबु पन्नालालजीनी धर्मशालामां शास्त्रार्थ करवा पधारवा विनंति छे. अत्रे पालीताणामां एवी जुठी मान्यतावाला ना. उ. जंबुविजयजीने म्हें महा सुदी ८ ना दिने एक पत्र मोकलावीने तिथिनो निर्णय करवा संबंधी टाइम माग्योज होवा छतां जवाब आप्या विना

